CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : $29^{0}$ C
न्यूनतम : $15^{0}$ C

देहरादून, शनिवार 7 मार्च 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 208 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 17 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



लंबे युद्धों के लिए मजबूत रक्षा औद्योगिक क्षमता जरूरीः एडमिरल त्रिपाठी पेज 2



विश्वकप फाइनल में खेलना, मेरे बेहतरीन पलों में एकः संजू सैमसन खेल टाइम्स



न्याय की कछुआ चाल और बढ़ते महिला अपराध सम्पादकीय



लंबी जंग लड़ने के लिए ईरान पूरी तरह तैयारः आईआरजीसी पेज 12

## 17वां रोज़ा

### आखिरत की फिक्र और अल्लाह का जिक्र है रोज़ा



मगफिरत के अशरे के आईने में देखें तो सत्रहवां रोज़ा आखिरत की फिक्र है, अल्लाह का ज़िक्र है। इस बात को इस तरह समझना होगा-किसी भी शख्स के सामने मोटे तौर पर दो ही तरह से फिक्र होती है, दुनियावी और दीनी। दुनियादारी के दलदल से निकलकर दीनदारी के जरिये ही दरअसल आखिरत की फिक्र है। आखिरत की फिक्र असल में मगफिरत की फिक्र है, रोज़ा जिसका रूहानी रास्ता है। सत्रहवां रोज़ा चूंकि रमज़ान माह के मगफिरत के अशरे का हिस्सा है, इसलिए आखिरत की फिक्र के साथ-साथ मगफिरत की मंजिल पर पहुंचने के लिए अल्लाह के ज़िक्र में रोज़ेदार को मशगूल रखने का सिलसिला भी है।




### अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक शेषनाथ पांडेय बर्खास्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने गंभीर वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोप सिद्ध होने पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक शेषनाथ पांडेय को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। साथ ही उन्हें भविष्य में किसी भी सरकारी सेवा के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार जांच अधिकारी की रिपोर्ट, अभिलेखीय साक्ष्य, संबंधित अधिकारी के स्पष्टीकरण और लोक सेवा आयोग की सहमति के बाद यह कठोर कार्रवाई की गई। पांडेय पर लगाए गए 15 आरोपों में से 14 आरोप जांच में सिद्ध पाए गए। जांच में सामने आया कि उन्होंने वित्तीय अनियमितताएं, कदाचार, तथ्यों को छिपाने, न्यायिक आदेशों की अनदेखी और नियमों के विरुद्ध आदेश पारित कर अनुचित लाभ पहुंचाने जैसे गंभीर कृत्य किए। इसे उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (आचरण) नियमावली, 1956 का स्पष्ट उल्लंघन माना गया है। आरोप है कि एक मदरसे में पहले से सेवा समाप्त किए जा चुके व्यक्ति के लिए बिना वैध पुनर्नियुक्ति आदेश के वित्तीय अनुमोदन बहाल कर वेतन भुगतान का आदेश दिया गया।

# UPSC 2025 का अंतिम परिणाम घोषित

## अनुज अग्निहोत्री बने टॉपर, दूसरे स्थान पर राजेश्वरी सुवे एम. व तीसरा स्थान अकांश ढुल ने हासिल किया

शाह टाइम्स ब्यूरो



अनुज अग्निहोत्री



राजेश्वरी सुवे एम.



अकांश ढुल

■ विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए कुल 958 अभ्यर्थियों की अनुशंसा की गई

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) 2025 का अंतिम परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया। इस वर्ष विभिन्न अखिल भारतीय और केंद्रीय सेवाओं में नियुक्ति के लिए कुल 958 उम्मीदवारों की सिफारिश की गई है जिनमें 659 पुरुष और 299 महिलाएं शामिल हैं।

यूपीएससी के अनुसार सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 25 मई 2025 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के लिए 9,37,876 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5,76,793 उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए। इसके बाद अगस्त 2025 में आयोजित लिखित (मुख्य) परीक्षा में बैठने के लिए 14,161 उम्मीदवारों ने योग्यता प्राप्त की। मुख्य परीक्षा के बाद 2,736 उम्मीदवारों को व्यक्तित्व परीक्षण (इंटरव्यू) के लिए बुलाया गया था। अंतिम परिणाम के आधार पर विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए कुल 958 अभ्यर्थियों की अनुशंसा की गई है। इस वर्ष की परीक्षा में अनुज अग्निहोत्री ने पहला स्थान हासिल किया है। उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर

### शामली की आस्था जैन ने हासिल की नौवीं रैंक

**शामली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणामों ने शामली जनपद का नाम रोशन किया है।

शहर की होनहार बेटी आस्था जैन ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में ऑल इंडिया नौवीं रैंक प्राप्त कर नया इतिहास रचा है। आस्था की इस असाधारण उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जनपद को गौरवान्वित किया है। आस्था जैन का बचपन से ही मेधावी छात्रा के रूप में एक उज्ज्वल भविष्य रहा है। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा शहर के प्रतिष्ठित स्कॉटिश स्कूल से प्राप्त की। वर्ष 2018-19 में उन्होंने सीबीएसई कक्षा 12वीं की परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर चौथा स्थान हासिल कर अपनी शैक्षणिक क्षमता का लोहा मनवाया था। आस्था जैन ने अपनी यूपीएससी की तैयारी के लिए किसी भी कोचिंग संस्थान का सहारा नहीं लिया। उन्होंने स्वयं अध्ययन और दृढ़ संकल्प के बल पर इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया।



### सिर्फ व्हाट्सएप चैट से तलाक नहीं: बॉम्बे हाईकोर्ट

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि बिना सबूत सिर्फ व्हाट्सएप चैट के आधार पर तलाक का आदेश नहीं दिया जा सकता। जस्टिस भारती डांगरे और जस्टिस मंजुषा देशपांडे की बेंच ने महिला की फैमिली कोर्ट अपील पर सुनवाई में यह बात कही। बेंच ने कहा कि हिंदू मैरिज एक्ट, 1955 की धारा 13(1)(आई-ए) के तहत क्रूरता के आरोप कानूनी तौर पर मंजूर सबूतों से साबित होने चाहिए, जिस सामग्री पर भरोसा किया गया, विरोधी पक्ष को उसका खंडन करने का मौका मिलना चाहिए। महिला ने फैमिली कोर्ट के 27 मई 2025 के एकतरफा फैसले और आदेश को चुनौती दी थी।

# ईरान का अमेरिका की 'आंख' पर हमला

## लगभग 1.1 अरब डॉलर की लागत का 5000 किमी रेंज वाला वॉर्निंग सिस्टम किया तबाह

दोहा, वार्ता



■ कम लागत वाले शाहेद ड्रोन से उड़ाया
■ सैटेलाइट तस्वीरों से पुष्टि व हमले के तरीके का खुलासा

**पश्चिम एशिया** में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने एक ऐसा हमला किया है, जिसे अमेरिका के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार ईरान ने कतर में स्थित अमेरिका के एक प्रमुख मिसाइल वार्निंग रडार सिस्टम को निशाना बनाया है, जिसकी रेंज 5000 किलोमीटर बताई जा रही है।

इस हमले को अमेरिका के लिए बड़ा नुकसान करार दिया जा रहा है। यह खबर ऐसे वक्त पर सामने आई है, जब अमेरिका ने हिंद महासागर में एक ईरानी पोत को डूबो दिया, जिसमें 80 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर है। ईरानी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) द्वारा किए गए इस हमले ने कतर में तैनात अमेरिकी सेना की मिसाइल चेतावनी प्रणाली को क्षतिग्रस्त कर दिया है। इस प्रणाली को क्षेत्र में अमेरिका की आंख के रूप में देखा जाता था और यह अमेरिकी मिसाइल रक्षा नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थी। लगभग 1.1 अरब डॉलर की लागत वाला यह रडार सिस्टम, संभावित मिसाइल हमलों का समय रहते पता लगाने की अमेरिका की क्षमता को कमजोर कर सकता है। अंतरिक्ष से ली गई सैटेलाइट तस्वीरों ने अमेरिकी सैन्य ढांचे को हुए नुकसान की पुष्टि की है। प्लैनेट लैब्स द्वारा जारी इन तस्वीरों में अमेरिकी स्पेस फोर्स के एएन/एफपीएस-132 (ब्लॉक 5) बैलिस्टिक मिसाइल अर्ली वार्निंग रडार सिस्टम के आसपास क्षति और आग बुझाने की गतिविधियां दिखाई दी हैं। यह मध्य पूर्व में अमेरिकी सेना द्वारा संचालित सबसे बड़ा मिसाइल चेतावनी रडार माना जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह हमला संभवत: कम लागत वाले हमलावर ड्रोन, शायद शाहेद जैसे से किया गया होगा। मिसाइलों और ड्रोन के एक साथ बड़े हमले के दौरान, यह ड्रोन रक्षा तंत्र को भेदने में सफल रहा। यह रडार सिस्टम अमेरिकी रक्षा कंपनी रेथियान द्वारा अपग्रेडेड अर्ली वार्निंग रडार (यूईडब्ल्यूआर) कार्यक्रम के तहत विकसित किया गया था। इसकी 5000 किलोमीटर तक की दूरी पर बैलिस्टिक मिसाइलों और अन्य हवाई खतरों को ट्रैक करने की क्षमता इसे अत्यंत महत्वपूर्ण बनाती है। पूरे मध्य पूर्व क्षेत्र में मिसाइल लॉन्च का शुरुआती अलर्ट देने में यह प्रणाली महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कतर में इसकी रणनीतिक स्थिति के कारण, यह ईरान, इराक, सीरिया, तुर्किये, मध्य एशिया के कुछ हिस्सों और हिंद महासागर तक की निगरानी कर सकता था।

### जंग से इजरायल को हर हफ्ते अरबों डॉलर का नुकसान

**यरूशलम।** ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण इजरायल की अर्थव्यवस्था को हर सप्ताह भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

इजरायल के वित्त मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि मौजूदा प्रतिबंधों के कारण देश की अर्थव्यवस्था को हर हफ्ते लगभग 9.4 अरब शेकेल (करीब 3 अरब डॉलर) का नुकसान हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, वित्त मंत्रालय के महानिदेशक इलान रोम ने होम फ्रंट कमांड के प्रमुख मेजर जनरल शाई क्लैपर को पत्र लिखकर आर्थिक गतिविधियों पर लगे कड़े प्रतिबंधों में ढील देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भी अर्थव्यवस्था को पूरी तरह बंद रखना बेहद महंगा साबित हो रहा है। पिछले ढाई वर्षों से सुरक्षा जरूरतों और युद्ध के असर के कारण देश की अर्थव्यवस्था पर पहले ही भारी बोझ पड़ा है। ऐसे में अब ऐसा समाधान तलाशना जरूरी है, जिससे सुरक्षा और आर्थिक गतिविधियों दोनों का संतुलन बना रहे। दरअसल, पिछले सप्ताह शनिवार को इजरायल व अमेरिका की ओर से ईरान पर किए गए हमले के बाद इजरायली रक्षा बलों के होम फ्रंट कमांड ने पूरे देश में सख्त दिशानिर्देश लागू कर दिए थे। इसके तहत सभी तरह की सार्वजनिक सभाओं, शैक्षणिक गतिविधियों और गैर-जरूरी कार्यस्थलों को बंद करने का आदेश दिया गया था।

### ईरान ने 22वीं बार इजरायल पर दागीं मिसाइलें

■ कुवैत में अमेरिकी मिलिट्री बेस पर भी हमला, सुसाइड ड्रोन से निशाना बनाया

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका- इजरायल और ईरान जंग का शुक्रवार को सातवां दिन था। ईरान ने इजरायल के खिलाफ मिसाइलों की 22वीं खेप दागी है। साथ ही कुवैत में मौजूद अमेरिकी सैन्य बेस को सुसाइड ड्रोन से निशाना बनाकर हमला करने का दावा किया है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 की 22वीं लहर के तहत इजरायल के कब्जे वाले क्षेत्रों के अंदरूनी हिस्सों को निशाना बनाया गया। इस दौरान खोर्रमशहर-4, खैबर और फत्ताह जैसी उन्नत मिसाइलें दागी गईं। दूसरी ओर ईरानी सेना ने कहा कि उसके जमीनी बलों ने कुवैत में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर बड़े पैमाने पर सुसाइड ड्रोन से हमला किया। ईरानी सरकारी टीवी के मुताबिक कई विनाशकारी ड्रोन अमेरिकी बेस की ओर भेजे गए। ईरानी सेना ने कहा कि आने वाले समय में भी ऐसे हमले जारी रहेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ईरान ने गुरुवार रात को इजरायल के खिलाफ कलस्टर बमों का इस्तेमाल किया है।

# अमेरिका ने भारत को रूस से तेल खरीद में दी अस्थायी छूट




■ प्रतिबंधों में ढील 30 दिन तक समुद्र में तेल वाहक जहाजों में पहले से लदे तेल के लिए ही सीमित

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिकी ट्रंप प्रशासन ने विशेष रूप से भारत के लिए अपने प्रतिबंधों में ढील देते हुए उसे 30 दिन तक रूस से कच्चा तेल और पेट्रोलियम उत्पाद खरीदने की छूट दी है, हालांकि यह छूट समुद्र में तेल वाहक जहाजों में पहले से लदे तेल के लिए ही है।

अमेरिका ने किसी भी देश के रूस से कच्चा तेल और दूसरे पेट्रोलियम उत्पाद खरीदने पर एकतरफा प्रतिबंध लगाया हुआ है। उसका कहना था कि रूस कच्चे तेल की बिक्री से प्राप्त पैसे का इस्तेमाल यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के वित्त पोषण के लिए कर रहा है। यहां तक कि रूस से कच्चे तेल की खरीद जारी रखने के लिए उसने अगस्त 2025 में भारत पर 25 प्रतिशत का दंडात्मक आयात शुल्क भी लगाया था, जिसे इस साल फरवरी के पहले सप्ताह में हटा लिया गया था। उस समय अमेरिका ने कहा था कि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया है, हालांकि भारत सरकार ने अमेरिका के इस दावे को कभी स्वीकार नहीं किया और कहा कि भारत अपने हितों के अनुरूप तेल की खरीद जारी रखेगा। अमेरिका ने पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच भारत को 30 दिन के लिए विशेष छूट देने की घोषणा की और कहा कि इसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर ऊर्जा की आपूर्ति बाधित करने के ईरान के प्रयासों को विफल करना है। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वित्त विभाग ने भारतीय तेल रिफाइनरियों को 30 दिन के लिए (4 अप्रैल तक) रूस से कच्चा तेल खरीदने की छूट दे रहा है। उन्होंने लिखा कि सोझ-समझकर दी गई इस कुछ दिन की छूट से रूस की सरकार को बहुत ज्यादा वित्तीय लाभ नहीं होगा, क्योंकि यह सिर्फ समुद्र में फंसे (तेल वाहक जहाजों में लदे) तेल की खरीद के लिए है।

# कर्नाटक में बच्चों के सोशल मीडिया यूज पर लगेगा बैन




■ ऐसा निर्णय लेने वाला देश का पहला राज्य, पैरेंट्स की परमिशन जरूरी, आंध्र में भी तैयारी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने शुक्रवार को 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगाने का ऐलान किया। कर्नाटक ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य है।

सीएम सिद्धारमैया ने बजट भाषण के दौरान कहा कि बच्चों में मोबाइल और सोशल मीडिया का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, जिससे उन पर गलत असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस बैन को किस तरह लागू किया जाएगा, इसकी तैयारी चल रही है और जल्द ही नियम बनाए जाएंगे। वहीं आंध्र प्रदेश सरकार भी 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगाने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को विधानसभा में इसकी जानकारी दी। सिद्धारमैया ने कहा कि स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय बच्चों के स्वास्थ्य, उनके व्यक्तित्व और उनके भविष्य को बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सरकार शैक्षणिक संस्थानों में नशे की समस्या को रोकने के लिए कदम उठाएगी। इसके लिए स्कूल और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। साथ ही सख्त नियम लागू किए जाएंगे, ताकि छात्र नशे से दूर रहें। छात्रों की मदद के लिए सहायता और काउंसलिंग केंद्र भी बनाए जाएंगे, जहां वे अपनी समस्याएं खुलकर बता सकें। 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन का प्रस्ताव डेटा सुरक्षा कानून डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023 (डीपीडीपी) और पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन रूल्स 2025 से भी जुड़ा है। इसके तहत बच्चों को अकाउंट बनाने से पहले माता-पिता की अनुमति और उम्र का वैरिफिकेशन जरूरी होगा। इसके लिए सरकारी पहचान प्रणाली या डिजिटल लॉकर का उपयोग किया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने नवम्बर 2024 में 'ऑनलाइन सेफ्टी अमेंडमेंट बिल' पास किया था। इस कानून का मकसद बच्चों को ऑनलाइन हानिकारक कंटेंट और साइबर जोखिमों से बचाना है। इसमें 16 साल से कम उम्र के बच्चों को ज्पाज्वा, एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचौट, यूट्यूब जैसी बड़ी सोशल मीडिया साइटों से दूर रखने का प्रावधान है। इन प्लेटफॉर्म्स को नाबालिगों के अकाउंट हटाने और उम्र की सख्त जांच (एज वेरिफिकेशन) करने की जिम्मेदारी दी गई है, हालांकि इस कानून को लेकर वहां अभिव्यक्ति की आजादी और डिजिटल अधिकारों पर बहस भी चल रही है।

# सुखोई विमान दुर्घटना में दोनों पायलटों की मौत

■ स्क्वाड्रन लीडर अनुज व फ्लाइट लेफ्टिनेंट प्रवेश दुर्गाकर हुए हादसे का शिकार

**नई दिल्ली।** वायुसेना का लड़ाकू विमान सुखोई 30 गुरुवार को असम के कार्बी आंगलोंग इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और इसमें सवार दोनों पायलटों की मौत हो गई है। वायुसेना के प्रवक्ता ने शुक्रवार सुबह विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि करते हुए बताया कि दुर्घटना में विमान के दोनों पायलटों स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट प्रवेश दुर्गाकर की मौत हो गई है। प्रवक्ता ने कहा कि वायुसेना दुख और संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के प्रति शोक और संवेदना व्यक्त करती है। दुर्घटना जोरहाट से 60 किमी दूर हुई। दुर्घटना के तुरंत बाद से वायुसेना की ओर से व्यापक बचाव अभियान चलाया जा रहा है। इससे पहले वायुसेना ने बताया था कि एक सुखोई विमान के निर्धारित समय पर वापस नहीं आने पर खोज और बचाव अभियान शुरू किया गया था। प्रवक्ता ने कहा था कि एक सुखोई लड़ाकू विमान के निर्धारित समय पर वापस नहीं आने की सूचना मिली है। इस विमान ने असम के जोरहाट हवाई अड्डे से नियमित प्रशिक्षण उड़ान भरी थी और इससे गुरुवार शाम सात बजकर 42 मिनट पर अंतिम बार संपर्क हुआ था।

तुरन्त आवश्यकता
इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये
- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177

## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर के कुछ हिस्सों में सख्त प्रतिबंध लागू

**श्रीनगर।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार की सामूहिक नमाज के बाद विरोध प्रदर्शनों की आशंका के मद्देनजर कश्मीर घाटी के बड़े हिस्से में कड़ी सुरक्षा पाबंदियां लागू कर दी गई हैं। श्रीनगर के कई संवेदनशील इलाकों, विशेषकर लाल चौक के आसपास और कई शिया बहुल क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था जारी है। लाल चौक की ओर जाने वाली सड़क पर कांटेदार तार लगाकर उसे सील कर दिया गया, जिससे पैदल यात्रियों और वाहनों की आवाजाही बाधित हुई है। प्रतिबंधों को लागू करने के लिए इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस और सीआरपीएफ कर्मियों को तैनात किया गया। अधिकारियों ने बताया कि आज किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई। श्रीनगर के मुख्य इलाकों में भी सख्त पाबंदियां लागू हैं।

### पूर्व बीजेपी विधायक ने मुसलमानों को बताया राक्षस

**सिद्धार्थ नगर।** सिद्धार्थ नगर जिले के डुमरियागंज के पूर्व प्रदेश प्रभारी हिंदू युवा वाहिनी और पूर्व बीजेपी विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने शाहपुर स्थित हिंदू भवन में आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान उन्होंने एक बार फिर अपनी मर्यादा को तोड़ते हुए मुस्लिम समुदाय पर तीखा हमला बोलते हुए खुले मंच से मुसलमानों पर निशाना साधा। बीजेपी के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने मुसलमानों की तुलना राक्षसों से कर दी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। उन्होंने कहा कि राक्षसों का वध करने के लिए संकल्प करिए और जब राक्षस नहीं रहेंगे, तो सनातन सुरक्षित रहेगा।

## किसानों की सुरक्षा और कृषि को मजबूत करने के लिए हैं सरकार की नीतियां

# दस करोड़ किसानों को पीएम सम्मान निधि मिली

नई दिल्ली, वार्ता



■ वेबिनार में बोले पीएम मोदी- सरकार भारतीय कृषि क्षेत्र को दुनिया के बाजार में मजबूती से खड़ा करना चाहती है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केंद्रीय बजट से कृषि और ग्रामीण क्षेत्र में प्रगति को बल मिला है और सरकार की नीतियों तथा कार्यक्रमों से किसानों के लिए जोखिम कम हुए है, जिससे बुनियादी आर्थिक सुरक्षा बढ़ी है।

उन्होंने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार भारतीय कृषि क्षेत्र को दुनिया भर के बाजार में मजबूती से खड़ा होने के लिए तैयार करना चाहती है। प्रधानमंत्री बजट के बाद परंपरागत वार्षिक वेबिनारों की श्रृंखला में आज तीसरे वेबिनार के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। दिन भर के आज का विषय था- 'कृषि और ग्रामीण बदलाव'। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज की चर्चा केंद्रीय बजट में घोषित पहलों को ज़मीन पर ठोस नतीजों में बदलने के लिए महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कृषि कार्यक्रमों को असरदार तरीके से लागू करने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच मज़बूत सहयोग की भी अपील की। संविधान के तहत कृषि अभी भी राज्य का विषय है। उन्होंने राज्यों से जिला स्तर पर बजट नियमों को मज़बूत करने और केंद्रीय पहलों का ज्यादा से ज्यादा असर डालने के लिए पॉलिसी को एक जैसा करने की अपील की। मोदी ने उद्यमियों और निवेशकों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए एग्री-फिनटेक (किसानों को आनलाइन प्रौद्योगिकी आधारित कर्ज प्लेटफार्मों), भंडारण सुविधा और आपूर्ति श्रृंखला के क्षेत्र में उभर रहे मौकों की तलाशने के लिए आगे आने का आह्वान किया। श्री मोदी ने किसानों की बुनियादी आर्थिक सुरक्षा बढ़ाने, उनकी फसलों का उचित लाभदायक मूल्य दिलाने और कृषि में जोखिमों को कम करने तथा संस्थागत कर्ज की सुविधा बढ़ने की दिशा में अपनी सरकार के कुछ प्रमुख कामों को गिनाया।

### मोदी की नीतियों के कारण कमजोर हुई विदेश नीति: खड़गे-राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर अमेरिकी दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में भारत ने अपने फैसले हमेशा खुद लिए हैं, लेकिन इधर जिस तरह से अमेरिका के इशारों पर काम हो रहा है उससे लगता है कि हम अपनी कूटनीतिक की गौरवशाली परंपरा को खो रहे हैं।रूस से तेल खरीदने की 'अनुमति' देने की अमेरिकी घोषणा, जो कि '30 दिनों की छूट' है, स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि मोदी सरकार लगातार कूटनीतिक स्वतंत्रता खो रही है। उन्होंने आगे कहा कि ऑपरेशन सिदूर के दौरान सबसे पहले पाकिस्तान के साथ सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा मोदी के मित्र ट्रम्प ने की, हमने नहीं। अब, अमेरिका ने भारत को 'अस्थाई 30 दिन की छूट' दी है और भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने की 'अनुमति' दे दी है। व्यापार से लेकर तेल तक, आंकड़ों से लेकर मित्र देशों के साथ भारत के दीर्घकालिक संबंधों तक, मोदी जी ने सब कुछ त्याग दिया।

उन्होंने कहा कि करीब 10 करोड़ किसानों को चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की पीएम किसान सम्मान निधि मिली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य में हुए सुधारों से अब किसानों को उनकी उपज पर डेढ़ गुना तक प्रतिफल मिल रहा है।

## विस चुनाव: मिशन 2027 की तैयारी में जुटे सीएम योगी

कानपुर।



■ कानपुर में सीएम का आरएसएस संग महामंथन पूरा

शहर के नवाबगंज थाना क्षेत्र स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय में हुई राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) की समन्वयक बैठक में शुक्रवार को सीएम योगी पहुंचे। इसमें आरएसएस के प्रमुख अनुसांगिक संगठनों के पदाधिकारियों भी सम्मिलित हुए। दोपहर 1.10 बजे यह बैठक खत्म हो गई।

बता दें कि 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव व शहर के विकास को लेकर सीएम योगी की यह कानपुर की बैठक अहम मानी जा रही है। चर्चा है कि बैठक में आगामी चुनावी रणनीति को लेकर अहम चर्चा की गई है, इसमें संघ के भी सभी बड़े पदाधिकारी मौजूद रहे। यहां जैसे ही बैठक शुरू हुई, तो आरएसएस के विभिन्न अनुसांगिक संगठनों के पदाधिकारियों ने सीएम से कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश की कानून व्यवस्था बेहतर हुई, अपराध पर काफी हद तक अंकुश लगा है। ये भी कहा कि सूबे में शंकराचार्य मामले को लेकर चिंतन करना होगा। इसी तरह पुलिस और प्रशासनिक कार्यशैली को और सुदृढ़ बढ़ाने, जनता से अफसरों का संवाद बेहतर करने की बात भी पदाधिकारियों ने सीएम के समक्ष रखी। बैठक के दौरान भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कड़ा प्रहार करने को लेकर भी बात कही गई। पदाधिकारी बोले-सरकार की ओर से यूपी को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए बहुत अच्छा काम किया जा रहा है। इसी तरह साल 2027 में होने वाले यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पदाधिकारियों ने सीएम से कहा कि वह एकजुट हैं और लोगों तक सरकार की योजनाओं व गतिविधियों की जानकारी पहुंचाएंगे। संघ और सरकार में किसी तरह का कोई विरोधाभास न रहे, इसके लिए सभी अपने स्तर से प्रयासरत हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया क बैठक में सीएम ने कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुना, साथ ही कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में हर जिले की प्रगति को लेकर बात की और जिम्मेदार पदाधिकारियों ने सीएम को पूरा फीडबैक दिया।

## पीडीए दिवस के जवाब में बसपा करेगी शक्ति प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 15 मार्च को लखनऊ में होगी बड़ी जनसभा

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी संस्थापक कांशीराम की जयंती को समाजवादी पार्टी की तरफ से 'पीडीए दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा का जवाब देने की तैयारी बसपा ने कर ली है।

कांशीराम की 92वीं जयंती पर 15 मार्च को लखनऊ में आयोजित जनसभा को पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की तरफ से सम्बोधित करने की संभावना है। हालांकि अभी इसकी औपचारिक पुष्टि पार्टी की तरफ से नहीं की गई है। 15 मार्च को लखनऊ के मान्यवर कांशीराम स्मृति स्थल पर आयोजित भव्य कार्यक्रम के लिए पार्टी ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से 'लखनऊ चलो' का आह्वान किया है। कार्यक्रम में प्रदेश के करीब 12 मंडलों से कार्यकर्ताओं और समर्थकों के शामिल होने की संभावना है। इसके अलावा नोएडा में भी एक अलग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें छह मंडलों के कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे।

वहीं पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद उसी दिन राजस्थान के भरतपुर में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। बसपा के लगातार हाशिए पर जाने और पार्टी के पुराने नेताओ द्वारा दूसरे दलों में चले जाने की वजह से प्रदेश में दलित वोटों पर एकाधिकार को लेकर भाजपा व सपा लगातार प्रयासरत हैं।

## ट्रंप के आगे मोदी नतमस्तक: केजरीवाल

### पीएम देशवासियों के सामने चुप्पी का जवाब दें

नई दिल्ली, वार्ता



आम आदमी पार्टी ने अमेरिका के वित्त मंत्री की ओर से भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए 30 दिन की इजाजत देने के बयान पर केंद्र की मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि आखिर ऐसी कौन सी मजबूरी है कि हर कदम पर आप अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आगे नतमस्तक हैं।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल खड़े करते हुए देशवासियों के सामने आकर स्थिति साफ करने की मांग की है। केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पूछा कि भारत को रूस से तेल खरीदने की इजाजत देने वाला अमेरिका कौन होता है? आखिर ऐसी कौन सी मजबूरी है कि हर कदम पर आप ट्रम्प के आगे नतमस्तक हैं? भारत का नेतृत्व तो कभी इतना कमजोर नहीं था। प्रधानमंत्री, आप भारत और भारतीय लोगों के हितों के लिए इस्तीफा दे दीजिए। उन्होंने एक्स पर कहा कि भारत को रूस से तेल खरीदने की इजाजत देने वाला अमेरिका कौन होता है? भारत को अमेरिका से इघघ्त की घ्रूरत क्यों है? पिछले कुछ महीनों में देशवासियों ने बहुत पीड़ा के साथ देखा है कि किस तरह एक के बाद एक, हर कदम पर आप ट्रम्प के सामने झुक गए और आपकी उसके सामने बोलने तक की हिम्मत नहीं हुई। मोदी आखिर आपकी ऐसी कौन सी मजबूरी है जिस की वजह से आप ट्रम्प के सामने नतमस्तक हैं। केजरीवाल ने कहा कि भारत हघरों वर्ष पुराना देश है। भारत 140 करोड़ लोगों का एक महान देश है। भारत ने एक से बढ़कर एक वीर योद्धा पैदा किए हैं।

आज तक भारत ने किसी भी देश के सामने इस तरह सिर नहीं झुकाया। आज तक भारतीय इतिहास में कभी भी भारत का नेतृत्व इतना कमजोर नहीं रहा। अगर आपकी वाकई कोई ऐसी मजबूरी है, जिसका घयदा ट्रम्प उठा रहा है, तो भारत और भारतीय हितों की खातिर, कृपया इस्तीफा दे दीजिए, पर ऐसे भारत मां का सिर मत झुकाइए। सभी देशवासियों को बेहद पीड़ा हो रही है। वरिष्ठ नेता व पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने कहा कि अमेरिका के वित्त मंत्री का ट्वीट पढ़कर, एक भारतीय होने के नाते खून खौल रहा है।

## आत्मनिर्भरता ही हर स्थिति से निपटने का मूलमंत्र: राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए कहा है कि अनिश्चितताओं के इस दौर में आत्मनिर्भरता ही प्रासंगिक और हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का एकमात्र मार्ग है। सिंह ने शुक्रवार को कोलकाता में रक्षा एवं समुद्री संवाद 'सागर संकल्प- भारत का समुद्री गौरव' का उद्घाटन करते हुए कहा कि रक्षा क्षेत्र में आज अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल हो रहा है, इसीलिए हमारी सरकार का शुरू से यह मानना रहा है कि इस अनिश्चितता के दौर में आपूर्ति श्रृंखला में बाधा से बचने का एक मात्र उपाय है 'आत्मनिर्भरता' और रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम हमारी आत्मनिर्भरता के विजन की एक प्रमुख धुरी है। इस कार्यक्रम का आयोजन गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) और एक निजी मीडिया संगठन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। रक्षा मंत्री ने कहा कि पुराने विचार, पुरानी वैश्विक व्यवस्था और पुरानी धारणाएं तेजी से बदल रही हैं। हमें इन अनिश्चितताओं को समझने की आवश्यकता है। पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति इसका प्रमुख उदाहरण है। वहां जो कुछ हो रहा है, वह असामान्य है। पश्चिम एशिया या हमारे पड़ोस में भविष्य की घटनाओं के बारे में ठोस टिप्पणी करना कठिन है। उन्होंने कहा कि हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य या समूचा फ़ारस की खाड़ी क्षेत्र वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब इस क्षेत्र में अशांति होती है, तो इसका सीधा असर तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ता है। इसके अलावा अन्य क्षेत्रों में भी आपूर्ति श्रृंखला बाधित होती दिखाई दे रही है।



सेंसेक्स 78918.90
निफ्टी 24450.45



सोना 159409
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 263210
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट सेंसेक्स 1,097 अंक लुढ़का

**मुंबई, पीएम**

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को बड़ी गिरावट देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स 1,097 अंक (1.37 प्रतिशत) टूटकर 10 महीने से ज्यादा के निचले स्तर 78,918.90 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 315.45 अंक यानी 1.27 प्रतिशत गिरकर 24,450.45 अंक पर आ गया, जो इसका छह महीने से अधिक का निचला स्तर है। लगातार पांच कारोबारी दिवस में यह शेयर बाजार में चौथी बड़ी गिरावट है। गुरुवार को बाजार में तेजी रही थी। मझौली और छोटी कंपनियों पर आज दबाव कम रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.86 प्रतिशत गिर गया। स्मॉलकैप-100 सूचकांक में भी 0.24 प्रतिशत की गिरावट रही।

बाजार में उथल-पुथल को नापने वाला इंडिया वीआईएक्स सूचकांक 11 से ऊपर रहा जो दिखता है कि बाजार में अनिश्चितता बढ़ी हुई है। आईटी और रसायन को छोड़कर अन्य सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। बैंकिंग और रियलटी सेक्टरों में दो प्रतिशत से ज्यादा गिरावट रही।

ऑटो, मीडिया और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सेक्टरों के सूचकांक भी लाल निशान में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर सवा तीन फीसदी से अधिक टूटे। एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, एलएंडटी और इंडिगो के शेयर दो से तीन प्रतिशत के बीच टूटे। मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, ट्रेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, अडानी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, टाटा स्टील और टीसीएस के शेयरों में एक से दो प्रतिशत की गिरावट रही। टाइटन, आईटीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एशियन पेंट्स के शेयर भी नीचे बंद हुए। बीईएल में करीब दो प्रतिशत की तेजी रही।

### सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी के दामों में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,177 रुपए घटकर 1,59,409 पर आ गया है। इससे पहले गुरुवार को इसकी कीमत 1,60,586 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। सोना 3 दिन में 8,000 सस्ता हुआ है। वहीं एक किलो चांदी 902 रुपए गिरकर 2,63,210 पर आ गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2,64,212 लाख रुपए प्रति किलो थी। सोना-चांदी के दाम में ये गिरावट प्रॉफिट बुकिंग की वजह से आई है। सोना एक शहर से दूसरे शहर ले जाने में ईंधन और भारी सुरक्षा का खर्च आता है। आयात केंद्रों से दूरी बढ़ने पर ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय दाम बढ़ जाते हैं। दक्षिण भारत जैसे इलाकों में खपत ज्यादा (करीब 40 प्रतिशत) होने के कारण ज्वेलर्स भारी मात्रा में सोना खरीदते हैं। बल्क खरीदारी पर मिलने वाली छूट का फायदा ग्राहकों को कम दाम के रूप में मिलता है। हर राज्य और शहर के अपने ज्वेलरी एसोसिएशन (जैसे तमिलनाडु में मद्रास ज्वेलर्स एसोसिएशन) होते हैं। ये संगठन स्थानीय मांग और सप्लाई के आधार पर अपने इलाके के लिए सोने का रेट तय करते हैं। ज्वेलर्स ने अपना स्टॉक किस रेट पर खरीदा है, यह भी मायने रखता है। जिन ज्वेलर्स के पास पुराने और सस्ते रेट पर खरीदा हुआ स्टॉक होता है, वे ग्राहकों से कम कीमत वसूल सकते हैं। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**यूपीएससी...**

चिकित्सा विज्ञान को वैकल्पिक विषय के रूप में चुनकर परीक्षा उत्तीर्ण की। अग्निहोत्री ने एम्स, जोधपुर से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की है। आयोग के अनुसार दूसरे स्थान पर राजेश्वरी सुवे एम. रहीं जिन्होंने अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई से इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बीई किया है और समाजशास्त्र को वैकल्पिक विषय के रूप में चुना। तीसरा स्थान अकांश ढुल को मिला, जो दिल्ली विश्वविद्यालय से बी-कॉम स्नातक हैं और उन्होंने वाणिज्य एवं लेखांकन को वैकल्पिक विषय के रूप में लिया था। चौथे स्थान पर राघव झुनझुनवाला रहे, जिन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र (ऑनर्स) में स्नातक किया है और अर्थशास्त्र को ही वैकल्पिक विषय चुना।

पांचवें स्थान पर ईशान भटनागर रहे, जिन्होंने राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली से बीए एलएलबी (ऑनर्स) किया है और समाजशास्त्र को वैकल्पिक विषय के रूप में लिया। उन्होंने कहा कि शीर्ष पांच सफल उम्मीदवारों में एक महिला और चार पुरुष शामिल हैं। वहीं शीर्ष 25 उम्मीदवारों में 11 महिलाएं और 14 पुरुष शामिल हैं। आयोग के अनुसार शीर्ष 25 उम्मीदवारों की शैक्षणिक पृष्ठभूमि देश के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे आईआईटी, एनएलयू, एम्स, डीटीयू, अन्ना विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय और मुंबई विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग, मानविकी, विज्ञान, वाणिज्य, कानून, चिकित्सा विज्ञान और जनसंचार जैसे विषयों में स्नातक स्तर की रही है। इन उम्मीदवारों ने मुख्य परीक्षा में मानव विज्ञान, वाणिज्य एवं लेखांकन, रसायन विज्ञान, अर्थशास्त्र, विद्युत अभियांत्रिकी, इतिहास, गणित, चिकित्सा विज्ञान, दर्शनशास्त्र, राजनीति विज्ञान एवं अंतर्राष्ट्रीय संबंध, लोक प्रशासन और समाजशास्त्र जैसे विषयों को वैकल्पिक विषय के रूप में चुना।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, रूड़की

निविदा सूचना संख्या:- 428/2ए0(निविदा) दिनांक:- 06/03/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रुड़की द्वारा निम्नलिखित कार्यो की सील्ड निविदा दिनांक 17.03.2026 को आमंत्रि की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 09.03.2026 से दिनांक 16.03.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 17.03.2026 को अपराह्न 02:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं।

1. कार्यालय अधीक्षण अभियंता, सिविल वृत्त लो.नि.वि. हरिद्वार।
2. कार्यालय अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड, लो.नि.वि., रुड़की।
3. कार्यालय अधिशासी अभियंता, प्रान्तीय खंड, लो.नि.वि., हरिद्वार।
4. कार्यालय अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड, लो.नि.वि., देहरादून।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर धनराशि (3 प्रतिशत) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | फर्म/ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वित्तीय वर्ष 2026-27 में वार्षिक अनुरक्षण मद के अन्तर्गत झबरेड़ा साबतवाली से डेलना मार्ग के कि.मी. 1 एवं 2 (100m) में कोल्ड मिक्स द्वारा पी0सी0 से नवीनीकरण का कार्य। | 1500.00 + 18% G.S.T. | 39600.00 | 45 दिन | 02 माह | मार्ग कार्यों हेतु "डी" एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत। |
| 2 | वित्तीय वर्ष 2026-27 में वार्षिक अनुरक्षण मद के अन्तर्गत नारसन झबरेड़ा से मखदूमपुर-सढ़ौला मार्ग के कि.मी. 1 एवं 2 में कोल्ड मिक्स द्वारा पी0सी0 से नवीनीकरण का कार्य। | 1500.00 + 18% G.S.T. | 57700.00 | 45 दिन | 02 माह | मार्ग कार्यों हेतु "डी" एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत। |
| 3 | वित्तीय वर्ष 2026-27 में वार्षिक अनुरक्षण मद के अन्तर्गत पुहाना-इकबालपुर-झबरेड़ा मार्ग से रामनगर से मखदूमपुर मार्ग के कि.मी. 1 में कोल्ड मिक्स द्वारा पी0सी0 से नवीनीकरण का कार्य। | 1000.00 + 18% G.S.T. | 28900.00 | 45 दिन | 02 माह | मार्ग कार्यों हेतु "डी" एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत। |

निविदा दिनांक 17.03.2026 को अपराहन 3:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत /अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पारा सुरक्षित होगा।

**नोट:-**

1. निर्धारित धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0/पासबुक आदि मूल में अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लो0नि0वि0, रुड़की के नाम बन्धक व देय होगी।
2. निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 का नॉन-जूडिशियल स्टॉम्प पेपर, 1.00 रू0 के रिवेन्यू टिकट के साथ निविदा की वैधता हेतु हस्ताक्षर कर कार्य का नाम अंकित करते हुए उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा।
3. निर्धारित निविदा प्रपत्रों का मूल्य एवं जी0एस0टी0 की धनराशि खण्डीय रोकड़िया को अदा किये जाने के उपरान्त निविदा प्रपत्र उपरोक्तानुसार क्रय किये जा सकेंगे।

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, रूड़की।



## कार्यालय नगर पंचायत लण्ढौरा, जनपद हरिद्वार।

पत्रांक: 251 / नीलाम/न0पं0ल0 / 2025-26 दिनांक:- 06.03.2026

**सार्वजनिक नीलामी सूचना**

सर्वसाधाराण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु नगर पंचायत लण्ढौरा के निम्न वार्षिक ठेको की नीलामी नगर पंचायत लण्ढौरा के कार्यालय में दिनांक 23.03.2026 को अपराह्न 02 बजे अध्यक्ष महोदय नगर पंचायत लण्ढौरा की अध्यक्षता में की जायेगी। इच्छूक बोलीदाता को नियत तिथि एवं समय से पूर्व जमानत धनराशि सरकारी बोली की धनराशि की 05 प्रतिशत की एफ0डी0आर0 अधिशासी अधिकारी के नाम बन्धक के रूप में जमा करनी होगी। ठेके की उच्चतम बोली को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय को होगा। शेष नियम व शर्तें कार्य दिवसों में कार्यालय से ज्ञात की जा सकती है। ठेकों का विवरण निम्नवत् है:-

| क0 सं0 | कार्य का नाम | वर्ष | जमानत धनराशि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ठेका तहबाजारी | 2026-27 | 05 प्रतिशत एफ0डी0आर | 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक |
| 2. | ठेका मुर्दा मवैशी | 2026-27 | 05 प्रतिशत एफ0डी0आर | 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक |

**ठेके की मुख्य शर्तें:-**

1. बोलीदाता को आधार कार्ड व पैनकार्ड संलग्न करना होगा।
2. उच्चतम बोलीदाता को ठेका तहबाजारी की कुल बोली की 1/2 धनराशि नगद अनुबंध के समय एवं शेष धनराशि 02 किस्तों में (प्रथम किस्त 01 जुलाई 2026, द्वितीय/अन्तिम किस्त 01 नवम्बर 2026) में नगद जमा करनी होगी। समय अवधि उपरान्त धनराशि जमा करने पर 18 प्रतिशत अधिभार देना होगा।
3. ठेकेदार को ठेके की स्वीकृत पूर्ण धनराशि पर नियमानुसार 2% स्टाम्प शुल्क देय होगा तथा उसे निर्धारित स्टाम्प शुल्क के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध प्रस्तुत करने के उपरान्त स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत लण्ढौरा**
**जनपद-हरिद्वार।**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत लण्ढौरा**
**जनपद-हरिद्वार।**

CMYK



# टिहरी झील बनेगी विश्व में पर्यटन-खेल का प्रमुख केंद्र: सीएम

## टिहरी लेक फेस्टिवल शुरू, सीएम ने की घोषणा-कोटी कालोनी-नई टिहरी रोपवे निर्माण होगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**टिहरी।** पर्यटन, साहसिक खेल के साथ ही पर्यावरण और संस्कृति के स्पष्ट संदेश के बीच हिमालयन 0.2 द टिहरी लेक फेस्टिवलश का भव्य शुभारंभ हो गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को इसका उद्घाटन करते हुए विश्वास जताया कि सुंदर टिहरी झील आने वाले समय में देश ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में साहसिक खेलों और पर्यटन का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगी। इस मौके पर उन्होंने घोषणा कि कोटी कालोनी-नई टिहरी रोपवे का निर्माण कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री धामी ने अपने संबोधन में देश-विदेश से आए खिलाड़ियों के साथ ही अन्य मेहमानों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की पावन धरा आध्यात्मिकता और लोक संस्कृति का अद्भुत संगम रही है। हमारी नदियां, हमारे पर्वत, हमारी झीलें और हमारी परंपराएं पूरे विश्व को आकर्षित करती रही हैं। आज उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए टिहरी झील के किनारे आयोजित ये महोत्सव पर्यटन, खेल और स्थानीय संस्कृति तीनों को एक मंच पर लाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।




■ नौ मार्च तक चलने वाले टिहरी लेक फेस्टिवल की भव्य शुरूआत ■ सीएम ने किया कोटी डोबरा पर्यटन मार्ग का वर्चुअल शिलान्यास

उन्होंने कहा कि हिमालय की गोद में बसी टिहरी झील प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत उदाहरण होने के साथ- साथ साहसिक खेलों के आयोजन स्थल के रूप में तेजी से उभर रही है। यहां आयोजित होने वाली राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की विभिन्न जल क्रीड़ा प्रतियोगिताएं न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दे रही हैं, बल्कि उत्तराखंड को वैश्विक खेल मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाने का काम भी कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने टिहरी को लेकर अपनी सरकार की मंशा स्पष्ट करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य है कि टिहरी को वाटर स्पोर्ट्स और एडवेंचर स्पोर्ट्स के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। इसके लिए टिहरी झील में कयाकिंग, कैनोइंग, जेट-स्की, पैरा-सेलिंग, स्कूबा डाइविंग और अन्य साहसिक गतिविधियों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, क्षेत्रीय सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, विधायक किशोर उपायाय, विक्रम सिंह नेगी, विनोद कंडारी, शक्तिलाल शाह, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष संजय नेगी, जिला पंचायत अध्यक्ष इशिता सजवाण, जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल, नगर पालिका परिषद नई टिहरी के अध्यक्ष मोहन सिंह रावत व चंबा की अध्यक्ष सोबनी धनोला, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय सिंह रावत उपस्थित थे।

### कोटी-डोबरा पर्यटन मार्ग का शिलान्यास

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कोटी-डोबरा पर्यटन मार्ग का रिमोट दबाकर वर्चुअल शिलान्यास किया। यह मार्ग एशियन डेवलपमेंट बैंक के स्तर पर वित्त पोषित है,जिसकी कुल लागत 318 करोड़ है। इस मार्ग की लंबाई करीब 15 किलोमीटर है।

### नौ मार्च तक होंगी विभिन्न गतिविधियां

टिहरी लेक फेस्टिवल में नौ मार्च तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। साहसिक खेल व पर्यटन गतिविधियों के अलावा लोक संस्कृति से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं।

### मुख्यमंत्री ने कहा - प्रधानमंत्री मोदी का उत्तराखंड से भावनात्मक लगाव जगजाहिर

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड से भावनात्मक लगाव जगजाहिर है और उन्होंने स्वयं यहां आकर हमें प्रेरित और प्रोत्साहित किया है। मुख्यमंत्री ने पर्यटन और साहसिक खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों का खास तौर पर जिक्र किया। इस क्रम में उन्होंने आदि कैलाश में राज्य की पहली हाई-एल्टीट्यूड मैराथन, माणा में एमटीबी चौलेंज, एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी जैसे बडेघ् स्तर के आयोजनों की चर्चा की।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि हमारे युवा केवल अवसरों की प्रतीक्षा न करें, बल्कि अपने सामर्थ्य और परिश्रम से नए अवसरों का सृजन भी करें। उन्होंने कहा कि आज टिहरी में 400 से अधिक युवा पैराग्लाइडिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यह जानकारी खुशी देने वाली है। पूर्ण विश्वास है कि ये युवा भविष्य में उत्तराखंड को वैश्विक पैराग्लाइडिंग मानचित्र पर स्थापित करने में अवश्य सफल रहेंगे।

### टिहरी क्षेत्र के समग्र विकास को 1300 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं पर कार्य गतिमान

अपने संबोधन में उन्होंने टिहरी क्षेत्र में विकास कार्यों की तस्वीर को सामने रखा। उन्होंने बताया कि टिहरी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगभग 1300 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं पर कार्य गतिमान है। इसमें टिहरी झील का विकास, रिंग रोड का निर्माण, तिमाड़ गांव को पर्यटन ग्राम के रूप में विकसित करने जैसे प्र्मुख कार्य शामिल हैं। इसके अलावा यहां भिलंगना विकासखंड की सुनारगांव ग्राम पंचायत को एक आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किया जा रहा है।

विशिष्ट पहाड़ी शैली में एक नया आंगनबाड़ी भवन भी बनाया जा रहा है। उन्होंने अपने संबोधन में जिले के सभी ब्लाक में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के लिए 10 कॉम्पेक्टर केंद्रों और 4267 कूड़ा संग्रहण केंद्रों की स्थापना का भी जिक्र किया।

# आयुष्मान की बेहतरी को प्रयासों में गंभीरता जरूरी: डा. रावत

■ स्वास्थ्य मंत्री ने आयुष्मान योजना की समीक्षा बैठक में प्राधिकरण के उच्च अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा संचालित आयुष्मान योजना की समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डा धन सिंह रावत ने कहा कि आयुष्मान व राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना आम जन स्वास्थ्य से जुड़ी योजना है, इसकी बेहतरी के प्रयासों पर गंभीरता जरूरी है। उन्होंने प्रदेश के हरेक लाभार्थी को आयुष्मान योजना के तहत समुचित उपचार सुविधा महैया कराने तथा सेवा प्रदाता चिकित्सालयों के लंबित देयकों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

शुक्रवार को शासकीय आवास पर आयोजित बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डा धन सिंह रावत ने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत प्रति परिवार को पांच लाख तक की स्वास्थ्य सुरक्षा मुहैया कराई जा रही है। इसके अलावा वय वंदना कार्ड के तहत सीनियर सिटीजन को पृथक से पांच लाख तक कैशलेस उपचार सुविधा मुहैया कराई जा रही है। मंत्री ने वय वंदना कार्ड के लाभार्थियों के कार्ड बनाने के लिए अभियान चलाने तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण से 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के बुजुर्गजनों के वय वंदना कार्ड ऑटोमोड पर बनवाने की व्यवस्था पर विचार कराने कहा। उन्होंने वय वंदना के लाभार्थियों को जनपद स्तर पर उनके कार्ड बनाने तथा उपचार पा चुके लाभार्थियों को सम्मानित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के अध्यक्ष अरविंद सिंह ह्यांकी ने बताया कि आयुष्मान योजना जब टीएमएस 1 से टीएमएस 2 में शिफ्ट हुई तो उस समय कई तरह की तकनीकी दिक्कतों के कारण अवरोध उत्पन्न हुए, इस कारण चिकित्सालयों के दावे लंबित रह गए। जिन दावों पर अस्पतालों ने रिव्यू आवेदन किया है उन पर लक्ष्य निर्धारित कर निस्तारण की कार्रवाई गतिमान है। प्राधिकरण की अध्यक्ष रीना जोशी ने आयुष्मान योजना की प्रगति को बैठक में रखा। इस मौके पर निदेशक प्रशासन डा डीपी जोशी, निदेशक क्लेम डा सरोज नैथानी, अपर निदेशक आईटी अमित शर्मा मौजूद रहे।

# अखरोट, बादाम और पाइन नट्स को बढ़ावा देने की घोषणा किसानों के लिए साबित होगी लाभकारी : जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को राजकीय उद्यान सर्किट हाउस, देहरादून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित पोस्ट बजट वेबिनार में वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया। यह वेबिनार अखरोट, बादाम और पाइन नट्स जैसे गिरीदार फलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में किसानों की आय बढ़ाने और औद्यानिकी क्षेत्र के विकास के लिए सरल एवं प्रभावी नीतियां लागू की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अखरोट, बादाम और पाइन नट्स को बढ़ावा देने की घोषणा किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की सीमाओं पर तैनात जवानों के साथ-साथ किसानों की भी उतनी ही चिंता करते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में उत्तराखण्ड चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर है और राज्य में औद्यानिकी के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें सेब की अति सघन बागवानी, उत्तराखण्ड कीवी नीति, ड्रैगन फ्रूट फार्मिंग, सेब की तुड़ाई उपरांत प्रबंधन योजना, मधुमक्खी पालन नीति और अत्याधुनिक सेब नर्सरी विकास योजना शामिल हैं।



■ प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में अखरोट, बादाम एवं पाइन नट्स को बढ़ावा देने के लिए आयोजित पोस्ट बजट वेबिनार कार्यक्रम में वर्चुअल शामिल हुए कृषि मंत्री

उन्होंने कहा कि वर्तमान में उत्तराखण्ड में लगभग 5642 हेक्टेयर क्षेत्रफल में अखरोट की खेती की जा रही है, जिससे करीब 8995 मीट्रिक टन उत्पादन प्राप्त हो रहा है। इस दौरान कृषि मंत्री जोशी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राज्य के उद्यानों और पौधशालाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से 415 मालियों की भर्ती प्रक्रिया में आ रही विसंगतियों को शीघ्र दूर कर भर्ती प्रक्रिया को जल्द पूरा किया जाए। इस अवसर पर निदेशक उद्यान सुंदर लाल सेमवाल, बागवानी मिशन निदेशक महेंद्र पाल, रतन कुमार सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे।

### कहा, अखरोट बादाम की खेती के लिए राज्य की भौगोलिक परिस्थितियां बेहद अनुकूल

**देहरादून ।** कृषि मंत्री जो जोशी ने कहा कि राज्य की भौगोलिक परिस्थितियां अखरोट और बादाम की खेती के लिए बेहद अनुकूल हैं तथा इन फसलों को जंगली जानवरों से भी कम नुकसान होता है। इससे किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्त होने की संभावना रहती है। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अखरोट की खेती को क्लस्टर आधारित मॉडल पर बढ़ावा दिया जाए और बादाम सहित अन्य गिरीदार फलों के उत्पादन को भी प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही कम समय में अधिक उत्पादन देने वाली उन्नत प्रजातियों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य की पौधशालाओं में वर्तमान में अखरोट के 42,699 और बादाम के 630 पौधे उपलब्ध हैं। मंत्री जोशी ने कहा कि गुणवत्तायुक्त फल पौध तैयार करने के लिए राजकीय उद्यानों और नर्सरियों को सुदृढ़ किया जा रहा है, ताकि किसानों को उनकी मांग के अनुसार पौधे उपलब्ध कराए जा सकें।

# अमित शाह आज आएंगे हरिद्वार, स्वागत के लिए सजा शहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हरिद्वार।** केन्द्रीय गृह एवं सहका. रिता मंत्री अमित शाह शनिवार को हरिद्वार में आयोजित कार्यक्रम 'जन-जन की सरकार : चार साल बेमिसाल' में प्रतिभाग करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर शासन-प्रशासन द्वारा सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं तथा अमित शाह के स्वागत के लिए कार्यक्रम स्थल बैरागी कैम्प के साथ ही हरिद्वार शहर को सजाया-संवारा जा रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को हरिद्वार का भ्रमण कर इस विराट आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री धामी ने बैरागी कैम्प पहुँचकर प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनसभा स्थल, मंच, प्रदर्शनी क्षेत्र, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तृत अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिए कि कार्यक्रम के सुव्यवस्थित एवं सुचारु आयोजन के लिए सभी तैयारियों का वरिष्ठ अधिकारी भली-भाँति परीक्षण कर लें। उन्होंने आमजन की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिए।



■ केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री आज हरिद्वार में 'जन-जन की सरकार : चार साल बेमिसाल' कार्यक्रम में करेंगे प्रतिभाग ■ कार्यक्रम को लेकर शासन-प्रशासन की सभी तैयारियाँ पूर्ण, सीएम धामी ने हरिद्वार का भ्रमण कर कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार को हरिद्वार के बैरागी कैम्प में राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। साथ ही वे राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित विकास प्रदर्शनी तथा नई न्याय संहिताओं पर केंद्रित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन भी करेंगे। इस अवसर पर शाह राज्य के विकास से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान वन मंत्री सुबोध उनियाल, भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री अजय कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गोयल, उपाध्यक्ष आपदा प्रबंधन विनय रोहिला, विधायक रानीपुर आदेश चौहान, मेयर नगर निगम हरिद्वार किरन जैसल, मेयर नगर निगम रूड़की अनीता देवी, नगर निगम ऋषिकेश के मेयर शंभू पासवान, पूर्व विधायक स्वामी यतीश्वरानंद, भाजपा के हरिद्वार जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, आयुक्त गढ़वाल मंडल विनय शंकर पाण्डे, एडीजी अजय प्रकाश अंशुमन, पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल राजीव स्वरूप, कुंभ मेलाधिकारी सोनिका, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, अपर सचिव पर्यटन अभिषेक रूहेला, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर, एमडी सिडकुल सौरभ गहरवार, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा, अपर जिलाधिकारी पी.आर. चौहान, अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती, सचिव एचआरडीए मनीष कुमार, उपजिलाधिकारी जितेन्द्र कुमार तथा एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह मौजूद रहे।

# चारधाम यात्रा के लिए सरकार पूरी तरह से तैयार: महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** बहुप्रतीक्षित चारधाम यात्रा 19 अप्रैल 2026 को अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर शुरू होने वाली है। शुक्रवार से यात्रियों के पंजिकरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस बार भी चारधाम यात्रा में रिकॉर्ड श्रृद्धांलुओं के आने की संभावना को देखते हुए प्रदेश सरकार ने चारधाम यात्रा से जुड़ी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं।

यह जानकारी देते हुए प्रदेश के पर्यटन धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि चारधाम की तीर्थ यात्रा हिंदुओं के लिए काफी महत्व रखती है। लाखों की संख्या में भक्त हर साल आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्ति के उद्देश्य से गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ की यात्रा पर जाते हैं। सुरक्षित और सुगम चारधाम यात्रा के कुशल प्रबंधन के कारण वर्ष 2025 में छप्पन लाख इकतीस हजार श्रद्धालुओं ने चार धाम के दर्शन किए थे। इस वर्ष भी सरकार ने चारधाम यात्रा को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए विशेष प्रबंध किये हैं।

■ कहा- इस बार भी रिकॉर्ड श्रृद्धालुओं के आने की संभावना

महाराज ने बताया कि चारधाम यात्रा में पंजीकरण का कार्य छह मार्च से प्रारंभ हो गया है। चारधाम यात्रा के तहत केदारनाथ धाम के 22 अप्रैल और बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खुलेंगे। जबकि गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट परंपरागत तौर पर अक्षय तृतीय के दिन 19 अप्रैल को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। चारधाम यात्रा के दृष्टिगत सभी सरकारी विभागों की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उन्होंने बताया सरकार ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के साथ-साथ ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए भी पूरी व्यवस्था की है। ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए कुल 50 काउंटर बनाने बनाये गये हैं। इनमें 30 काउंटर ऋषिकेश में और 20 काउंटर विकासनगर में स्थापित किए गए हैं। पर्यटन मंत्री महाराज ने बताया कि चारधाम यात्रा में इस बार कुल 1800 बसें संचालित की जाएंगी, जिनमें 400 बसें रिजर्व रहेंगी। प्रतिदिन 130 बसें रवाना होंगी और 10 दिन की यात्रा अवधि में लगभग 1300 मार्गों पर चलेंगी।

# हाई पावर कमेटी ने 187-11 करोड़ की वार्षिक कार्ययोजना को दी मंजूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में शुक्रवार को उत्तराखंड जलवायु अनुकूल बारानी कृषि परियोजना की हाई पावर कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में परियोजना की अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा करते हुए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 187.11 करोड़ रुपये की वार्षिक कार्ययोजना को अनुमोदित किया गया। 2025-26 की संशोधित कार्ययोजना को भी स्वीकृति यूसीआरआरएफपी की चतुर्थ हाई पावर कमेटी की बैठक में समिति ने वित्तीय वर्ष 2025ख्26 की 62.19 करोड़ रुपये की पुनरीक्षित वार्षिक कार्ययोजना को भी स्वीकृति प्रदान की। इसके साथ ही परियोजना के प्रभावी संचालन के लिए तैयार परियोजना संचालन दिग्दर्शिका, फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम मैनुअल तथा विभिन्न प्रपत्रों और दिशानिर्देश पुस्तिकाओं का अनुमोदन किया गया। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि परियोजना के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए ग्राम स्तर पर स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाएं तैयार की जाएं, बैठक में सचिव/मुख्य परियोजना निदेशक दिलीप जावलकर, सचिव सी रविशंकर, परियोजना निदेशक हिमांशु खुराना, अपर सचिव अपूर्वा पांडेय, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी सारा कहकशां नसीम, संयुक्त निदेशक डा. ए.के. डिमरी, मुख्य वित्त अधिकारी दीपक भट्ट, उप निदेशक डा. एस.के. उपाध्याय, डा. डी.एस. रावत, डा. सिद्धार्थ श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

■ मुख्य सचिव की अध्यक्षता में यूसीआरआरएफपी की बैठक आयोजित

# टिहरी झील में रोमांच के सफर पर निकले सीएम

■ लेक फेस्टिवल में दिखे मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के अलग-अलग अंदाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** लाइफ जैकेट पहने सीएम पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को जब टिहरी झील के करीब पहुंचे, तो उनके पास दो विकल्प थे। या तो वह अपने मंत्रिमंडल के सहयोगी सुबोध उनियाल और अपने विधायक साथियों के साथ पहले बोटिंग करते या फिर एक गाइड के साथ अकेले ही जेट स्की का आनंद लेने निकल पड़ते। उन्होंने जेट स्की पर हाथ आजमाना चुना और निकल पडे रोमांच के सफर पर। बाद में उन्होंने बोटिंग भी की।



टिहरी लेक फेस्टिवल का विधिवत उद्घाटन करने के बाद शुक्रवार को सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कोटी कालोनी में लगे तमाम स्टॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने आईटीबीपी के जवानों से भी मुलाकात की। इसके बाद वह टिहरी झील की तरफ चले गए और एक-एक गतिविधि का हिस्सा बनकर फेस्टिवल का प्रमोशन किया।

टिहरी उत्तराखंड का ऐसा जिला है, जो पर्यटन के क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं समेटे हुए हैं। टिहरी झील का आकर्षण तो जगजा. हिर है। देश-दुनिया के लोग यहां पर खिंचे चले आ रहे हैं। सरकार यहां पर सुविधाओं का लगातार विस्तार कर रही है।

बोटिंग में उनके साथ कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक किशोर उपाध्याय, विनोद कंडारी, शक्तिलाल शाह आदि मौजूद रहे ।

### खूब चखे पहाड़ी व्यंजन, की तारीफ

कोटी कालोनी स्थित आयोजन स्थल पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पहाड़ी व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया। यहां पर महिलाओं की रामलीला समिति ने आकर्षक स्टॉल लगाया है। इसे पहाड़ी घर नाम दिया गया है, जहां पर पहाड़ी व्यंजन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सीएम ने यहां पर पहुंचकर पहाड़ी व्यंजन का आनंद लिया। इससे महिलाएं उत्साहित नजर आईं। समिति से जुड़ीं रचना उनियाल के अनुसार-सीएम ने उनकी समिति को प्रोत्साहित किया है। सीएम ने लाल चावल, भट्ट की चुटकाणी, झंगोरे की खीर खाकर उसकी तारीफ की।

CMYK

# टिहरी लेक फेस्टिवल में करियप्पा फुटबाल टूर्नामेंट का आगाज

## 16 टीमों का भव्य मार्च पास्ट, जिलाधिकारी ने किया मार्च पास्ट का शुभारंभ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी** । नई टिहरी से बौराड़ी स्टेडियम तक जनरल के. एम. करियप्पा फुटबॉल टूर्नामेंट में प्रतिभाग करने वाली सभी 16 टीमों के खिलाड़ियों द्वारा भव्य मार्च पास्ट निकाला गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खण्डेलवाल द्वारा मार्च पास्ट का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में टिहरी नगर पालिका अध्यक्ष मोहन रावत भी उपस्थित रहे।

टिहरी झील महोत्सव 2026 के अंतर्गत बौराड़ी स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय जनरल के.एम. करियप्पा फुटबॉल टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। इनमें ओल्ड स्टार टिहरी, टिहरी यंग, नॉर्थ कमांड, आईआईएमटी मेरठ, 13 गढ़वाल राइफल, 16 गढ़वाल राइफल, पिथौरागढ़ एफसी, हरियाणा सिटी एफसी, आरआरएफसी रुद्रप्रयाग, नोएडा एफसी, दून वारियर्स एफसी, यंग स्टार देहरादून, कोटद्वार एफसी, दिल्ली पुलिस, गढ़वाल हीरोज दिल्ली तथा सम्राट स्पोर्ट्स की टीमें शामिल हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने टूर्नामेंट में प्रतिभाग करने वाली सभी टीमों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि करियप्पा फुटबॉल टूर्नामेंट, जिसकी शुरुआत वर्ष 1951 में पुरानी टिहरी से हुई थी, अब प्रत्येक वर्ष नई टिहरी में भी आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने खिलाड़ियों से अपील की कि वे यहां के प्राकृतिक वातावरण का आनंद लें और अपने साथ टिहरी की यादगार स्मृतियां लेकर जाएं। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि टिहरी के पर्यटन और पहचान को आगे बढ़ाने में सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने खिलाड़ियों से टिहरी झील एवं जनपद के अन्य दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करने की अपील की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सभी टीमों के खिलाड़ी तथा टीम प्रबंधक उपस्थित रहे।

## ज्वलंत मुद्दों पर सीएम की चुप्पी निराशाजनक: राकेश

**नई टिहरी।** जिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल के पूर्व अध्यक्ष राकेश राणा ने कहा कि वर्तमान समय में जनपद के ज्वलंत मुद्दों पर प्रदेश के मुख्यमंत्री का चुप रहना निराशाजनक हे। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कोटी कॉलोनी में आयोजित टिहरी लेक फेस्टिवल में भाग लेने पहुँचे। टिहरी की जनता ने उनका खूब स्वागत तो किया, लेकिन उनके संबोधन में जनपद के ज्वलंत मुद्दों पर कोई स्पष्ट चर्चा या ठोस आश्वासन न होने से क्षेत्र की जनता में गहरी निराशा देखने को मिली।

टिहरी जनपद आज कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। टिहरी मेडिकल कॉलेज की स्थापना का मुद्दा वर्षों से लंबित है, जंगली जानवरों के बढ़ते आतंक से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का जीवन असुरक्षित होता जा रहा है, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएँ पर्याप्त नहीं हैं, गर्भवती महिलाएं अस्पताल में आने से पहले दम तोड़ती जा रही है, और युवाओं के सामने रोजगार के अवसरों की भारी कमी है।

# गुलदार ने एक ही रात में मारीं 17 बकरियां

- आतंक से दहला दशज्यूला पट्टी का ग्राम ढुंग
- ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश, वन विभाग से मुआवजा व पिंजरा लगाने की मांग
- खेती के बाद अब पशुपालन पर भी संकट, जंगली जानवरों से दोहरी मार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में गुलदार का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। विकासखंड अगस्त्यमुनि के दूरस्थ ग्राम ढुंग में गुरुवार रात गुलदार ने भारी तबाही मचाते हुए दो पशुपालकों की 17 बकरियों को मार डाला। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है, वहीं ग्रामीणों में वन विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश भी देखने को मिल रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार देर रात गुलदार ने ग्राम ढुंग निवासी दिगपाल सिंह नेगी और सज्जन सिंह नेगी के बकरी बाड़े पर धावा बोल दिया।

गुलदार ने एक के बाद एक कुल 17 बकरियों को मौत के घाट उतार दिया। सुबह जब पशुपालक बाड़े में पहुंचे तो वहां का मंजर देखकर उनके होश उड़ गए। बाड़े में चारों ओर लहूलुहान बकरियां पड़ी हुई थीं। इस हमले से दोनों परिवारों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में जंगली जानवरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। एक ओर बंदर, जंगली सूअर और लंगूर खेतों में खड़ी फसलों को बर्बाद कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर गुलदार अब पालतू जानवरों को निशाना बना रहा है। ग्रामीणों के अनुसार खेती पहले ही जंगली जानवरों की भेंट चढ़ चुकी है और अब पशुपालन भी असुरक्षित हो गया है, जिससे लोगों की आजीविका पर संकट मंडरा रहा है।

जिला पंचायत सदस्य जयवर्धन काण्डपाल ने बताया कि घटना की सूचना वन विभाग को दे दी गई है। उन्होंने मांग की कि प्रभावित परिवारों को तत्काल उचित मुआवजा दिया जाए तथा गांव में गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाकर गश्त बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और नुकसान का आकलन शुरू कर दिया। हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग की ओर से अक्सर केवल खानापूर्ति की जाती है, जबकि जंगली जानवरों के आतंक से राहत दिलाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जाते।

प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) रजत सुमन ने बताया कि विभागीय टीम द्वारा मौके का निरीक्षण कर क्षति का आंकलन लिया गया है।

रिपोर्ट तैयार होने के बाद प्रभावित पशुपालकों को मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। साथ ही गुलदार की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ट्रैप कैमरे और पिंजरे लगाए जाएंगे तथा क्षेत्र में गश्त भी बढ़ाई जाएगी।

# डीएम ने किसान रजिस्ट्री की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी, लगाई फटकार

- 15 दिन के भीतर रजिस्ट्री पूर्ण करने का दिया अल्टीमेटम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** घजिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने किसान रजिस्ट्री की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताई । शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रगति के लिए आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान फॉर्मर रजिस्ट्री के कार्य की धीमी गति पर गहरा असंतोष व्यक्त किया और कृषि विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। फॉर्मर रजिस्ट्री के कार्य में धीमी गति और लापरवाही को देखते हुए जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित विभाग के कार्मिकों के वेतन आहरण पर आगामी आदेशों तक तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने कहा 31 मार्च तक रजिस्ट्री न होने पर पीएम किसान सम्मान निधि रुक सकती है। उन्होंने सहयोग की अपील की है जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह कार्य सीधा किसानों के हितों से जुड़ा है इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सभी एसडीएम और तहसीलदारों को कड़े निर्देश दिए गए कि वे कृषि, उद्यान और पंचायत विभाग के कार्मिकों के साथ-साथ पटवारियों को तत्काल फील्ड में उतारें ताकि 15 दिनों के भीतर सभी रजिस्ट्री कार्य पूरे किए जा सकें। इसके साथ ही, तकनीकी समस्याओं और आधार में मोबाइल नंबर अपडेट जैसी बाधाओं के निराकरण हेतु ईडीएम को निर्देश दिए गए हैं कि वे पटवारी, वीडीओ, वीपीडीओ और एएओ को तत्काल तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करें।

घजिलाधिकारी ने जनपद के सभी किसानों से अपील की है कि वे श्एग्रीस्टैकश के तहत अपनी डिजिटल आईडी बनवाने में प्रशासन का सहयोग करें, क्योंकि यह उनके हित के लिए है। उन्होंने सचेत किया कि 31 मार्च तक रजिस्ट्री पूर्ण न होने पर संबंधित किसान पीएम किसान सम्मान निधि के लाभ से वंचित हो सकते हैं। किसान आधार कार्ड, खतौनी और आधार से लिंक मोबाइल नंबर के साथ स्वयं पोर्टल, जन सेवा केंद्र या विभागीय शिविरों के माध्यम से अपना पंजीकरण समय से पूर्ण करा लें। बैठक में एडीएम मुक्ता मिश्र, सीएचओ रजनीश सैनी उपस्थित रहे तथा सभी एसडीएम और संबंधित विभागों के अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।वहीं उपजिलाधिकारी डुंडा देवेन्द्र शर्मा ने किसान रजिस्ट्री की स्थलीय निरीक्षण करने पिपली धनारी पहुंच कर क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक समेत कृषि विभाग के कर्मियों से प्रगति आख्या देखकर नाराजगी जताई है। उन्होंने राजस्व निरीक्षक और कृषि कर्मीयों को कृषि रजिस्ट्री कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

## एक नजर .......

### दशोली ब्लॉक के ग्राम सभा लासी में पूर्णत: शराब बंद

**चमोली।** जनपद चमोली के विकासखंड दशोली के अंतर्गत ग्राम सभा लासी में बुधवार को गांववासियों ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए गांव में पूर्ण रूप से शराब बंद करने का संकल्प लिया। इस दौरान ग्रामीणों ने एकजुट होकर शपथ ली कि गांव में शराब का सेवन और बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी।

ग्रामीणों ने मां नंदा देवी और जाख देवता की कसम खाकर यह संकल्प लिया कि गांव को नशामुक्त बनाया जाएगा और किसी भी व्यक्ति को शराब पीने या बेचने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

नयन कुंवर का कहना है कि शराब के कारण समाज और परिवारों में कई तरह की समस्याएं पैदा होती हैं, इसलिए गांव के सभी लोगों ने मिलकर यह फैसला लिया है। गांव की महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने इस निर्णय का समर्थन करते हुए इसे समाज के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

### ग्रामीणों ने की शहीद विजय सिंह गुसांई के स्मारक बनाने की मांग

**नई टिहरी।** नरेंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में क्वीली पट्टी के कंडारी गांव निवासी शहीद विजय सिंह गुसांई की स्मृति में स्मारक बनाए जाने की मांग को लेकर तहसील प्रशासन की टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया। जिसके बाद उनके गांव में जल्द स्मारक स्थापित किए जाने की उम्मीद जग गई है।

23 जून 2025 को शहीद हुए विजय सिंह गुसांई के निधन के बाद कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल परिवार को सांत्वना देने के लिए उनके गांव कंडारी गांव पहुंचे थे। जहां कैबिनेट मंत्री ने शहीद की स्मृति में स्मारक बनाए जाने के लिए भूमि चयन की बात कही थी। इसके बाद जनप्रति. निधियों के शिष्टमंडल ने देहरादून में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल को पत्र सौंप और पावर ग्रिड महाप्रबंधक से सीएसआर मद से स्मारक बनाए जाने के लिए धनराशि स्वीकृत करने के लिए वार्ता किए जाने की मांग की। जिस पर कैबिनेट मंत्री ने महाप्रबंधक पावर ग्रिड फफराणा पोखरी को धनराशि स्वीकृत करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को स्मारक निर्माण को लेकर भूमि के स्थलीय निरीक्षण के लिए तहसीलदार गजा विनोद तिवारी, नगर पंचायत गजा अध्यक्ष कुंवर सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य जोत सिंह असवाल, राजस्व उप निरीक्षक प्रमिला पठोई सहित अन्य जनप्रतिनिधि चिह्नित स्थल पर पहुंचे। तहसीलदार गजा विनोद तिवारी ने राजस्व उप निरीक्षक प्रमिला पठोई को स्थलीय रिपोर्ट तैयार कर महाप्रबंधक पावर ग्रिड कारपोरेशन को प्रस्तुत करने को कहा है। ताकि आगणन तैयार होकर शहीद स्मारक बनाए जाने की कार्रवाई गतिमान हो सके। शहीद के परिवार व क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों ने कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल का आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर विनोद चौहान, जितेंद्र सजवाण, मकान सिंह चौहान, दरब्यान सिंह रावत, शैलेश मुयाल, सुरेंद्र सजवाण, सुरेंद्रलाल, डीपी उनियाल, ताजबीर सिंह खाती, क्षेपं सदस्य सुदान सिंह रमोला, दीपक बिजल्वाण, धन सिंह सजवाण आदि मौजूद रहे।

### फरार चल रहे वारंटी को चंबा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नई टिहरी।** थाना चंबा और थाना घनसाली पुलिस ने लंबे समय से फरार एक-एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। एसएसपी टिहरी आयुष अग्रवाल के निर्देश पर जनपद पुलिस की ओर से वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसको लेकर पुलिस टीम की ओर से लगातार दबिश दी जा रही है।

इसके तहत थाना चंबा पुलिस ने वारंटी नरेंद्र प्रसाद लेखवार निवासी पुजाल्डी, पोस्ट काणाताल, पट्टी बमुण्ड, चंबा को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। जबकि थाना घनसाली पुलिस ने न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, टिहरी की ओर से निर्गत एनबीडब्ल्यू के अनुपालन में उत्तम सिंह कठैत निवासी ग्राम अखोडी, पट्टी ग्यारहगांव, घनसाली को गिरफ्तार किया है।

## खस्ताहाल व्यवस्था के खिलाफ युवा नेता प्रदीप गोदियाल ने दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कीर्तिनगर** । जनपद टिहरी गढ़वाल के पट्टी लोस्तू कीर्तिनगर में जन सुविधाओं के आभाव में लगातार हो रहे पलायन पर शासन प्रशासन को जगाने के लिए क्षेत्र की जनता ने युवा प्रदीप गोदियाल के नेतृत्व में ग्राम पांणव में अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया है ।

प्रदीप गोदियाल का कहना है कि ग्राम पांणव और पट्टी लोस्तू कीर्तिनगर, टिहरी गढ़वाल क्षेत्र के समस्त गांव जो कि बीहड़ एवं जटिल समस्याओं से घिरे हुए हैं। यहां शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। जिसके कारण लगभग 90 प्रतिशत जनता पलायन कर चुकी है। इन्हीं समस्याओं को चिहिंत करते हुए पांणव गांव और आसपास के क्षेत्र के गांवों के युवा साथियों द्वारा शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करने हेतु दूरस्थ गांव पांणव में 5 मार्च से समाधान होने तक क्षेत्रीय जनता के समर्थन से धरना शुरू किया है। युवा नेता प्रदीप गोदियाल ने कहा कि शासन प्रशासन ने क्षेत्र को हमेशा प्रलोभन के तौर पर कई बार सर्वे के नाम पर झूठे आश्वासन दिए हैं। पिछले 38 वर्षों से जनता इन्हीं प्रलोभनों से कष्टों को झेलती आ रही है।

# 'अभियान प्रहरी पड़ाव' के तहत ग्राम फेगू में सजी रात्रि चौपाल

- अब तक छह गांवों में आयोजित हो चुकी रात्रि चौपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद रुद्रप्रयाग में पुलिस और जनता के बीच की दूरी को कम करने और आपसी विश्वास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुश्री नीहारिका तोमर के निर्देशन में "अभियान प्रहरी पड़ाव" का सफल संचालन किया जा रहा है। इस अभिनव पहल के अन्तर्गत जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में अब तक 6 गांवों में रात्रि चौपाल का आयोजन कर पुलिस टीम द्वारा सम्बन्धित गांवों में रात्रि विश्राम कर ग्रामीणों की समस्याओं को जमीनी स्तर पर समझ रहे हैं।

इसी कड़ी में बीते गुरूवार को कोतवाली गुप्तकाशी के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार के नेतृत्व में चौकी फाटा क्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम फेगू में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने न केवल ग्रामीणों के साथ संवाद किया, बल्कि गांव में ही रात्रि विश्राम कर वहां के परिवेश और स्थानीय चुनौतियों को करीब से महसूस किया। चौपाल के दौरान प्रभारी निरीक्षक ने वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति ग्रामीणों को सचेत करते हुए सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग की विस्तृत जानक. ारी साझा की। उन्होंने मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए नशामुक्त अभियान में ग्रामीणों से सक्रिय सहयोग की अपील की और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के उद्देश्य से बाहरी व्यक्तियों के अनिवार्य सत्यापन पर विशेष जोर दिया गया और स्पष्ट निर्देश दिए गए कि बिना सत्यापन किसी भी अज्ञात व्यक्ति को किराये पर न रखा जाए। इसके अतिरिक्त, गांव में अकेले रह रहे बुजुर्गों की सुरक्षा और उनके कल्याण को लेकर पुलिस व ग्रामीणों के बीच निरन्तर समन्वय बनाए रखने पर गहन चर्चा हुई। गांव के जनमानस व उपस्थित महिलाओं द्वारा स्पष्ट किया गया कि वे शराबबंदी के पूर्णत: खिलाफ हैं तथा पुलिस प्रशासन को आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर गांव के ग्राम प्रधान, सम्मानित वरिष्ठ नागरिक, युवक व महिला मंगल दल के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रतिभाग कर पुलिस की इस मानवीय और सुरक्षात्मक पहल की मुक्त कंठ से सराहना की गई।

## प्रशासन के आश्वासन पर हुआ स्थगित अनशन

**नई टिहरी।** विकासखंड भिलंगना के अंतर्गत ग्राम पंचायत गेंवाली के ग्रामीणों का लंबित सात सूत्रीय मांगों को लेकर शासन-प्रशासन के खिलाफ अनिश्चित कालीन आमरण अनशन शुक्रवार को 15वें दिन एसडीएम घनसाली अलकेश नौडियाल के आश्वासन पर स्थगित हो गया। एसडीएम के सकारात्मक आश्वासन के बाद से ग्रामीण में खुशी है, वहीं प्रशासन को भी कुछ राहत मिली है। आपदा प्रभावित ग्राम गेंवाली के ग्रामीण क्षतिग्रस्त मोटर मार्ग की मरम्मत, विद्यालय भवन का निर्माण, अधूरे पुल निर्माण को पूरा करना आदि मांगों को लेकर चल रहा था अनशन।

# अगरोड़ा न्याय पंचायत में हुआ बहुउद्देश्यीय शिविर आयोजित

- 24 शिकायतें दर्ज, अधिकांश का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सतपुली।** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत विकासखंड कल्जीखाल की न्याय पंचायत अगरोड़ा में बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 24 शिकायतें दर्ज हुई, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।

शिविर की अध्यक्षता संयुक्त मजिस्ट्रेट दीक्षिता जोशी ने की। उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनते हुए कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया। साथ ही शेष शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने कहा कि क्षेत्रीय अधिकारी नियमित रूप से फील्ड में जाकर आमजन की समस्याओं को सुनें और यथासंभव मौके पर ही उनका समाधान करें, ताकि लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया और अधिकारियों को जनहित योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। नोडल अधिकारी शि. विर एवं मत्स्य अधिकारी अभिषेक मिश्रा ने बताया कि शिविर में स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, राजस्व, सहित कुल 23 विभागों के स्टॉल लगाए गए थे।

## ढूंडसिर मोटर मार्ग का निर्माण कार्य धीमी गति से चलने पर रोष

- ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के ग्राम सारकेना के धारी ढूंडसिर मोटर मार्ग से जुड़े लगभग 5 किमी लंबे मोटर मार्ग का निर्माण कार्य वर्ष 2021 से कछुए की गति से चल रहा है।

लंबे समय से निर्माण कार्य अधूरा रहने के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की जो कटिंग की गई है, वह भी मानकों के अनुसार पूरी नहीं की गई है, जिससे लगातार खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार जिन घरों के सामने से सड़क निकाली गई है, वहां पुस्ता (सुरक्षात्मक दीवार) का निर्माण भी अधूरा छोड़ दिया गया है। ऐसे में आगामी बरसात के मौसम में जनहानि होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीण हरिभजन सिंह ने कहा कि सड़क की कटिंग के कारण मोहल्ले में लगातार पत्थर गिर रहे हैं, जिससे कई घरों को नुकसान भी पहुंच रहा है। इसके अलावा ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दो वर्षों से घरों तक जाने वाले रास्ते भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।

# एनआईटी निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों की वार्ता विफल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड खिर्सू के सुमाड़ी में निर्माणाधीन राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) का निर्माण कार्य में अनियमिताओं के आरोप सहित अन्य मांगों को लेकर ग्रामीणों ने गुरूवार को एनआईटी निर्माण कार्य बाधित रखा।

मौके पर पहुंचा स्थानीय प्रशासन की मध्यस्ता में ग्रामीणों की बैठक आहूत की गई। मांगों पर बात साकरात्मक आश्वासन न मिलने पर ग्रामीणों का आंदोलन जारी रहा। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि सुमाड़ी में निर्माणाधीन एनआईटी परियोजना में स्थानीय प्रभावितों को रोजगार दिए जाने, चमराडा फील्ड से एनआईटी की बोरिंग बंद किए जाने, निर्माण कार्य में मानकों के विरुद्ध कार्य किए जाने से चमराडा-खाल्लू मार्ग की स्थिति को ठीक करने, संस्थान से निकल गए स्थानीय लोगों को पुन: रोजगार दिए जाने तथा कंपनी द्वारा मजदूरों के लिए सीवरेज की उचित व्यवस्था किये जाने आदि मांगों पर कार्यवाही नहीं होती एनआईटी का निर्माण कार्य बाधित रहेगा।

इस दौरान मौके पर पहुंचे प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को समझाने कि कोशिश की, लेकिन ग्रामीण एक न माने।

> ''एनआईटी निर्माण कार्य को लेकर गुरूवार को एनबीसी कंपनी एवं ग्रामीणों की बैठक आहुत की गई। मौके पर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर जल्द से कार्यदायी संस्था एनबीसीसी को जल्द समस्याओं के निस्तारण करने को कहा गया है।''
>
> **दीपक भंडारी, तहसीलदार श्रीनगर गढ़वाल।**

# वनाग्नि रोकने के लिए किया प्रशिक्षण और मॉक अभ्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जिले भर में वनाग्नि की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए वन विभाग द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को वनाग्नि रोकथाम और नियंत्रण के बारे में सैद्धांतिक और व्यावहारिक जानकारी दी गई है।

शुक्रवार को जिलाधिकारी प्रशांत आर्य व प्रभागीय वनाधिकारी डी पी बलूनी के निर्देशों के क्रम में ग्रीष्मकाल के दौरान होने वाली वनाग्नि की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर वनाग्नि रोकथाम संबंधी प्रशिक्षण, कार्यशाला एवं मॉक अभ्यास का आयोजन वन विभाग के अधिकारियों एवं कार्मिकों के विकासखण्ड परिसर भटवाड़ी में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों (गंगोत्री,टकनौर, बाड़ाहाट,भूमि संरक्षण वन प्रभाग, गंगोत्री नेशनल पार्क एवं वन निगम) को सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक रूप से महत्वपूर्ण जानकारियां दी की गई और मॉक अभ्यास भी कराया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में वन विभाग के 83 अधिकारियों और कर्मचारियों सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों ने भी भाग लिया।

### 'मुख्य बिंदु'

- वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी उपायों पर चर्चा
- घायल व्यक्तियों के प्रबंधन और रेस्क्यू के तरीकों पर जानकारी
- वन संपदा की सुरक्षा और बचाव के लिए उपकरणों का उपयोग
- आपदा प्रबंधन और सैटेलाइट फोन की उपयोगिता के बारे में जानकारी

इस दौरान फायर सर्विस के आरक्षी संजय कुमार ने घरेलू आग एवं वनाग्नि की घटनाओं के बारे में जानकारी देते हुए वन संपदा को बचाने के लिए उपयोग किए जाने वाले उपकरणों के प्रयोग की जानकारी दी।

स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिनव ने वनाग्नि में घायल व्यक्तियों को दी जाने वाली प्राथमिक चिकित्सा के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण मे वन क्षेत्राधिकारी टकनौर, वन विभाग के वन बाडाहाट मुकेश रतूड़ी ने वनाग्नि की पीपीटी के माध्यम से वनाग्नि एवं वन संपदा की सुरक्षा तथा घायल व्यक्तियों के प्रबंधन में रिस्पांस टाइम को कम करने के उपायों के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण मे रूप मोहन नौटियाल वन क्षेत्राधिकारी टकनौर, वन क्षेत्राधिकारी गंगोत्री यशवन्त चौहान, वन क्षेत्राधिकारी इन्द्रावती महावीर सिंह खरोला उपस्थित थे।

# दून शहर की सुंदरता से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं: तिवारी

## कहा: सार्वजनिक संपत्ति और सौन्दर्यीकरण कार्यों को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

**सहस्त्रधारा रोड पर डिवाइडर से फूल उखाड़ने की घटना का एमडीडीए ने लिया संज्ञान, फूल उखाड़ने वालों पर होगी कार्रवाई**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** शहर की हरियाली और सौन्दर्यीकरण को बनाए रखने के लिए मसूरीख्रदेहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) द्वारा चलाए जा रहे व्यापक अभियान के बीच सहस्त्रधारा रोड पर डिवाइडर में लगाए गए फूलों को उखाड़ने की घटना सामने आई है। निरीक्षण के दौरान सामने आई इस घटना को प्राधिकरण ने गंभीरता से लेते हुए इसे शहर की सुंदरता और सार्वजनिक संपत्ति के साथ खिलवाड़ करार दिया है। एमडीडीए ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी के दिशा-निर्देशों के क्रम में देहरादून शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों और डिवाइडरों पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण तथा सजावटी फूल-पौधों का रोपण कराया जा रहा है। शहर को स्वच्छ, हरित और आकर्षक बनाने के उद्देश्य से एमडीडीए द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत सहस्त्रधारा रोड, राजपुर रोड समेत अन्य महत्वपूर्ण मार्गों के डिवाइडरों को रंग-बिरंगे मौसमी फूलों और सजावटी पौधों से सजाया गया है। इस पहल से शहर की सुंद. रता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और राहगीरों को भी एक सुखद वातावरण मिल रहा है। एमडीडीए की टीम द्वारा इन पौधों की सुरक्षा और देखभाल सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में हाल ही में सहस्त्रधारा रोड पर किए गए निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि डिवाइडर पर लगाए गए कई फूलों और पौधों को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा उखाड़ दिया गया है। प्राधिकरण की टीम ने मौके की तस्वीरें भी संकलित की हैं, जिनसे स्पष्ट होता है कि लगाए गए पौधों को जानबूझकर क्षतिग्रस्त किया गया है। प्राधिकरण के अनुसार इस प्रकार की घटनाएं न केवल शहर की हरियाली और सौन्दर्यीकरण को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि सरकारी संसाधनों से किए जा रहे विकास कार्यों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। सार्वजनिक धन से किए गए इन प्रयासों को नुकसान पहुंचाना एक गंभीर मामला है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। एमडीडीए ने स्पष्ट किया है कि शहर की सार्वजनिक संपत्ति और सौन्दर्यीकरण कार्यों को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण ने शहरवासियों से भी अपील की है कि वे देहरादून की हरियाली और सुंदरता को बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। यदि किसी व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए पौधों को नुकसान पहुंचाने या उखाड़ने जैसी गतिविधि करते हुए देखा जाता है, तो इसकी सूचना तत्काल प्राधिकरण अथवा प्रशासन को दी जाए, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। एमडीडीए का मानना है कि देहराद. ून की पहचान उसकी प्राकृतिक सुंदरता और हरियाली से है।

### देहरादून शहर की प्राकृतिक सुंदरता और हरियाली को बनाए रखना प्राधिकरण की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल



मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि देहरादून शहर की प्राकृतिक सुंदरता और हरियाली को बनाए रखना प्राधिकरण की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य से शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों और डिवाइडरों पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण तथा सजावटी पौधों का रोपण कराया जा रहा है। यह प्रयास न केवल शहर के सौन्दर्यीकरण को बढ़ावा देता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और नागरिकों के बेहतर जीवन स्तर से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि सहस्त्रधारा रोड पर लगाए गए फूलों को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा उखाड़े जाने की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस प्रकार की गतिविधियां शहर की छवि को धूमिल करने के साथ-साथ सरकारी संसाधनों की भी क्षति करती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के कृत्यों में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### नियमित रूप से की जा रही पौधों की निगरानी: बर्निया

एमडीडीए के सचिव मोहन सिंह बर्निया ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों और डिवाइडरों पर लगाए गए पौधों की नियमित निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में सहस्त्रधारा रोड पर किए गए निरीक्षण के दौरान कुछ फूलों को उखाड़े जाने की घटना सामने आई है, जिसकी तस्वीरें भी टीम द्वारा संकलित की गई हैं। उन्होंने कहा कि शहर के सौन्दर्यीकरण और पर्यावरण संरक्षण के लिए यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे ऐसे असामाजिक तत्वों की सूचना प्रशासन को दें और शहर की हरियाली को सुरक्षित रखने में सहयोग करें।

# उत्तरकाशी में वनाग्नि का खतरा बढ़ा, विभाग अलर्ट पर



**शीतकालीन सीजन में कम वर्षा- बर्फबारी से बढ़ रही वनाग्नि की घटनाएं**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** : उत्तरकाशी वन प्रभाग ने शीतकालीन सीजन में कम वर्षा- बर्फबारी और तापमान में वृद्धि के कारण वनाग्नि की घटनाओं की संभावना को देखते हुए अलर्ट जारी किया है। विभाग के अधिकारी और कर्मचारी नियमित गश्त कर रहे हैं और वनाग्नि की किसी भी सूचना पर तत्काल सूचना देने की अपील की गई है।

शुक्रवार को प्रभागीय वनाधिकारी उत्तरकाशी डीपी बलूनी ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि

शुक्रवार को वन प्रभाग के विभिन्न क्षेत्रों में वनाग्नि की पांच घटनाएं हुईं जिससे करीब 04.25 हे0 आरक्षित एंव सिविल क्षेत्र प्रभावित हुआ

उन्होंने बताया कि वीरवार को एक राहगीर की मृत्यु सड़क पर वाहन चलाते समय पहाड़ी ऊपर से पत्थर गिरने के कारण हो गई।

जिस पर वन विभाग ने शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी गहरी संवे. दना व्यक्त की है।

डीएफओ ने आमजन से अपील की कि वे वन क्षेत्रों में आग के प्रति पूर्ण सावधानी बरतें किसी भी स्थान पर आग लगने की सूचना तुरंत नजदीकी वन चौकी या कू स्टेशन को दें।

डीएफओ ने बताया कि उत्तरकाशी वन प्रभाग स्थानीय जनता, ग्राम सभाओं तथा विभिन्न स्वयंसेवी समूहों एवं अन्य विभागों के सहयोग से वन संपदा के संरक्षण एवं वनाग्नि की घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रतिबद्ध।

# ओएनजीसी ने बीपीसीएल को हराकर बनाई बढ़त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** ओएनजीसी की और से पब्लिक सेक्टर स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (पीएसपीबी) के तत्वावधान में परेड़ ग्राउन्ड स्थित इंडौर स्टेडियम में 33वां बाष्स्केटबाल एवं 45वां वालीबॉल चौम्पियनशिप के लिए मुकाबला शुरू हो गया है।

6 मार्च से 9 मार्च तक चलने वाले इस चार दिवसीय टूर्नामेंट में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम ओएनजीसी, आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल, सीपीसीएल, ओआईएल,एवं एमआरपीएल के खिलाडी दमखम के साथ भाग ले रहे हैं, उक्त प्रतियोगिता में वालीबॉल की आठ टीमें और बाष्स्केटबाल की छह टीमें भाग लेकर खेल कौशल का प्रर्दशन करेंगी।

टूर्नामेंट का शुभारम्भ ओएनजीसी के निदेशक (एचआर) मनीष पाटिल एवं प्रमुख मानव संसाधन सेवाएं नीरज कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर ओएनजीसी के निदेशक मनीष पाटिल ने खिलाडियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। खेल हमें स्वस्थ रहने व टीमवर्क, अनुशासन और नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण मूल्यों को विकसित करने मे मदद करते है। उन्होने सभी खिलाडियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। एचसीए नीरज कुमार शर्मा ने कहा कि प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाडियों को देखकर मुझे असीम हर्ष व गर्व हो रहा है।

# सॉन्ग और कमल नदी परियोजनाओं की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में स्प्रिंग एंड रिवर रिजुवनेशन अथॉरिटी की उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विश्व बैंक पोषित जलागम विकास, जल निकायों के पुनर्जीवन, वृक्षारा. ेपण, पारंपरिक नौलों-धारों के संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में देहरादून की सॉन्ग नदी तथा उत्तरकाशी की कमल नदी से संबंधित दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त 23 अप्रैल 2025 को आयोजित सारा की पिछली बैठक



में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा भी की गई।

मुख्य सचिव ने सॉन्ग नदी से जुड़े क्षेत्रों का विस्तृत चिन्हीकरण करने के निर्देश दिए, जहाँ सुधार एवं हस्तक्षेप (इंटरवेंशन) की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चिन्हित क्षेत्रों के अनुसार आवश्यक कार्यों का निर्धारण कर संबंधित कार्यदायी संस्था द्वारा उनकी डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार कराई जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि परियोजना के क्रियान्वयन के बाद उसके प्रभाव (इंपैक्ट) का वैज्ञानिक मूल्यांकन भी किया जाए। इसके लिए आईआईटी रुड़की जैसे तकनीकी संस्थानों के सहयोग की संभावनाओं पर भी विचार करने को कहा गया।

### जल संरक्षण और पारंपरिक स्रोतों के पुनर्जीवन पर जोर

मुख्य सचिव ने निर्देशित किया कि सारा की बैठकें नियमित अंतराल पर आयोजित की जाएं तथा वाटर रिचार्ज, वनीकरण और पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण से जुड़े कार्यों की गति तेज की जाए।

उन्होंने सभी जनपदों को निर्देश दिए कि पौराणिक और पारंपरिक नौलों-धारों का चिन्हीकरण कर उनकी नैसर्गिक संरचना को सुरक्षित रखते हुए वैज्ञानिक तरीकों से आवश्यक उपचार किया जाए, ताकि उनकी प्राकृतिकता बनी रहे और पारिस्थितिकी तंत्र पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

मुख्य सचिव ने वन क्षेत्रों में कैंपा फंड के माध्यम से कन्वर्जेंस करते हुए जल संरक्षण से जुड़े संबंधित कार्यों को संपादित करें।बैठक में सचिव दिलीप जावलकर, सी रविशंकर, अपर सचिव हिमांशु खुराना, अपूर्वा पांडेय, कहकशां नसी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### झंडा मेले की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद,किया मेला क्षेत्र का निरीक्षण

**देहरादून।** आगामी 8 मार्च को ऐतिहासिक श्री झंडा जी के आरोहण के साथ शुरू होने वाले वार्षिक झंडा मेले को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक नगर (एसपी सिटी) देहरादून ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी ने कहा कि झंडा जी के आरोहण के अवसर पर उत्तराखंड के साथ-साथ बाहरी राज्यों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु देहरादून पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए पूरे मेला क्षेत्र में त्रुटिरहित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा मानकों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सुरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए इस बार आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। एसपी सिटी ने संपूर्ण मेला परिसर की सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के माध्यम से सतत निगरानी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, भीड़ के बीच छिपे संदिग्ध और अराजक तत्वों पर नजर रखने के लिए सादे वस्त्रों में पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

### देहरादून को जल्द मिलेगी पहले फूड कोर्ट की सौगात

**देहरादून।** राजधानी देहरादून के निवासियों और पर्यटकों के लिए अच्छी खबर है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में नगर निगम द्वारा निर्मित शहर का पहला 'फूड कोर्ट डेस्टिनेशन' जल्द ही जनता को समर्पित होने जा रहा है। रायपुर-थानों रोड पर महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के पास बन रहा यह फूड कोर्ट अपनी तैयारियों के अंतिम चरण में है।नगर निगम की इस महत्वाकांक्षी परियोजना में कुल 31 संगठित दुकानें बनाई गई हैं। यहाँ एक ही छत के नीचे विभिन्न राज्यों और अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों के साथ-साथ उत्तराखंड के स्थानीय स्ट्रीट फूड का स्वाद भी चखने को मिलेगा। नगर आयुक्त नमामि बंसल ने बताया कि इस फूड पार्क को इंदौर मॉडल की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। वर्तमान में यहाँ सौंदर्यीकरण और साइनबोर्ड लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है।शहर की भीड़-भाड़ और ट्रैफिक से दूर इस फूड कोर्ट में आगंतुकों की सुविधा के लिए ओपन डाइनिंग, लाइट शो, व्यवस्थित बैठने की जगह और वॉकिंग गैलरी की सुविधा दी गई है। एयरपोर्ट मार्ग पर भारी ट्रैफिक को देखते हुए निगम ने यहाँ पर्याप्त पार्किंग क्षेत्र का भी निर्माण किया है। यह प्रोजेक्ट न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगा।

### गृहमंत्री अमित शाह के दौरे को लेकर दून प्रशासन हाई अलर्ट पर

**देहरादून।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के शनिवार को प्रस्तावित उत्तराखंड दौरे को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस महकमा पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। दौरे की संवेदनशीलता को देखते हुए शुक्रवार को जिलाधिकारी सविन बंसल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोभाल ने डोईवाला से लेकर हरिद्वार जनपद की सीमा तक व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आज शाम तक सभी तैयारियां हर हाल में पूरी कर ली जाएं।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों की टीम रायवाला स्थित होटल गॉडविन पहुंची, जहां गृहमंत्री का अल्प विश्राम और पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक प्रस्तावित है। डीएम ने होटल तक जाने वाले संपर्क मार्ग, पार्किंग और आंतरिक व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा। उन्होंने होटल प्रबंधन को फायर सेफ्टी ऑडिट तत्काल कराने और संबंधित विभागों को बिजली, लिफ्ट व एयर कंडीशनिंग के सेफ्टी सर्टिफिकेट प्रस्तुत करने के कड़े निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग और विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जेनसेट के माध्यम से वैकल्पिक बिजली व्यवस्था सुनिश्चित रहे। उन्होंने कहा कि लॉजिस्टिक और सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोभाल ने सुरक्षा घेरे और ट्रैफिक प्लान को लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।इस मौके पर एसपी ग्रामीण जया बलूनी, एडीएम केके मिश्रा, एसडीएम ऋषिकेश योगेश मेहरा समेत पीडब्ल्यूडी, ऊर्जा और फायर सेफ्टी विभाग के तमाम आला अधिकारी मौजूद रहे।

### गैंगस्टर एक्ट में फरार नशा तस्कर गिरफ्तार

**देहरादून।** थाना रायपुर पुलिस ने नशा तस्करी और संगठित अपराध के खिलाफ अभियान चलाते हुए लंबे समय से फरार चल रहे एक गैंगस्टर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्त आयुष रावत, जो अपने साथियों के साथ मिलकर नशीले पदार्थों के काले कारोबार में लिप्त था, पुलिस की आंखों में धूल झोंककर फरार चल रहा था।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर नशा तस्करों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही थी। इसी क्रम में रायपुर पुलिस ने पूर्व में नीरज कठैत, सौरभ चौहान, आयुष रावत और धर्मराज धामी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट (मु0अ0सं0- 293/25) में मुकदमा दर्ज किया था। गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी थी, लेकिन आयुष रावत लगातार फरार चल रहा था।एसएसपी के सख्त रुख के बाद रायपुर पुलिस ने फरार अभियुक्त की तलाश के लिए एक टीम गठित की। पुलिस ने मुखबिरों और मैन्युअल इनपुट की मदद से अभियुक्त के संभावित ठिकानों पर दबिश दी।

# मानव विकास सूचकांक के दावे जमीनी हकीकत से दूर: निजामुद्दीन

**प्रदेश में पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की स्थिति चिंता. जनक**

**सरकारी स्कूल, फैक्ट्रियां घटी, पलायन से गांव हो रहे खाली**




**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व दिल्ली प्रभारी विधायक काजी निजामुद्दीन ने शुक्रवार को राजीव भवन में पत्रकार वार्ता में कहा कि सरकार की और से प्रस्तुत मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) के आंकड़े धरातल की सच्चाई से बिल्कुल अलग हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बड़े-बड़े दावे कर रही है, जबकि प्रदेश में पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

काजी निजामुद्दीन ने कहा कि देहरादून में वायु गुणवत्ता लगातार खराब हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि विकास इतना ही हुआ है तो ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन क्यों नहीं रुक रहा।उन्होंने सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 2016-17 में प्रदेश में 12,601 प्राथमिक विद्यालय थे, जो 2025 में घटकर 11,116 रह गए हैं। वहीं माध्यमिक विद्यालयों की संख्या 1100 से घटकर 921 रह गई है। कुल विद्यालयों की संख्या भी 17,753 से घटकर 16,018 हो गई है।उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेरा. ेजगारी के साथ-साथ स्वरोजगारी भी बड़ी समस्या बन चुकी है, जहां शिक्षित युवा अपनी योग्यता से कम स्तर की नौकरियां करने को मजबूर हैं।

सरकार द्वारा प्रति व्यक्ति आय 2.73 लाख रुपये बताने पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि पहाड़ी जिलों में वास्तविक आय इससे काफी कम है।काजी निजामुद्दीन ने कहा कि पिछले वर्षों में प्रदेश में उद्योगों की संख्या भी घटी है। वर्ष 2017 में 2987 फैक्ट्रियां थीं जो अब 2897 रह गई हैं। इससे रोजगार के अवसर भी कम हुए हैं।

उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में 59 प्रतिशत बच्चे एनीमिया से पीड़ित हैं और लगभग 45 प्रतिशत महिलाओं में खून की कमी है। वहीं करीब 27 प्रतिशत बच्चे कुपोषण का शिकार हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सामाजिक सेवाओं और ग्रामीण विकास के लिए आवंटित बजट का बड़ा हिस्सा खर्च नहीं कर पाई। साथ ही कहा कि वर्ष 2017 में राज्य पर 44,508 करोड़ रुपये का कर्ज था जो अब बढ़कर 1,08,527 करोड़ रुपये हो गया है।

पत्रकार वार्ता में प्रदेश महामंत्री राज. ेंद्र शाह, सोशल मीडिया सलाहकार अमरजीत सिंह, प्रवक्ता सुजाता पॉल, डॉ. प्रतिमा सिंह, पूर्व सैनिक विभाग अध्यक्ष रामरतन नेगी और अभिनव थापर आदि मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** एसपी जितेन्द्र मेहरा के कुशल नेतृत्व में पुलिस लाइन बागेश्वर में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सर्वप्रथम परेड का निरीक्षण किया गया। जनपद में पुलिस बल की दक्षता शारीरिक फिटनेस और अनुशासन को परखने परेड में सम्मिलित कार्मिकों का उत्साहवर्धन करने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं जवानों के साथ दौड़ लगाई गई। जिसके पश्चात जवानों को ड्रिल और स्क्वाड ड्रिल का अभ्यास कराया गया। शांति व्यवस्था बनाए रखने और दंगों जैसी स्थिति से निपटने के लिए एसपी ने बलुवा ड्रिल का बारीकी से अभ्यास करवाया। उन्होंने स्वयं मैदान में मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने जवानों को आपातकालीन परिस्थितियों में बिना घबराए त्वरित कार्रवाई और टीम वर्क का पाठ पढ़ाया गया।

# 94 फीट ऊंचे नए ध्वजदण्ड को कंधों पर उठाकर दरबार साहिब पहुंची संगतें

**श्री गुरु राम राय महाराज व श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज के जयकारों से निहाल हुई संगतें**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** दून की पावन धरती पर शुक्रवार का दिन श्रद्धा, आस्था और गुरु भक्ति से ओतप्रोत रहा। श्री गुरु राम राय महाराज एवं श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी महाराज के जयकारों के साथ 94 फीट ऊँचे नए पवित्र ध्वजदण्ड (नए श्री झण्डे जी) को अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ श्री दरबार साहिब लाया गया। इस दिव्य और अलौकिक क्षण के साक्षी बनने के लिए देश-विदेश से हजारों की संख्या में श्रद्धालु संगतें दून नगरी में एकत्रित हुईं। पूरी दून घाटी गुरु महिमा, श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंगी दिखाई दी।

शुक्रवार प्रात: ब्रह्ममुहूर्त से ही संगतों के श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल, बॉम्बे बाग पहुँचने का क्रम प्रारम्भ हो गया था। श्रद्धालु अपने हृदय में अपार आस्था और गुरु भक्ति का भाव लिए इस पावन क्षण की प्रतीक्षा कर रहे थे। यहाँ पर दरबार श्री गुरु राम राय जी महाराज के सज्जादे गद्दी नशीन श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी महाराज ने संगतों को पावन दर्शन देकर उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। उनके सान्निध्य में वातावरण पूर्णत: आध्यात्मिक ऊर्जा और दिव्य भावनाओं से भर उठा।

श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज की पावन अगुवाई में संगतों ने गुरु चरणों में अरदास अर्पित की। गुरु महिमा के जयकारों के बीच प्रात: लगभग 8 बजे श्रद्धालु संगतों ने अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ नए पवित्र ध्वजदण्ड को अपने कंधों पर उठाया और श्री दरबार साहिब की ओर प्रस्थान किया। जैसे ही संगतों ने पवित्र ध्वजदण्ड को अपने कंधों पर धारण किया, पूरा वातावरण "श्री गुरु राम राय जी महाराज की जय", "श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज की जय" और "जय श्री झण्डे जी महाराज" के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

इस अवसर पर श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज ने कहा कि श्री झण्डा महोत्सव प्रेम, स्नेह, सद्भाव, भाईचारा, मानवता, श्रद्धाभाव और अटूट आस्था का प्रतीक पावन मेला है। यह मेला गुरु की कृपा और आशीर्वाद से सभी धर्मों, समुदायों और वर्गों के लोगों को एक सूत्र में पिरोता है। उन्होंने कहा कि इस मेले में सभी धर्मों और क्षेत्रों से जुड़े श्रद्धालु श्री गुरु राम राय जी महाराज के पावन दरबार में उपस्थित होकर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। गुरु महाराज की असीम कृपा और संगतों की अपार श्रद्धा से यह पावन मेला हर वर्ष और अधिक भव्य, दिव्य और आध्यात्मिक रूप में आयोजित होता है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री झण्डे जी मेला पूर्ण श्रद्धा, भक्ति और आस्था के साथ मनाया जाएगा, जिसमें गुरु महिमा का प्रकाश चारों दिशाओं में फैलेगा और संगतें गुरु चरणों में शीश नवाकर स्वयं को धन्य करेंगी।

जब यह पावन शोभायात्रा श्री दरबार साहिब परिसर पहुँची, तब संगतों का उल्लास और भक्ति भाव अपने चरम पर दिखाई दिया। शुक्रवार सुबह पथरी बाग क्षेत्र का दृश्य पूरी तरह भक्तिमय हो गया था। श्रद्धा, उमंग, उल्लास और गुरु भक्ति के अद्भुत संगम के बीच जैसे ही संगतों ने श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल बॉम्बे बाग के प्रांगण में नए पवित्र ध्वजदण्ड को अपने कंधों पर उठाया, पूरा क्षेत्र गुरु महिमा के जयकारों से गूंज उठा। संगतें पवित्र ध्वजदण्ड को लेकर टीएचडीसी चौक , श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के सामने से होते हुए लाल पुल चौक पहुँचीं। वहाँ से यह पावन यात्रा मातावाला बाग और सहारनपुर चौक से होती हुई प्रात: लगभग 9:30 बजे अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ श्री दरबार साहिब पहुँची।

जिन-जिन मार्गों से संगतें नए पवित्र ध्वजदण्ड को लेकर गुजरीं, उन सभी मार्गों पर दूनवासी श्रद्धाभाव के साथ हाथों में पुष्प लिए स्वागत के लिए खड़े दिखाई दिए। हजारों दूनवासी प्रात: से ही इस अद्भुत और पावन क्षण का साक्षी बनने के लिए पलकें बिछाए प्रतीक्षा करते रहे। जहाँ-जहाँ से संगत आगे बढ़ती, वहाँ श्रद्धालु शीश झुकाकर गुरु के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते और पुष्प वर्षा कर संगतों का स्वागत करते। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा संगतों के स्वागत और सेवा के लिए शबील, शीतल जल, फल एवं अन्य प्रसाद के लंगर की व्यवस्था की गई थी।

### हरिद्वार में जन-जन की सरकार : चार साल बेमिसाल कार्यक्रम में अमित शाह आज करेंगे प्रतिभाग

# कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूर्ण, सीएम ने लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार को हरिद्वार में आयोजित कार्यक्रम 'जन-जन की सरकार : चार साल बेमिसाल' में प्रतिभाग करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर शासन-प्रशासन द्वारा सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं और श्री अमित शाह के भव्य स्वागत के लिए कार्यक्रम स्थल बैरागी कैम्प के साथ ही हरिद्वार शहर को सजाया-संवारा जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को फिर हरिद्वार का भ्रमण कर इस विराट आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बैरागी कैम्प पहुँचकर प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जनसभा स्थल, मंच, प्रदर्शनी क्षेत्र, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि कार्यक्रम के सुव्यवस्थित एवं सुचारु आयोजन के लिए सभी तैयारियों का वरिष्ठ अधिकारी भली-भाँति परीक्षण कर लें। उन्होंने आमजन की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिए। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार को हरिद्वार के बैरागी कैम्प में राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। साथ ही राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित विकास प्रदर्शनी तथा नई न्याय संहिताओं पर केंद्रित



राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का भी उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर श्री शाह राज्य के विकास से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे।

मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान वन मंत्री सुबोध उनियाल, भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री अजय कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गोयल, उपाध्यक्ष आपदा प्रबंधन विनय रोहिला, विधायक रानीपुर आदेश चौहान, मेयर नगर निगम हरिद्वार श्रीमती किरन जैसल, मेयर नगर निगम रूड़की श्रीमती अनीता देवी, नगर पालिका ऋषिकेश के अध्यक्ष शंभू पासवान, पूर्व विधायक स्वामी यतीश्वरानंद, भाजपा के हरिद्वार जिलाध्यक्ष आशुतोश शर्मा, आयुक्त गढ़वाल मंडल विनय शंकर पाण्डे, एडीजी श्री अजय प्रकाश अंशुमन, पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल राजीव स्वरूप, कुंभ मेलाधिकारी श्रीमती सोनिका, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित,अपर सचिव पर्यटन अभिषेक रूहेला, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर, एमडी सिडकुल सौरभ गहरवार, महानिदेशक सूचना श्री बंशीधर तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा, अपर जिलाधिकारी पी.आर. चौहान, अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती, सचिव एचआरडीए मनीष कुमार, उपजिलाधिकारी जितेन्द्र कुमार तथा एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# ठेकेदार ने टूटी पाइपलाइन पर ही डाल दी कच्ची सड़क, चार दिन से बह रहा पानी

**विभाग की अनदेखी बन रही मुसीबत का सबब, एक माह से अधूरा पड़ा निर्माण कार्य**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर के मोहल्ला कोटरवान में ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य में भारी लापरवाही और घटिया कार्यशैली का मामला देखने को मिला है। ठेकेदार की मनमानी और विभागीय उदासीनता के कारण यह निर्माण कार्य लोगों के लिए राहत देने के बजाय मुसीबत बनता जा रहा है। आरोप है कि निर्माण के दौरान ठेकेदार ने टूटी हुई पानी की पाइपलाइन को ठीक कराने की जहमत तक नहीं उठाई और उसी के ऊपर कच्ची सड़क डाल दी। इसका नतीजा यह हुआ कि पिछले चार दिनों से सड़क के बीचों-बीच से लगातार पानी का रिसाव हो रहा है। हालत यह है कि नई बनी सड़क अब सड़क कम और बहती हुई नाली ज्यादा नजर आने लगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब एक महीने से सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है, लेकिन इसके बावजूद अभी तक काम अधूरा पड़ा है। निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार और लापरवाह कार्यशैली के कारण मोहल्लेवासियों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को जब सड़क पर कच्ची सामग्री डाली गई तो ठेकेदार ने टूटी पाइपलाइन को ठीक कराने के बजाय उसी के ऊपर निर्माण सामग्री डाल दी। अब पाइपलाइन से लगातार पानी रिसने के कारण सड़क की हालत बिगड़ती जा रही है और पूरी सड़क की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय निवासियों



का आरोप है कि ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत के चलते घटिया निर्माण कार्य किया जा रहा है। वहीं, जब इस संबंध में अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण से बात की गई तो उन्होंने मौके का निरीक्षण करने की बात कही।

# अवैध पशु कटान का भंडाफोड़, 180 किलो मांस के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** मोहल्ला कस्सावान क्षेत्र में अवैध पशु कटान की सूचना पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर एक आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से भारी मात्रा में मांस और कटान के उपकरण बरामद हुए हैं।

ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कुरैशियान मस्जिद के पास एक मकान में अवैध रूप से पशु कटान किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही वहां हड़कंप मच गया। टीम ने मौके से बिलाल पुत्र अल्ताफ को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से लगभग 180 किलोग्राम मांस और उसे काटने के औजार बरामद हुए। आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसके पास पशु कटान का कोई वैध लाइसेंस नहीं है। पुलिस ने मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी को बुलाकर मांस के नमूने सील किए और बाकी मांस को डॉक्टर की मौजूदगी में नष्ट करवा दिया। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश किया गया है। पुलिस टीम में रेल चौकी प्रभारी समीप पाण्डेय, कां. गणेश तोमर, कां. रवि चौहान शामिल रहे।

# तीसरे जुमे की नमाज अदा कर रोजेदारों ने मांगी मुल्क के अमनचैन और खुशहाली की दुआएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पवित्र रमजान के तीसरे जुमे पर रोजेदारों ने शहर एवं देहात की मस्जिदों में नमाज अदा मुल्क के अमनोचौन, तरक्की, खुशहाली और आपसी सौहार्द की दुआएं मांगी। ज्वालापुर की जामा मस्जिद के साथ भेल सेक्टर-1, ज्वालापुर मंडी की मस्जिद, अली मस्जिद, मनिहारों की मस्जिद, कुबा मस्जिद, मदीना मस्जिद, खजूर वाली मस्जिद, दर्जियों की मस्जिद के साथ देहात की मस्जिदों में भी उत्साह के साथ रमजान के तीसरे जुमे की नमाज अदा की गयी। भेल मस्जिद में मुफ्ती इंतजार ने माहे रमजान की बरकतों पर बयान देते हुए कहा कि



रोजा जीवन के विभिन्न पहलुओं में सुधार की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि पवित्र रमजान माह में अल्लाह की इबादत करनी चाहिए। कलाम पाक की तिलावत भी करें और इंसानियत की खिदमत में लगे रहें। गरीब निर्धन परिवारों की मदद करें। किसी का भी दिल ना दुखाएं। उन्होंने कहा कि अल्लाह ताल्हा रोजेदार को एक नेकी के बदले 70 नेकीयों से नवाजता है। उन्होने फरमाया कि रोजे की हालत में झूठ, फरेब, चुगली नहीं करनी चाहिए। रोजा पूरे शरीर का होता है। अल्लाह ताल्हा की इबादत में समय लगाएं और अकीदत के साथ नमाज पढ़ें। हाजी नईम कुरैशी ने कहा कि रोजा जीवन में बदलाव लाता है। पैगंबर मोहम्मद साहब की सुन्नतों पर अमल करते हुए आगे बढ़ें। ईमान से ही इस्लाम की पहचान है। पवित्र रमजान इंसान को कर्तव्य की ओर अग्रसर करता है। रोजा रखकर अनावश्यक बातों से बचें। नमाज एवं कलाम पाक पढ़ते रहें और देश की खुशहाली एवं सौहार्द, अमन चौन और भाईचारे के लिए दुआएं करें।

# बामसेफ कार्यकर्ताओं ने भेजा राष्ट्रपति को ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** बामसेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वामन मेश्राम के आवाहन पर बामसेफ के आफसूट संगठनों भारत मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने इक्विटी रेगुलेशन यूजीसी बिल लागू करने, ओबीसी की जाति आधारित जनगणना कराने, 2011 में नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त करने आदि मांगों को लेकर चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। प्रदर्शन के दौरान भंवर सिंह, भानपाल सिंह रवि एवं राजेंद्र श्रमिक ने कहा कि 1931-32 के बाद से अभी तक ओबीसी समाज की जाति आधारित जनगणना नहीं की गई है। जिससे ओबीसी समाज को भागीदारी का जो लाभ मिलना चाहिए था। वह नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित कर इक्विटी रेगुलेशन यूजीसी बिल लागू करने, ओबीसी की जाति आधारित जनगणना कराने, 2011 में नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त करने की मांग की गयी। उन्होंने कहा कि मांगों को लेकर आंदोलन लगातार जारी रहेगा। प्रदर्शन और ज्ञापन प्रेषित करने वालों में महिपाल सिंह, नरेश कुमार, जीवन सिंह, सत्यपाल शास्त्री, मनोज कुमार बरछियाल, नसीर अहमद, जयपाल सिंह, मनजीत सिंह, अशोक कुमार कटारिया, कुंवर पाल, रफल सिंह कटारिया, राहुल कुमार, सुरेंद्र कुमार, डा.राजकुमार, मास्टर फूल सिंह, सत्यपाल सिंह, राजाराम प्रजापति, शशीकांत सैनी, श्यामसुंदर प्रधान, रमेशचंद, जगपाल सिंह, सलेक्चंद, राजेश खैरवाल, अजय कुमार लोहट, जितेंद्र तेश्वर, एडवोकेट संजय मूलनिवासी, एडवोकेट रूपचंद आजाद, जॉनी कुमार, श्याम सिंह, एडवोकेट रेनू सिंह, आरती, दीपा, बबीता पवार, कमलजीत आदि शामिल रहे।

# धामी सरकार में हुआ प्रदेश का चहुंमुखी विकास : रविंद्रपुरी

### सरकार के चार साल पूरे होने पर अखाड़ा परिषद अध्यक्ष एवं महामंत्री ने दी मुख्यमंत्री को बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मँदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी व अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरी ने उत्तराखंड की भाजपा सरकार के चार साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई दी और गृहमंत्री अमित शाह के हरिद्वार आगमन का स्वागत किया है। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने प्रदेश का चहुंमुखी विकास कर आमजन की बेहतरी के साथ सनातन को मजबूत करने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष हरिद्वार में होने वाले कुंभ मेले को भव्य और दिव्य रूप से संपन्न कराने के लिए सरकार



के निर्देशन में कुंभ मेला प्रशासन लगातार योजनाओं को धरातल पर उतारने में जुटा हुआ है। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि सरकार के चार साल पूरे होने पर आयोजित की जा रही रैली में शामिल होने आ रहे गृहमंत्री अमित शाह के आगमन से कुंभ मेला कार्यो की गति और तेज होगी। अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरी ने केंद्र की मोदी सरकार और उत्तराखंड की धामी सरकार में सनातन धर्म संस्कृति का गौरव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष हरिद्वार में कुंभ मेला दिव्य, भव्य और विशाल स्वरूप में संपन्न होगा। हरिद्वार के गंगा तटों पर विशाल संत समागम से प्रसारित होने वाले आध्यात्मिक संदेशों से पूरे विश्व को मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जिससे सनातन का गौरव और बढ़ेगा।

# अमित शाह का भव्य स्वागत करेगी वैष्णव अखाड़ा परिषद : राजेंद्रदास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय वैष्णव अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत राजेंद्रदास महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की देखरेख में हरिद्वार कुंभ मेला दिव्य और भव्य रूप में संपन्न होगा। कुंभ मेले में वैष्णव अखाड़े अहम भूमिका निभाएंगे। श्रीमहंत राजेंद्रदास महाराज ने कहा कि उत्तराखंड की धामी सरकार के चार साल पूरे होने पर हरिद्वार में आयोजित रैली में भाग लेने आ रहे गृहमंत्री अमित शाह का अखिल भारतीय वैष्णव अखाड़ा परिषद की ओर से भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने में गृहमंत्री अमित शाह प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के प्रयासों से पूरे विश्व में सनातन की पताका गौरव से फहरा रही है। पूरी दुनिया के लोग सनातन को स्वीकार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई देते उन्होंने कहा कि धामी सरकार के चार साल उपलब्धियों से भरे हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में सनातन की जड़ों को और मजबूत करने का काम भी किया है। जिसके लिए वे बधाई पात्र हैं। अखिल भारतीय वैष्णव अखाड़ा परिषद के महामंत्री बाबा हठयोगी ने भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई दी।

# देशी शराब के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कोतवाली रानीपुर पुलिस ने एक महिला शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला के कब्जे से देशी शराब के 40 टैट्रा पैक बरामद हुए हैं। एसएसपी ने अवैध रूप से शराब की बिक्री और तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर छापेमारी करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों का अनुपालन करते हुए कोतवाली रानीपुर पुलिस टीम ने गली नं.1 टिबड़ी कालोनी में छापेमारी कर महिला शराब तस्कर को देशी शराब माल्टा के टैट्रा पैक समेत गिरफ्तार कर लिया। आरोपी महिला के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस टीम में हेडकांस्टेबल विमल नेगी, कांस्टेबल उदय नेगी, महिला कांस्टेबल अनीता शामिल रहे।

# नशा तस्कर परवेज उर्फ छोटा को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर के दिशा निर्देश पर जनपद हरिद्वार में नशे के खिलाफ चल रही सख्त मुहिम के तहत हरिद्वार पुलिस ने एक और बड़े नशा तस्कर पर शिकंजा कस दिया है। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में लंबे समय से लिप्त परवेज उर्फ छोटा को पुलिस ने PIT NDPS एक्ट के तहत गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से नशा तस्करों में हड़कंप मच गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर के निर्देश पर पुलिस ने सक्रियता बढ़ाते हुए ऐसे अपराधियों की सूची तैयार की, जो चोरी-छिपे नशे के कारोबार को धड़ल्ले से अंजाम दे रहे थे। इसी क्रम में पथरी पुलिस द्वारा परवेज उर्फ छोटा के अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त होने की रिपोर्ट शासन को भेजी गई, जिस पर उत्तराखंड शासन ने धारा 3 (1) PIT NDPS एक्ट के तहत निरोधात्मक कार्रवाई के आदेश जारी किए।

शासनादेश के अनुपालन में थानाध्यक्ष पथरी मनोज नौटियाल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने सुरागरसी और पतारसी करते हुए आरोपी नशा तस्कर परवेज उर्फ छोटा को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया और आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# एसएसपी ने सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों को भिजवाया अस्पताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भेल फाउंड्री गेट से भगत सिंह चौक के बीच सड़क पार कर रहे एक चरवाहे को बचाने के प्रयास में एक मोटरसाइकिल और ऑटो के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार और चरवाहा दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। संयोगवश उसी दौरान वीवीआईपी ड्यूटी की व्यवस्थाएं देखने निकले एसएसपी नवनीत सिंह मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मानवता की मिसाल पेश करते हुए तुरंत घायलों की मदद की। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक चरवाहा अपनी बकरी के साथ सड़क पार कर रहा था। तभी सामने से आ रहे बाइक सवार ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन इस चक्कर में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर ऑटो से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार और चरवाहा दोनों सड़क पर गिरकर तड़पने लगे।

एसएसपी नवनीत सिंह जब वहां से गुजर रहे थे, तो सड़क पर घायलों को देख उन्होंने अपना काफिला रुकवाया। उन्होंने बिना देरी किए मौके पर 108 एम्बुलेंस को बुलाया और पुलिसकर्मियों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत मेला अस्पताल भिजवाया। एसएसपी के इस कदम की वहां मौजूद लोगों ने काफी सराहना की। चेतक पुलिस की सूचना पर घायल बाइक सवार के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए हैं। डॉक्टरों के अनुसार, समय पर इलाज मिलने के कारण दोनों घायलों की हालत अब स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं। फिलहाल मेला अस्पताल में उनका उपचार जारी है।

# आजाद समाज पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव धनपुरा में आजाद समाज पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें पार्टी के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा करना था। बैठक में पूर्व जिलाउपाध्यक्ष सचिन कुमार ने कहा कि पार्टी आगामी चुनाव को पूरी मजबूती और एकजुटता के साथ लड़ेगी। इसके लिए गांव-गांव जाकर लोगों को पार्टी की नीतियों और विचारधारा से जोड़ने का काम किया जा रहा है। और बूथ अध्यक्ष नियुक्त किए जा रहे हैं। इस दौरान पूर्व जिला महासचिव विकास रवि ने बताया कि हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से पार्टी एक मजबूत और दमदार प्रत्याशी मैदान में उतारेगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे क्षेत्र में सक्रिय रहकर संगठन को मजबूत करें और पार्टी के प्रत्याशी की जीत के लिए अभी से तैयारी शुरू करें। बैठक के अंत में उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया गया। साथ ही, संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सचिन कुमार, विकास रवि, रौनक वालिया, मोनू कुमार, विपिन कुमार, सचिन सिंह, अरुण कुमार, सुभम कुमार, भूपेंद्र, अनीश, शेरखान, सोनित, जसवीर, बिट्टू कुमार सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शांतिभग में चार युवकों का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव बुढाहेड़ी में बच्चों के बीच मामूली कहासुनी को लेकर दो पक्ष के बीच लड़ाई झगड़ा हो गया पुलिस के समझाने पर नहीं माने पुलिस ने दोनों पक्षों चार लोगों का शांतिभाग में चालान कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस के अनुसार गांव बुढाहेड़ी में बच्चों के बीच मामूली कहासुनी को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए देखते ही देखते गाली गलौज व मारपीट पर उतारू हो गए सूचना पर पहुंची पथरी पुलिस ने दोनों पक्षों को समझने का प्रयास किया मगर दोनों पक्ष मारपीट पर उतारू हो गए पुलिस ने दोनों पक्षों के चार अभियुक्त को गिरफ्तार किया और थाने लाकर पूछताछ की पूछताछ मे आरोपियों ने अपना नाम मुस्तफा पुत्र कासिम, मोहम्मद तासिम पुत्र यासीन, मुस्तकीम पुत्र जहूरा, मोहम्मद इकराम पुत्र बशीर, सभी निवासी गण बुढाहेड़ी थाना पथरी बताया।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने वाले युवक को पकड़ा, लड़की बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव से नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर भगा लेजाने वाले युवक को पुलिस ने धरदबोचा आरोपी से अपहर्ता को सकुशल बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार सहारनपुर का युवक 15 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया। किशोरी के पिता ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर में बताया था कि 28 फरवरी को एक युवक उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर कर साथ ले गया। बाद में पता चला कि उत्तर प्रदेश के रामपुर मनिहारन क्षेत्र के गांव नंदपुर निवासी आशीष उर्फ आशु उनकी पुत्री को लेकर गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने एक टीम का गठन किया मुखबिर तंत्र की मदद से शुक्रवार को आरोपी युवक को भट्टा तिराहे से गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से नाबालिग किशोरी को भी बरामद किया गया है। पथरी थानाध्यक्ष मनोज नौटियाल ने बताया कि किशोरी को बरामद करने के लिए एक टीम का गठन किया गया मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी को गिरफ्तार किया है। तथा उसके कब्जे से किशोरी को भी सकुशल बरामद किया गया साथ ही आरोपी पर पोक्सो की बढ़ोतरी करते हुए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है।

# रैली में भीड़ जुटाने के लिए कर्मचारियों, मजदूरों व छात्रों को जबरन लाने का प्रयास : दिनेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दिनेश कुमार ने केंद्रीय गृह मंत्री की प्रस्तावित रैली को लेकर प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि रैली में भीड़ जुटाने के लिए कर्मचारियों, मजदूरों, कॉलेज के छात्रों और कमजोर वर्ग के लोगों को जबरन लाने का प्रयास किया जा रहा है। दिनेश कुमार का आरोप है कि प्रशासनिक अधिकारी युद्ध स्तर पर भीड़ जुटाने के लिए काम कर रहे हैं, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने इसे प्रशासनिक भ्रष्टाचार और जनता के संसाधनों के दुरुपयोग का उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि देश के संविधान, लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए इस प्रकार की कथित असंवैधानिक कार्रवाई का विरोध करना जरूरी है। दिनेश कुमार ने प्रशासन और संबंधित अधिकारियों द्वारा रैली में लोगों को जबरन ले जाने के प्रयासों का विरोध करते हुए कहा कि लोकतंत्र में नागरिकों की स्वतंत्रता और अधिकार सर्वोपरि हैं।

# विधानसभा चुनाव : 2027 में खत्म होगा कांग्रेस का वनवास?

### चार दशक से हरिद्वार विधानसभा से है कांग्रेस बाहर, 1985 में 71 वोटों से आखिरी बार जीता था चुनाव

- कुमार दुष्यंत

**हरिद्वार।** आगामी चुनावों के दृष्टिगत हरिद्वार विधानसभा में राजनीतिक दलों की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इनमें सर्वाधिक व्यग्रता दशकों से श्रनर अपश बनी हुई कांग्रेस में देखी जा रही है। हरिद्वार विधानसभा सीट जिले की प्रतिनिधि विधानसभा सीट है। लेकिन कांग्रेस पिछले चार दशकों से इस सीट पर वनवास में है। कांग्रेस ने यहां अंतिम चुनाव 1985 में कांटे के संघर्ष में 71 वोट से जीता था। उत्तराखंड गठन के बाद तो कांग्रेस लगातार भाजपा से मात खाती रही है और दूसरे स्थान पर रहती आई है। इसलिए इस सीट पर कांग्रेस की बेचैनी भाजपा से भी ज्यादा है। हालांकि कांग्रेस वर्तमान में हरिद्वार जिले की 11 में से छह सीटों



पर काबिज है लेकिन हरिद्वार विधानसभा में परचम लहराना उसके लिए अब भी दिवास्वप्न बना हुआ है। उत्तराखंड गठन के बाद कांग्रेस ने इस सीट पर अपने कई सूरमाओं को लड़ाया लेकिन सभी भाजपा के मदन कौशिक के आगे जंग हार गए। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष व वर्तमान में सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने तो दो



बार मदन कौशिक के सामने ताल ठोंकी लेकिन दोनों बार खेत रहे। हरिद्वार की छह सीटों पर अपना तिरंगा लहराने के बाद अब कांग्रेस का फोकस जिले की इस प्रमुख नगर सीट पर है। माना जा रहा है कि कांग्रेस इसबार हरिद्वार में रणनीतिक बदलाव करते हुए किसी बाहरी दमदार प्रत्याशी को उतार सकती है। फिलहाल



हरिद्वार में कांग्रेस के केंद्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा की सक्रियता को भी इससे जोड़कर देखा जा रहा है। आलोक शर्मा 2022 में भी इस सीट से दावेदार रहे हैं।दूसरा नाम चुनाव संचालन कमेटी के अध्यक्ष हरकसिंह रावत का है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के पुत्र व लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे वीरेंद्र रावत की हरिद्वार में सक्रियता को भी उनके संभावित विधानसभा प्रत्याशी होने के रूप में देखा जा रहा है, हालांकि उन्होंने इससे इंकार किया है। हरिद्वार में बाहरी प्रत्याशी लाना इसलिए भी कांग्रेस की मजबूरी बनता जा रहा है क्योंकि स्थानीय प्रत्याशी लगातार हारते रहे हैं। दूसरे स्थानीय मूल का कैंडिडेट होने से कांग्रेस यहां गुटों में बिखर जाती है, जिसका परिणाम हार के रूप में सामने आता रहा है।

> हरिद्वार विधानसभा कांग्रेस के लिए प्रतिष्ठा की सीट है। मैं कांग्रेस का लोकसभा प्रत्याशी रहा हूं। क्षेत्र की छह विधानसभाओं सहित हरिद्वार को जिताना मेरी भी जिम्मेदारी है, जिसके लिए प्रयासरत हूं। टिकट का निर्णय हाईकमान को करना है। - **वीरेंद्र रावत,** वरिष्ठ कांग्रेस नेता

**विगत चुनाव परिणाम**

| | | |
|---|---|---|
| 2002 | मदन कौशिक (भाजपा) | 18962 |
| | पारसकुमार जैन (कांग्रेस) | 15970 |
| 2007 | मदन कौशिक (भाजपा) | 44888 |
| | पुरुषोत्तम शर्मा (कांग्रेस) | 14286 |
| 2012 | मदन कौशिक (भाजपा) | 42245 |
| | सतपाल ब्रह्मचारी (कांग्रेस) | 33642 |
| 2017 | मदन कौशिक (भाजपा) | 61541 |
| | ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी (कांग्रेस) | 25739 |
| 2022 | मदन कौशिक (भाजपा) | 53147 |
| | सतपाल ब्रह्मचारी (कांग्रेस) | 37910 |

# नाबालिग किशोरी का अपहरण, नामजद युवक सहित कई पर केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग किशोरी को गांव का ही रहने वाला युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। मामले में किशोरी के पिता ने नामजद युवक के खिलाफ तहरीर देकर बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस के अनुसार 5 मार्च को नाबालिग किशोरी के पिता ने शिकायत देकर बताया कि गांव निवासी विशाल पुत्र धूमसिंह उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया। आरोप है कि गांव के ही ईशु पुत्र भगवान सिंह, कमल पुत्र मुलकिराज, भजन व अमरीष पुत्र बलराम ने साजिश के तहत विशाल को फरार कराने में मदद की। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य व जागरूकता का विस्तार

## पतंजलि दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट के सहयोग से योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक जीवनशैली के माध्यम से स्वास्थ्य क्रांति लाना हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य : योग ऋषि स्वामी रामदेव

**उत्तराखण्ड के 64 गांवों में स्वास्थ्य जागरूकता, योग, आयुर्वेद, स्वच्छता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सतत प्रयास कर रहा पतंजलि: बालकृष्ण**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी जनजातीय आदि ग्राम परियोजना के अंतर्गत उत्तराखण्ड के 64 चयनित गांवों में जनजातीय समुदाय के स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वावलंबन एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए व्यापक कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इस परियोजना का क्रियान्वयन पतंजलि दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट, हरिद्वार द्वारा किया जा रहा है।

इसी श्रृंखला में महिला पतंजलि योग समिति के सहयोग से ग्राम बनासखेड़ा में एक भव्य नि:शुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय जनजातीय समुदाय के लोगों, विशेष रूप से महिलाओं, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग शिविर में प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं प्राकृतिक स्वास्थ्य पद्धतियों का अभ्यास कराया गया तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

योग प्रशिक्षकों ने बताया कि योग केवल रोगों से मुक्ति का माध्यम ही नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन को संतुलित, अनुशासित और ऊर्जावान बनाने का प्रभावी मार्ग है। इस अवसर पर योग ऋषि स्वामी रामदेव ने अपने संदेश में कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं दिव्य जीवन पद्धति है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाती है। पतंजलि का संकल्प है कि योग का प्रकाश देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। आचार्य श्री बालकृष्ण ने कहा कि जनजातीय समाज हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण आधार है। ग्राम बनासखेड़ा में आयोजित यह योग शिविर जनजातीय समाज में सकारात्मक परिवर्तन और स्वस्थ जीवनशैली के प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। परियोजना के अंतर्गत गांवों में नियमित रूप से नि:शुल्क योग शिविर, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, प्राकृतिक चिकित्सा परामर्श एवं जीवनशैली सुधार अभियान आयोजित किए जा रहे हैं, जिनसे जनजातीय समुदाय को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। पतंजलि दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट ने आशा व्यक्त की कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से जनजातीय क्षेत्रों में स्वस्थ, जागरूक और आत्मनिर्भर समाज के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा।

# बेस में चरमराई अल्ट्रासाउंड व्यवस्था



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** मेडिकल कॉलेज के अधीन बेस अस्पताल में अल्ट्रासाउंड व्यवस्था चरमा गई है। शुक्रवार को अल्ट्रासाउंड नहीं होने से मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दूरस्थ्य क्षेत्रों से पहुंचे मरीजों को बिना अल्ट्रासाउंड कराए ही वापस लौटना पड़ा। दरअसल, बेस अस्पताल में एक रेडियोलॉजिस्ट तैनात है। लेकिन रेडियोलॉजिस्ट इन दिनों अवकाश पर गए हुए हैं।

इससे अब अल्ट्रासाउंड जांचें नहीं हो पा रही हैं। इस कारण पिछले दो दिन से अल्ट्रासाउंड नहीं हो रहे है। अल्ट्रासाउंड नहीं होने से मरीजों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ रहा है। जबकि नगर के केवल जिला अस्पताल में ही जांच होने से लोड काफी बढ़ गया है। काफी अधिक संख्या में मरीज अल्ट्रासाउंड के लिए पहुंच रहे हैं। इस कारण मरीजों को जांच के लिए घंटों तक इंतजार करना पड़ रहा है। खासकर दूर दराज के क्षेत्रों से आए लोगों को काफी दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। वहीं, कई मरीजों को मजबूरन निजी अस्पताल की दौड़ लगानी पड़ी। जिला अस्पताल में रोजाना 50 से अधिक मरीज अल्ट्रासाउंड जांच के लिए पहुंचते हैं। सोमवार को भी काफी संख्या में लोग अल्ट्रासाउंड के लिए पहुंचे, लेकिन रेडियोलॉजिस्ट के नहीं होने से उन्हें मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। मेडिकल कालेज अल्मोड़ा के प्राचार्य डा. सीपी भैसोड़ा ने बताया कि अस्पताल में तैनात एक रेडियोलॉजिस्ट इन दिनों अवकाश पर हैं। इस कारण अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहे हैं। रेडियोलॉजिस्ट के वापस आने के बाद फिर से अल्ट्रासाउंड शुरू हो जाएंगे।

# अस्पताल स्थानांतरण का कोई प्रस्ताव नहीं: डा. निष्ठा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** हाल ही में कुछ समाचार पत्रों में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय लोबांज को अन्य स्थान पर स्थानांतरित किए जाने संबंधी समाचार प्रकाशित किए गए हैं। इस संबंध में आयुर्वेद विभाग डक्कनिष्ठा शर्मा कोहली द्वारा स्पष्ट किया गया है कि राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय लोबांज को अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने का कोई प्रस्ताव वर्तमान में विचाराधीन नहीं है।

वर्तमान में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय लोबांज अपने मौजूदा स्थान पर पूर्व की भांति नियमित रूप से क्षेत्र की जनता को सेवाएं प्रदान कर रहा है तथा उपलब्ध सभी चिकित्सा सुविधाओं के साथ सुचारु रूप से संचालित किया जा रहा है। आयुर्वेद विभाग द्वारा क्षेत्रीय जनता तथा यहां आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों को आयुर्वेद चिकित्सा का अधिक लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चिकित्सालय को उच्चीकृत आयुर्वेदिक चिकित्सालय के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव निदेशालय को प्रेषित किया गया है। साथ ही चिकित्सालय को राजकीय भवन में स्थापित करने हेतु भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया भी गतिमान है। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय लोबांज यथास्थान संचालित रहेगा तथा क्षेत्र की जनता को आयुर्वेदिक चिकित्सा सेवाएं पूर्ववत उपलब्ध कराई जाती रहेंगी।


**सार्वजनिक सूचना**

मेरा एक किता आवासीय खाली प्लाट, जिसका कुल क्षेत्रफल 759 वर्गफुट अर्थात 70.53 वर्गमीटर है, मुतालिका खसरा नम्बर 329 मि0 का भाग, वार्ड नम्बर 34, मौहल्ला सत्ती रूड़की (अन्दर हदूद नगर निगम रूड़की), परगना व तहसील रूड़की, जिला हरिद्वार की तन्हा मालिक, काबिज व अधिकारी है। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित चेन का मूल विक्रय पत्र दिनांक 09.10.2014 इकरारी श्री निसार अहमद पुत्र श्री रशीद अहमद मुख्तारेआम मिनजानिब मुहम्मद महमूद पुत्र मुहम्मद महबूब बहक श्रीमती मोइना पत्नी श्री रौनक अली जिसकी रजिस्ट्री कार्यालय सब-रजिस्ट्रार रूड़की, तृतीय में बही नम्बर 1, जिल्द 227 के पृष्ठ 123 से 142, दस्तावेज नम्बर 5868 पर दिनांक 09.10.2014 को पंजीकृत है। उक्त मूल विक्रय पत्र का पृष्ठ संख्या 10 अर्थात अन्तिम पृष्ठ मुझसे दिनांक 28.02.2026 को समय करीब 11:30 बजे सिविल लाईन रूड़की बाजार में फोटोस्टेट कराते समय कहीं गुम हो गया है, जो काफी तलाश करने पर भी नहीं मिल पाया है। मैंने उपरोक्त मूल विक्रय पत्र के अन्तिम पृष्ठ का कोई दुरूपयोग नहीं किया है।

**जीनत अमान पत्नी शेख अजीजुद्दीन**, निवासी म0नं0 833, महावीर एन्कलेव, रूड़की, परगना व तहसील रूड़की, जिला हरिद्वार।



**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट
CAN- UA 40109 UP 2001 SGC 025867

**निविदा विस्तारीकरण**

इस कार्यालय के पत्रांक 620/वि०वि०ख०ब०/दिनॉंक 18.02.2026 द्वारा निविदा संख्या 21/25-26 जिनकी निविदा विक्रय की तिथि 27.02.2026 एवं निविदा खोले जाने की तिथि 28.02.2026 थी, को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है। अब निविदा पुनः विक्रय की तिथि 10.03.2026 एवं खुलने की तिथि 11.03.2026 को उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेंगी। अन्य नियम एवं शर्ते यथावत् रहेंगे।

पत्रांक : 798/वि०वि०ख०ब०/टी-7 दिनांक : 28.02.2026 **अधिशासी अभियंता**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" "टोल-फ्री नं० -1912"


## स्कूल की मनमानी पर बैठी जांच

**बागेश्वर।** जनपद में संचालित निजी स्कूलों की मनमानी को लेकर जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी बागेश्वर को पत्र जारी कर मामले की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई को कहा है। जिला पंचायत सदस्य दुदिला तथा उत्तराखंड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा बोर्ड के सदस्य जनार्दन लो. हुमी ने डीएम को प्रार्थना पत्र सौंपकर निजी विद्यालयों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए थे। अपने पत्र में उन्होंने आरोप लगाया कि कई निजी स्कूल अभिभावकों को बच्चों की कॉपी, किताब, ड्रेस सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री विद्यालय से ही खरीदने के लिए बाध्य करते हैं और इसके लिए मनमाने दाम वसूले जाते हैं।


**AXIS BANK LTD.**

**गिरवी रखी गई सोने के आभूषणों की ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

उधारकर्ताओं को, विशेष रूप से और आम जनता को, यह सूचित किया जाता है कि नीचे दिए गए खातों में गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी **एक्सिस बैंक** द्वारा नीचे उल्लिखित शाखा में आयोजित की जाएगी। नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं ने बैंक के पक्ष में सोने के आभूषण गिरवी रखकर ("स्वर्ण ऋण सुविधा") एक्सिस बैंक लिमिटेड से ऋण सुविधा का लाभ उठाया है। ऋण लेने वालों/गारंटरों को मांग नोटिस जारी किए गए थे, जिसमें उनसे लिए गए स्वर्ण ऋण की बकाया राशि का भुगतान करने का अनुरोध किया गया था। चूंकि ऋण लेने वाले/गारंटर बकाया ऋण राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए बैंक को गिरवी का उपयोग करने के लिए विवश होना पड़ा है और उसने गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषणों की ई-नीलामी आयोजित करने का प्रस्ताव दिया है, जिसका विस्तृत विवरण नीचे दी गई संपत्ति की अनुसूची में दिया गया है। यह नीलामी **17.03.2026 को दोपहर 12:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक "जैसा है, जहां है", "जैसा है, जो है", "जो कुछ भी है" और "कोई सहारा नहीं" के आधार पर होगी।**

**उधारकर्ताओं का विवरण और बकाया राशि**

| ग्राहक का नाम | लोन खाता नंबर | बकाया राशि (रु. में) | रिकॉल नोटिस की तिथि | सकल वजन | शुद्ध वजन |
|---|---|---|---|---|---|
| **शाखा : बाजपुर (यूटी)** | | | | | |
| अतीक | XXXXXXXXXXX8047 | ₹ 248,066.90 | 09-02-2026 | 52.100 | 45.900 |
| अतीक | XXXXXXXXXXX7288 | ₹ 158,116.95 | 09-02-2026 | 29.900 | 28.900 |
| इरशाद अहमद | XXXXXXXXXXX3592 | ₹ 264,440.08 | 10-01-2026 | 55.100 | 54.000 |
| इरशाद अली | XXXXXXXXXXX2996 | ₹ 393,857.00 | 10-12-2025 | 73.100 | 70.200 |
| कलीम अख्तर | XXXXXXXXXXX3556 | ₹ 118,648.61 | 10-01-2026 | 28.400 | 23.900 |
| माजिद हुसैन | XXXXXXXXXXX6451 | ₹ 551,106.00 | 09-02-2026 | 105.400 | 102.600 |
| मोहम्मद आरिफ | XXXXXXXXXXX1772 | ₹ 599,153.38 | 06-11-2025 | 109.400 | 106.700 |
| मोहम्मद आसिम | XXXXXXXXXXX6548 | ₹ 237,265.93 | 27-10-2025 | 44.900 | 42.200 |
| मोहम्मद जुनैद अली | XXXXXXXXXXX3268 | ₹ 211,066.00 | 23-01-2026 | 39.600 | 37.600 |
| रंजीत कौर | XXXXXXXXXXX3108 | ₹ 497,739.00 | 10-01-2026 | 103.000 | 101.300 |
| **शाखा : बाजपुर रोड केएएस केएसएच(यूटी)** | | | | | |
| अब्दुल्ला. | XXXXXXXXXXX5072 | ₹ 460,252.77 | 27-01-2026 | 95.100 | 92.000 |
| **शाखा : देहरादून (यूटी)** | | | | | |
| मोहम्मद अज़हर | XXXXXXXXXXX9861 | ₹ 333,777.00 | 27-01-2026 | 81.700 | 76.200 |
| पंकज कुमार | XXXXXXXXXXX5852 | ₹ 537,582.60 | 10-12-2025 | 113.900 | 107.800 |
| समीक्षा बसनेट | XXXXXXXXXXX0399 | ₹ 1,381,308.50 | 09-02-2026 | 220.200 | 215.500 |
| **शाखा : जीएमएस रोड, देहरादून (यूटी)** | | | | | |
| शिपेंद्र कुमार सिंह | XXXXXXXXXXX5709 | ₹ 70,578.00 | 09-02-2026 | 10.300 | 10.100 |
| **शाखा : हरिद्वार (यूटी)** | | | | | |
| अमर सिंह पंवार | XXXXXXXXXXX6489 | ₹ 1,055,235.00 | 12-02-2026 | 155.700 | 150.600 |
| अश्वनी कुमार | XXXXXXXXXXX3239 | ₹ 192,575.02 | 10-12-2025 | 38.400 | 32.500 |
| प्रियांशु रस्तोगी | XXXXXXXXXXX5326 | ₹ 771,115.42 | 19-12-2025 | 115.200 | 107.500 |
| **शाखा : काशीपुर (यूटी)** | | | | | |
| अंकित कुमार | XXXXXXXXXXX7188 | ₹ 433,778.00 | 10-12-2025 | 101.800 | 81.000 |
| अरबाज अली | XXXXXXXXXXX3714 | ₹ 292,897.00 | 10-01-2026 | 44.500 | 42.400 |
| नूर हसन | XXXXXXXXXXX1452 | ₹ 231,139.00 | 16-11-2025 | 44.500 | 43.000 |
| रिया जुनेजा | XXXXXXXXXXX0939 | ₹ 45,465.00 | 19-05-2025 | 167.400 | 162.400 |
| रूना खान | XXXXXXXXXXX6565 | ₹ 313,144.60 | 10-01-2026 | 108.000 | 98.400 |
| सामी अली | XXXXXXXXXXX5213 | ₹ 210,407.08 | 27-10-2025 | 43.400 | 38.900 |
| **शाखा : पनडरी (यूटी)** | | | | | |
| अमित कुमार | XXXXXXXXXXX2087 | ₹ 79,178.50 | 10-12-2025 | 10.100 | 9.800 |
| प्रमोद चंद्रा | XXXXXXXXXXX2593 | ₹ 164,786.37 | 23-01-2026 | 21.500 | 20.700 |
| राहुल गंगवार | XXXXXXXXXXX9651 | ₹ 176,064.00 | 09-02-2026 | 22.000 | 21.700 |
| तारा चंद्रा | XXXXXXXXXXX3755 | ₹ 360,091.86 | 09-02-2026 | 48.600 | 46.800 |
| **शाखा : रूद्रपुर (यूटी)** | | | | | |
| अश्वनी कुमार सिंह | XXXXXXXXXXX0512 | ₹ 215,793.00 | 10-12-2025 | 41.500 | 40.500 |
| दिनेश कुमार | XXXXXXXXXXX1889 | ₹ 135,107.00 | 19-12-2025 | 21.500 | 20.300 |
| **शाखा : सहारनपुर रोड सी1498 (यूटी)** | | | | | |
| संजीव कुमार अरोरा | XXXXXXXXXXX4289 | ₹ 135,649.00 | 09-02-2026 | 24.990 | 18.850 |

**एक्सिस बैंक लिमिटेड** बिना किसी पूर्व सूचना के खाता बंद करने/नीलामी की तिथि बदलने का अधिकार रखता है। नीलामी ऑनलाइन **HTTPS://GOLD.SAMIL.IN** पर **दोपहर 12:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे** के बीच आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया दी गई वेबसाइट **HTTPS://GOLD.SAMIL.IN** पर लॉग इन करें।

**स्थान: उत्तराखंड, दिनांक: 07.03.2026** एसडी/-, अधिकृत अधिकारी, एक्सिस बैंक लिमिटेड


## नाबालिग लापता, गुमशुदगी दर्ज कराई

**काशीपुर।** बाजपुर से काम करके काशीपुर लौटी 17 साल की नाबालिग गैस गोदाम के पास से अचानक गायब हो गई। पुलिस ने युवती के भाई की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है। बांसियोवाला मंदिर, जसपुर खुर्द निवासी एक युवक ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 17 साल की बहन बाजपुर में एक सरदारजी के घर का कार्य करती है। 5 मार्च को वहां से घर आने हेतु सरदार जी के साथ ही काशीपुर आयी।


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
CIN: U40109UR2001SGC025867
Email ID: eddmohanpur@gmail.com, Website: www.upcl.org

**राजस्व शिविर सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, मोहनपुर के अधीन विद्युत वितरण उपखण्ड, **मोहनपुर/गणेशपुर/सेलाकुई** से पोषित होने वाले समस्त सम्मानित उपभोक्ताओं को अवगत कराना है कि निम्नांकित स्थानों पर उनके सम्मुख अंकित तिथियों पर विद्युत शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें उपभोक्ताओं के विद्युत बिलों का भुगतान, त्रुटिपूर्ण विद्युत बिलों को संशोधित, नये विद्युत संयोजन देने, आई०डी०एफ० मीटर बदलना एवं अन्य शिकायतों/समस्याओं/सुझावों आदि कार्यों को निष्पादित किया जायेगा। जिसमें सम्बन्धित क्षेत्र के अवर अभियन्ता तथा उपखण्ड अधिकारी व अन्य कर्मचारी भी शिविर में उपस्थित रहेंगे।

| क्र0सं0 | उपखण्ड अधिकारी का नाम तथा मो०नं० | | कैम्प के आयोजन की दिनांक | कैम्प के आयोजन हेतु स्थान/गांव का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री कंवल सिंह, उपखण्ड अधिकारी, मोहनपुर (9412075937) | 1 | 07.03.2026 | अपर कण्डोली, पानी की टंकी, पंचायत घर |
| | | 2 | 09.03.2026 | आंगनबाड़ी केन्द्र, सुद्धोवाला। |
| | | 3 | 11.03.2026 | पंचायती घर, झाझरा। |
| | | 4 | 13.03.2026 | पंचायती घर, आमवाला। |
| | | 5 | 16.03.2026 | पंचायती घर, बिधोली। |
| | | 6 | 18.03.2026 | पंचायती घर, अम्बीवाला। |
| | | 7 | 20.03.2026 | दुर्गा मंदिर उमेदपुर। |
| | | 8 | 23.03.2026 | शिव मंदिर भाउवाला रोड, सुद्धोवाला। |
| | | 9 | 24.03.2026 | शिव मंदिर, अपर धूलकोट। |
| | | 10 | 25.03.2026 | आंगनबाड़ी केन्द्र, मेहरकागांव। |
| | | 11 | 26.03.2026 | सांई मंदिर, लोवर बिधोली। |
| | | 12 | 28.03.2026 | प्राईमरी स्कूल लोवर कण्डोली। |
| | | 13 | 30.03.2026 | पंचायती घर, हरियावाला। |
| 2 | श्री नीरज कुमार, उपखण्ड अधिकारी, गणेशपुर (9627494981) | 1 | 07.03.2026 | पंचायत घर, मेंहुवाला। |
| | | 2 | 09.03.2026 | पंचायत घर, मेंहुवाला। |
| | | 3 | 11.03.2026 | प्रधान हाउस, परवल। |
| | | 4 | 13.03.2026 | भण्डारी चक्की, तुन्तोवाला। |
| | | 5 | 16.03.2026 | पंचायत घर, शेरपुर। |
| | | 6 | 17.03.2026 | पंचायत घर, मेंहुवाला। |
| | | 7 | 18.03.2026 | पंचायत घर, सिंहनीवाला। |
| | | 8 | 20.03.2026 | नशा मुक्ति केन्द्र, हसनपुर। |
| | | 9 | 23.03.2026 | शौर्य फार्म हाउस, बड़ोवाला। |
| | | 10 | 24.03.2026 | भण्डारी चक्की, तुन्तोवाला। |
| | | 11 | 25.03.2026 | पंचायत घर, मेंहुवाला। |
| | | 12 | 27.03.2026 | पंचायत घर, सिंहनीवाला। |
| | | 13 | 28.03.2026 | पंचायत घर, मेंहुवाला। |
| | | 14 | 31.03.2026 | पंचायत घर, मेंहुवाला। |
| 3 | श्री विनीत गुप्ता, उपखण्ड अधिकारी, सेलाकुई (9411101542) | 1 | 07.03.2026 | बिजलीघर, सेलाकुई। |
| | | 2 | 10.03.2026 | मिसराज पट्टी। |
| | | 3 | 11.03.2026 | प्राईमरी स्कूल, बहादुरपुर। |
| | | 4 | 12.03.2026 | बड़ी मस्जिद, रामपुर। |
| | | 5 | 16.03.2026 | डुंगा चौक। |
| | | 6 | 18.03.2026 | पंचायती घर, भाऊवाला। |
| | | 7 | 20.03.2026 | नगर पंचायत, सेलाकुई। |
| | | 8 | 23.03.2026 | पंचायत घर, नौगांव। |
| | | 9 | 25.03.2026 | शिव नगर, सेलाकुई |
| | | 10 | 28.03.2026 | बिजलीघर, सेलाकुई। |

अतः सभी सम्मानित उपभोक्ताओं एवं जन-प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि कैम्प में उपस्थित होकर विद्युत बिलों से सम्बन्धित प्रकरणों का निराकरण करवाते हुये शिविर का लाभ उठायें।

"विद्युत बिलों के **24x7** ऑनलाईन भुगतान हेतु **www.upcl.org** पर जाए"

पत्रांकः 1283/वि0वि0ख0/(मोहनपुर)देहरादून/उपाकालि दिनांकः 06/03/2026 **अधिशासी अभियन्ता**

(राष्ट्र हित में विद्युत बचायें) टोल फ्री नं0 1800-419-0405



**केनरा बैंक** भारत सरकार का उपक्रम **Canara Bank** A Government of India Undertaking | सिंडिकेटबैंक SyndicateBank

आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम) ।। शाखा
ए-27, प्रथम तल, हौज खास, नई दिल्ली-110016
ईमेलः cb3038@canarabank.com

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से ऋणी(यों) व गारंटरों को सूचित किया जाता है, कि प्रतिभूति ऋणदाताओं को बंधक/दृष्टिबंधक/प्रभारित नीचे वर्णित चल/अचल सम्पत्ति, जिस पर केनरा बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया गया है, को "जहां है जैसी है", "जो है कैसी है" और जैसी भी है" के आधार पर नीचे वर्णित दिनांकों को बंधक सम्पत्ति की बिक्री आयोजित की जाएगी। **प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और 9 के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन धारा अधिनियम 2002 के अधीन**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया **https://baanknet.com/** (मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड),. (सम्पर्क नं. **8291220220**, ईमेल: **Support.BAANKNET@psballiance.com** या केनरा बैंक की वेबसाइट **www.canarabank.com** में दिए गए लिंक "ई-नीलामी" को देखें। आरक्षित मूल्य की **10%** ईएमडी राशि मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड **https://baanknet.com/** पोर्टल के ई-वॉलेट में सीधे जमा की जानी है या चालान बनाकर उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करना है।

| क्र. सं. | शाखा का नाम / कर्जदार/गारंटर्स/बंधककर्ता का नाम एवं पता | चल/अचल संपत्ति का विवरण और कब्जे की स्थिति | कुल बकाया राशि | a. आरक्षित मूल्य (रु.) b. धरोहर राशि (रु.) c. बोली वृद्धि (रु.) d. बिक्री सूचना की तिथि | ई-नीलामी की तिथि एवं समय (प्रत्येक 5 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ) / ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व अपॉइंटमेंट लेकर सम्पत्ति का निरीक्षण किया जा सकता है और सम्पर्क व्यक्ति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा एआरएम ।। शाखा**<br>**मेसर्स गोयल ब्रिक फील्ड प्रोप. श्री पवन कुमार गोयल पुत्र श्री हरेंद्र कुमार गोयल** वर्तमान पताः मोहल्ला किला, लंढोरा, परगना मंगलौर, तहसील रुड़की, जिला हरिद्वार (यूके), पिन कोड 247667<br>**श्रीमती मिथिलेश गोयल पत्नी श्री पवन कुमार गोयल** वर्तमान पताः मोहल्ला किला, लंढोरा, परगना मंगलौर, तहसील रुड़की, जिला हरिद्वार (यूके), पिन कोड 247667 | श्रीमती मिथिलेश गोयल पत्नी श्री पवन कुमार गोयल के नाम आवासीय संपत्ति का वह समस्त भाग, जो उत्तरमुखी मकान संख्या 126 के एक अहाते का, नगर पंचायत लंढौरा के अंतर्गत, मोहल्ला किला लंढौरा में स्थित, परगना मंगलौर तहसील रुड़की जिला हरिद्वार।<br>कुल क्षेत्रफल 427.50 वर्ग मीटर।<br>**चौहद्दीः**- पूर्वः श्री सतेंद्र शर्मा और श्रीमती राजकुमारी का मकान, पश्चिमः श्री राकेश की संपत्ति, उत्तरः 15 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिणः श्री सुनील वालिया का मकान **(संपत्ति भौतिक कब्जे में है)** | रु. 23,99,049.00 (केवल तेईस लाख निन्यानवे हजार उनचास रुपये) दिनांक 28.02.2019 तक ब्याज और लागत आदि सहित। | a. रू. 41.00 लाख<br>b. रू. 4.10 लाख<br>c. रू.10,000/-<br>d. 26.02.2026 | **24.03.2026** अपराह्न 12:30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच<br>**23.03.2026** अपराह्न 05.00 बजे तक | दिनांक 23.03.2026 को सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच। श्री नितिन कक्कड़, मोः 9096368559 और श्री मनोज कुमार, (प्राधिकृत अधिकारी) मोः 8826933887 |
| 2. | **आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम)।। शाखा**<br>**श्री दिव्यम बिष्ट पुत्र श्री राजेंद्र सिंह बिष्ट** निवासी मकान नंबर 167, पदमपुर, सुखरो, आनंद चौक के पास, जिला पौरी, उत्तराखंड 246149<br>**मेसर्स दिव्यम मोटर्स प्रो. श्री दिव्यम बिष्ट पुत्र श्री राजेंद्र सिंह बिष्ट** निवासी पदमपुर, सुखरो, आनंद चौक के पास, जिला पौरी, उत्तराखंड 246149<br>**गारंटरः श्री. सत्यपाल सिंह पुत्र श्री लूथी सिंह** निवासी मकान नंबर 319, पदमपुर, सुखरो, अम्बे चौक के पास, जिला पौरी, उत्तराखंड 246149 | सभी आवासीय संपत्ति का ईएमटी, फ्लैट एमजे-504 (छत के अधिकार के बिना), चौथी मंजिल, मधुर जमुना टावर, खाता संख्या 31, खेत संख्या 33 गा और खाता संख्या 22, खेत संख्या 31 खा, गांव सेमलचौड़, पट्टी सुखरो, कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखंड) में स्थित, श्री दिव्यम बिष्ट पुत्र श्री राजेंद्र सिंह बिष्ट के नाम पर।<br>**कुल भूमि क्षेत्रफल 828.00 वर्ग फुट अर्थात 76.95 वर्ग मीटर। चौहद्दी-**<br>पूर्व- टावर की खाली भूमि<br>पश्चिम- फ्लैट संख्या एमजे 501<br>उत्तर- साझा मार्ग, फिर फ्लैट संख्या 503<br>दक्षिण- खाली भूमि<br>**(भौतिक कब्जे में)** | 38,44,267.07 रुपये (केवल अड़तीस लाख चौवालीस हजार दो सौ सड़सठ रुपये और सात पैसे) 31.10.2025 तक, साथ ही 01.11.2025 से उस पर अतिरिक्त ब्याज और अन्य व्यय | a. 11,50,000/-<br>b. 1,15,000/-<br>c. 10,000/-<br>d. 05.03.2026 | **27.03.2026** अपराह्न 12:30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच<br>**26.03.2026** अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति श्री दीक्षांत सरकार (अधिकारी) मोः 9667732023 और श्री मनोज कुमार, (प्राधिकृत अधिकारी) मोः 8826933887 |
| 3. | **आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम)।। शाखा**<br>**मेसर्स राशी इंडस्ट्रीज अपने भागीदारों के माध्यम सेः**<br>1. श्रीमती शीतल जोशी 2. श्री राकेश जोशी<br>खसरा नंबर 235/सीएच, टाइटन के सामने, हरिद्वार रोड, कुआंवाला, देहरादून-284008-उत्तराखंड<br>**मेसर्स राशी इंडस्ट्रीज अपने भागीदारों के माध्यम सेः**<br>**1. श्रीमती शीतल जोशी 2. श्री राकेश जोशी** खाता खतौनी नंबर 501, खसरा नंबर 2093, शांति कुंज लेन नंबर 5, लोअर नस्थानपुर, पीओ-नेहरूग्राम, एसजीआरआर स्कूल के पास, देहरादून-248014-उत्तराखंड<br>**श्री राकेश जोशी पुत्र श्री रविदत्त जोशी** निवासी मकान नंबर 397, राजेश्वरी पुरम, लोअर नाथनपुर, देहरादून-248001 उत्तराखंड<br>**श्रीमती शीतल जोशी पत्नी श्री राकेश जोशी** निवासी मकान नंबर 397, राजेश्वरी पुरम, लोअर नाथनपुर, देहरादून-248001 उत्तराखंड | आवासीय संपत्ति खाता खतौनी संख्या 501 पर स्थित, जो मौजा रायपुर, परगना परवादून, देहरादून में खसरा संख्या 2093 का हिस्सा। यह संपत्ति श्रीमती शीतल जोशी पत्नी श्री राकेश जोशी, निवासी मकान संख्या 397, राजेश्वरीपुरम, लोअर नथनपुर, देहरादून-248001 के नाम पर है।<br>**चौहद्दी-**<br>पूर्व- 20 फीट चौड़ी सड़क, आकार 18 फीट<br>पश्चिम- दूसरों की गली, आकार 18 फीट<br>उत्तर- दीवार, आकार 72 फीट<br>दक्षिण- दूसरों की भूमि, 72 फीट<br>**(संपत्ति बैंक के भौतिक कब्जे में है)** | रु. **56,01,799.70** (रुपये छप्पन लाख एक हजार सात सौ निन्यानवे और सत्तर पैसे मात्र) दिनांक **28.10.2018** तक प्लस उस पर 01.11.2018 से अतिरिक्त ब्याज, यदि कोई हो तो, वसूलियों को घटाकर। | a. 15,00,000/-<br>b. 1,50,000/-<br>c. 10,000/-<br>d. 05.03.2026 | **27.03.2026** अपराह्न 12:30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच<br>**26.03.2026** अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति श्री दीक्षांत सरकार (अधिकारी) मोः 9667732023 और श्री मनोज कुमार, (प्राधिकृत अधिकारी) मोः 8826933887 |
| 4. | **आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम)।। शाखा**<br>**1. श्रीमती मीनाक्षी सिंह (उधारकर्ता) पत्नी श्री कांत सिंह** अन्नपूर्णा निवास, भीमगोड़ा, खरखरी, हरिद्वार, उत्तराखंड - 249401<br>**2. श्री श्रीकांत सिंह (सह-उधारकर्ता) पुत्र इलम चंद** सी65 सी शास्त्री नगर, ज्वालापुर, हरिद्वार, उत्तराखंड - 249407 | संपत्ति का समस्त भाग एवं अंश जिसमें आवासीय संपत्ति प्लॉट संख्या डी-6 शामिल है, पूर्व में क्षेत्रफल 30 फीट, पश्चिम में क्षेत्रफल 30 फीट, उत्तर में क्षेत्रफल 33.5 फीट, दक्षिण में क्षेत्रफल 33.5 फीट, कुल क्षेत्रफल 1005 वर्ग फीट यानी 93.40 वर्ग मीटर, खसरा संख्या 300एम का हिस्सा, ग्राम बावली कलंजरी, परगना और तहसील रुड़की, जिला - हरिद्वार में स्थित है।<br>**चौहद्दी**- पूर्व- अन्य व्यक्ति की संपत्ति, पश्चिम- प्लॉट संख्या डी-5 का भाग, उत्तर- अन्य की संपत्ति, दक्षिण- 20 फीट चौड़ा रास्ता<br>**CERSAI ID - 400074131348 (सांकेतिक कब्जा)** | रू. 26,43,620.75 (छब्बीस लाख तैंतालीस हजार छह सौ पच्चीस पैसे मात्र) 31.10.2025 तक, साथ ही 01.11.2025 से उस पर अतिरिक्त ब्याज और अन्य व्यय | a. 22,00,000/-<br>b. 2,20,000/-<br>c. 10,000/-<br>d. 05.03.2026 | **27.03.2026** अपराह्न 12:30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच<br>**26.03.2026** अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति श्री दीक्षांत सरकार (अधिकारी) मोः 9667732023 और श्री मनोज कुमार, (प्राधिकृत अधिकारी) मोः 8826933887 |
| 5. | **आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम)।। शाखा**<br>**मैसर्स बंसल मार्केटिंग हाउस (उधारकर्ता)** एचसीएल कंपाउंड निरंजनपुर, सहारनपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड-248003<br>**अखिलेश बंसल (मालिक) पुत्र स्वर्गीय श्री सुशील कुमार बंसल** लेन नंबर 12 राजेश्वर नगर चरण 2 आईटी पार्क के पास सहस्त्रधारा रोड देहरादून उत्तराखंड-248013 एवं टीचर्स कॉलोनी बीरपुररोड केन्द्रीय विद्यालय गढ़ी कैंट देहरादून उत्तराखंड-248003<br>**दीपिका बंसल (गारंटर एवं बंधककर्ता) पत्नी स्वर्गीय श्री एस के बंसल** केन्द्रीय विद्यालय रायवाला देहरादून उत्तराखंड-249401 एवं 2/7 स्टाफ क्वार्टर, केवी बीरपुर देहरादून उत्तराखंड-248003 | दीपिका बंसल के नाम पर स्थित खसरा नंबर 294 और 295 (नया खसरा नंबर 139 और खेवट नंबर 25) में शामिल, शेखपुरा उर्फ कनखल (नगर निगम हरिद्वार की सीमा के भीतर), तहसील और जिला हरिद्वार में स्थित आवासीय फ्लैट, फ्लैट नंबर S-2, दूसरी मंजिल (छत के अधिकार के बिना), जिसका क्षेत्रफल/कवर्ड एरिया 653.24 वर्ग फुट (यानी 60.71 वर्ग मीटर) है, का **साम्यिक बंधक**<br>**चौहद्दी- पूर्व दिशा** - श्री दीपक गोयल की संपत्ति, **पश्चिम दिशा** - श्री विजय मखीजा की संपत्ति, **उत्तर दिशा** - 25 फीट चौड़ा मार्ग, **दक्षिण दिशा** - विक्रेता की संपत्ति<br>**(संकेतक कब्जे के अंतर्गत संपत्ति)** | रू. 61,72,372.59 रुपये (इकसठ लाख बहत्तर हजार तीन सौ बहत्तर और उनसठ पैसे मात्र) केवल देय है, जिसमें 01.09.025 से ब्याज, व्यय, अन्य शुल्क आदि शामिल हैं, और वसूली (यदि कोई हो) घटा दी जाएगी। | a. 37,00,000/-<br>b. 3,70,000/-<br>c. 10,000/-<br>d. 05.03.2026 | **27.03.2026** अपराह्न 12.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच<br>**26.03.2026** अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति सुबह 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे के श्री अंकित कृष्ण सांवरे (अधिकारी) मोबाइल नम्बर 9457931468 एवं श्री मनोज कुमार (प्राधिकृत अधिकारी), मोबाइल नम्बर 8826933887 |

दिनांकः 06.03.2026, स्थान : नई दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

## ईपीएल छह मार्च से अमेजन डॉट इन पर शुरू

**देहरादून।** अमेजन इंडिया ने आज घोषणा की कि सैमसंग गैलेक्सी एआई से संचालित इलेक्ट्रॉनिक्स प्रीमियर लीग (ईपीएल) की वापसी हो रही है, जो 6 मार्च से शुरू होगी। इस क्रिकेट सीजन में ग्राहक नवीनतम स्मार्टफोन, स्मार्ट टीवी, लैपटॉप और टैबलेट से लेकर एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, कैमरा, ऑडियो डिवाइस समेत कई उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों पर शानदार डील और ऑफर पा सकेंगे।इस दौरान पावर प्ले डील्स के तहत बेहतरीन ऑफर का चयनित संग्रह पेश किया जाएगा, जिन्हें पूरे आयोजन के दौरान हर दिन अपडेट किया जाएगा। ग्राहकों को उत्पादों पर 65 फीसदी तक की छूट, एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड और ईएमआई ट्रांजैक्शन पर 4,500 रुपये तक का इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट, नो कॉस्ट ईएमआई विकल्प और आकर्षक एक्सचेंज ऑफर का लाभ मिलेगा, इससे नए इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों में अपग्रेड करना पहले से ज्यादा आसान होगा।

# घर से ही शुरू होगा महिला सशक्तिकरण: रेखा आर्या

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजभवन स्थित लोक भवन में आयोजित महिला कल्याण उत्कृष्ट सेवा सम्मान एवं 'मेरी पहचानख्र2026' कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों और सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने संयुक्त रूप से सम्मान प्रदान किए। कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड की महिलाओं ने पिछले एक दशक में बहुत तेजी से प्रगति की है और 2047 के विकसित भारत में यहां की महिलाएं बड़ा योगदान करेंगी। इस अवसर पर मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि उत्तराखंड सरकार महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने वात्सल्य योजना लागू की है तथा अनाथ किशोर-किशोरियों को सरकारी नौकरियों में 5 प्रतिशत और महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। रेखा आर्या ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण की असली शुरुआत घर से ही होती है। जब परिवार में महिलाओं को सम्मान और बराबरी का स्थान मिलेगा, तभी समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव होगा।




**राज भवन में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हुए सम्मानित**

उन्होंने कहा कि महिलाओं का वास्तविक सशक्तिकरण उस दिन माना जाएगा। जब उन्हें अपने अधिकारों के लिए अलग से आवाज उठाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और महिला दिवस जैसे औपचारिक आयोजनों की प्रासंगि. कता भी स्वत: समाप्त हो जाएगी। कार्यक्रम में राज्य की प्रथम महिला गुरमीत कौर, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल, बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्षा डॉ. गीता खन्ना, विभागीय सचिव चंद्रेश कुमार, राज्यपाल के सचिव रविनाथ रमन और निदेशक बंशीलाल राणा सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# भट्ट से मिला होटल व्यवसायियों का प्रतिनिधिमंडल, दिया ज्ञापन

**चारधाम यात्रा गाइड लाइन में नियमों के शिथिलीकरण की मांग, अध्यक्ष ने दिया आश्वासन**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट से चार धाम मार्ग स्थित होटल व्यवसायियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर ज्ञापन दिया। ज्ञापन मे प्रतिनिधिमंडल ने द्वारा यात्री संख्या, ऑनलाइन ऑफलाइन पंजीकरण बाध्यता समाप्ति के मुद्दे पर श्री भट्ट ने मुख्यमंत्री से बात करने और उचित निर्णय का आश्वासन दिया।

यमुना कॉलोनी स्थित आवास में हुई इस मुलाकात में उत्तराखंड चार धाम होटल व्यवसाय संगठन प्रतिनिधियों ने बताया कि चारधाम-श्री बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री एवं यमनोत्री का सम्पूर्ण विश्व में एक विशेष धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्त्व है। यह यात्रा न केवल सनातन संस्कृति की आत्मा है, बल्कि राज्य की आर्थिकी का भी मुख्य आधार है।

वर्तमान में चारधाम यात्रा में आने वाले यात्रियों की संख्या को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन के माध्यम से सरकार द्वारा सीमित किया गया है, जिसके कारण उत्तराखण्ड की आम जन-मानस, व्यापारी बन्धु, होटल व्यसायी, टूर एवं ट्रेवल आपरेटर, दुकानदार, टैक्सी चालक, घोडा खच्चर एवं डोली-पालकी संचालकों सहित लाखों परिवारों, एवं उत्तराखण्ड राज्य की आर्थिकी एवं आजीनिका पर प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है।



चार धाम होटल व्यवसायियों ने कहा कि चारधाम यात्रा सदियों से निर्बाध रूप से संचालित होती रही है एवं श्रद्धालुओं की आस्था इसकी गहराईयों सी जुड़ी हुई है। यांत्रियों की संख्या पर लगाये गये प्रतिबंधों से न केवल धार्मिक भावना आहत हो रही है बल्कि राज्य की आर्थिक गतिविधियाँ भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने मांग की कि चारधाम यात्रा में यात्रियों की संख्या पर लगाई गई ऑनलाइन एवं आफ लाइन की सीमा को समाप्त करने, धामों में यात्रा मार्ग पर जगह-जगह बैरिकेट सिस्टम खत्म करने एवं व्यारिक रूप से यात्रा को सरल एवं सुगम बनाने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किये जाए।

मुलाकात के दौरान भट्ट ने होटल व्यवसाय प्रतिनिधियों को विश्वास दिलाया कि इस महत्त्वपूर्ण विषय पर वे सीएम पुष्कर धामी से बात कर, सहानुभूति पूर्वक विचार का अनुरोध करेंगे। हम सबके लिए चार धाम के लोगों की आर्थिक व्यवस्था एवं रोजगार को देखते हुये आगामी 2026 की चार धाम यात्रा को सुगम एवं सुव्यवस्थित करना अति आवश्यक है। हमें उम्मीद है कि सरकार इसमें सभी पक्षों से बात. चीत कर, मुद्दे के हल के लिए उचित निर्णय लेगी। उन्होने कहा कि राज्य सरकार व्यापारियों के हितो के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

इस दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी भाजपा मनवीर सिंह चौहान, उत्तराखंड चारधाम यात्रा होटल एसोसियेशन अध्यक्ष राजेश मेहता, संदीप राणा , सरदार सिंह राणा रणजीत रावत, नीतीश रमोला , समेत अन्य होटल व्यवसायी प्रति. निधि मौजूद रहे।

# चार साल बाद टूटा गतिरोध, बढ़ा मेजबानी का दायरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कोटी कालोनी ( टिहरी )।** इस बार का टिहरी लेक फेस्टिवल कई मायनों में खास है। सबसे खास बात चार वर्षों से चले आ रहे गति. रोध के टूटने से जुड़ी है। कोविड-19 की वजह से इस आयोजन पर ग्रहण लग गया था। मगर राज्य सरकार ने ठानी, तो इस बार गतिरोध टूट गया। एक और अहम बात काबिलेगौर है। इस बार सिर्फ टिहरी शहर ही इस आयोजन का मेजबान नहीं है, बल्कि मेजबा. नी का दायरा कई अन्य शहरों तक फैल गया है। यह पहली बार हो रहा है कि नरेंद्रनगर, घनसाली, प्रताप. नगर, धनोल्टी और देवप्रयाग जैसे स्थान भी इस आयोजन की मेजबा. नी कर रहे हैं।

दरअसल, राज्य सरकार बडे आयोजनों को किसी एक जगह पर केंद्रित न रखकर उसे विभिन्न स्थानों पर आयोजित करा रही है।



**लेक फेस्टिवल की गतिविधियां इस बार सिर्फ टिहरी में नहीं, नरेंद्रनगर, घनसाली, प्रतापनगर, धनोल्टी, देवप्रयाग भी इस बार मेजबान**

-टिहरी उत्तराखंड का ऐसा जिला है, जो पर्यटन के क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं समेटे हुए हैं। टिहरी झील का आकर्षण तो जगजाहिर है। देश-दुनिया के लोग यहां पर खिंचे चले आ रहे हैं। सरकार यहां पर सुविधाओं का लगातार विस्तार कर रही है। ताकि टिहरी पर्यटन के मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर पाए।

**-पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री।**

इसका सबसे बड़ा फायदा इस रूप में आता है कि ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रों को बडे आयोजन से एक्सपोजर मिलता है। राष्ट्रीय खेलों का उदाहरण हमारे सामने है, जिसे देहरादून के अलावा, हरिद्वार, हल्द्वानी, रूद्रपुर से लेकर टिहरी, पिथौरागढ़ जैसे स्थानों में भी आयोजित किया गया।

टिहरी लेक फेस्टिवल के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ, जबकि देवप्रयाग, नरेंद्रनगर, प्रतापनगर, धनोल्टी और घनसाली जैसे क्षेत्रों को इस आयोजन से जोड़ा गया हो।

इन जगहों पर ट्रैकिंग के इवेंट से लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी विशेष आयोजन किया जा रहा है। एक तरह से कह सकते हैं कि पहली बार टिहरी लेक फेस्टिवल में टिहरी शहर नहीं, बल्कि पूरा जिला मेजबान बतौर अपनी भूमिका निभा रहा है।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


# सत्र अवधि को लेकर कांग्रेसी आरोप राजनीतिक पाखंड : चमोली

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

देहरादून । भाजपा ने सत्र की अवधि को लेकर कांग्रेसी आरोपों को झूठ, भ्रम आधारित राजनीतिक पाखंड बताया है। पार्टी के वरिष्ठ विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता विनोद चमोली ने कहा, कांग्रेस सरकारों में भाजपा, जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभाता था तो सदन भी सकारात्मक रूप से चलता था। लेकिन अब विपक्ष, 9 साल से हंगामे, बायकॉट के नकारात्मक एजेंडे पर काम कर रहा है, लिहाजा उनके लिए समय की कोई अहमियत नहीं है। उस पर स्वयं मुख्यमंत्री भी कह चुके हैं कि जरूरत हुई तो अवधि बढ़ाई जा सकती है। मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए चमोली ने कहा सत्र की अवधि सदन के कामकाज की दृष्टि से कार्य मंत्रणा समिति द्वारा निर्धारित की जाती है। जिसमें विपक्ष के विधायक भी शामिल होते हैं और जो भी बिजनेस सत्र को लेकर उचित समझा जाता है उसके अनुसार ही निर्णय लिया जाता है।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मैंने अपना नाम कुमार सिद्धार्थ (KUMAR SIDDHARTH) (पुराना नाम) से बदल कर सिद्धार्थ सक्सेना (SIDDHARTH SAXENA) (नया नाम) कर लिया है। भविष्य में मुझे सिद्धार्थ सक्सेना (SIDDHARTH SAXENA) (नया नाम) S/O श्री सदन बिहारी लाल सक्सेना के नाम से जाना, पहचाना जाए।

**पता:- फस्ट फ्लोर, लेन-2 नानक विहार टीएचडीसी कालोनी, देहरा खास, देहरादून।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र का नाम यथार्थ सिंह बोरा (Yatharth Singh Bora) से बदलकर दक्ष सिंह बोरा (Daksh Singh Bora) रख लिया है। भविष्य में उसे दक्ष सिंह बोरा (Daksh Singh Bora)के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**रोहित सिंह पुत्र पूरन सिंह**
**निवासी- 4/1, नागल ज्वालापुर, सिमलास ग्रांट, डोईवाला, जिला देहरादून, उत्तराखण्ड।**

## कार्यालय जिला पंचायत, देहरादून

पत्रांक :- 2648/ XV/विज्ञप्ति / जि०पं० दे०दून / 2025-26, दिनांक :- 06.03.2026

**शुद्धि-पत्र**
**( सूचना )**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक सं. 2507/XV/ई-निविदा (2025-26) / जि.पं. दे.दून दिनांक 13.02.2026 द्वारा ई-निविदा प्रकाशित की गई थी। उक्त ई-निविदा की तिथियों में आंशिक संशोधन करते हुए ई-निविदा हेतु दरें पोर्टल पर अपलोड़ की तिथि 11.03.2026 को मध्यान्ह 12.00 बजे तक एवं ई-निविदा खोलने की तिथि दिनांक 12.03.2026 अपरान्ह 1.00 बजे तक विस्तारित की जाती है। उक्त निविदा से सम्बन्धित शेष शर्ते यथावत् रहेंगी।

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, देहरादून**

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, जखोली

Email.id-bdo.jakholi@gmail.com

पत्रांक : 1831/स्था.-1/निविदा विज्ञप्ति/2025-26 दिनांक 06.03.2026

**निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी के द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से राज्य वित्त/15 वें वित्त एवं दैवीय आपदा तथा मनरेगा योजना (जी राम जी) के अन्तर्गत युगपतिकरण करते हुए निम्न कार्य हेतु मुहर बन्द निविदा प्रपत्रों को दिनांक 20.03.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है, जिनका विक्रय दिनांक 17.03.2026 से दिनांक 18.03.2026 अपरान्ह 03:00 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय से किया जायेगा, प्राप्त होने वाली निविदाओं को दिनांक 20.03.2026 अपरान्ह 03:00 बजे समिति के सामने खोला जायेगा, जिस भी ठेकेदार की दर न्यून पायी जायेगी उसको पृथक से आदेश जारी कर दिया जायेगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि ( रू. में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य ( 18 प्रतिशत जी.एस.टी. अतिरिक्त ) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | मद का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गेस्ट हाउस मरम्मत कार्य (वि०ख० परिसर)। | 15000.00 | 500.00 | 03 माह | राज्य वित्त |
| 2 | मून पब्लिक स्कूल में कक्षा कक्ष निर्माण (धारकोट) | 15000.00 | 500.00 | 03 माह | 15 वें वित्त |
| 3 | सेरा में पंचायत भवन (ग्राम पंचायत भ्यूता)। | 15000.00 | 500.00 | 03 माह | 15 वें वित्त |
| 4 | ग्राम बरसीर पांजणा, कुरछोला तक क्षतिग्रस्त पैदल सम्पर्क मार्ग मरम्मत /वृहद अनुरक्षण कार्य। | 19000.00 | 1000.00 | 03 माह | दैवीय आपदा |
| 5 | पश्चिमी चाका के खोड गदेरा में पुलिया निर्माण कार्य एवं सम्पर्क मार्ग मरम्मत कार्य। | 25700.00 | 1000.00 | 03 माह | दैवीय आपदा |

उक्त निर्माण कार्यों में क्र.सं. 04 एवं 05 में मनरेगा के अन्तर्गत प्रस्तावित धनराशि से स्थानीय जॉब कार्डधारी श्रमिकों के द्वारा मनरेगा के मानको के अनुसार कार्य किया जायेगा एवं अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकती है, किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

**( विजय सिंह नेगी )**
**खण्ड विकास अधिकारी, जखोली**

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड पुरोला, उत्तरकाशी

eeirigationpurola@gmail.com

पत्रांक : 435/सिं.ख.पु./ई.निविदा सूचना (2025-26) दिनांक: 02/03/2026

**ई-निविदा सूचना संख्या- 12/अ.अ./2025-26**

महामहिम श्रीराज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड पुरोला (उत्तरकाशी) द्वारा निम्न कार्यों के निर्माण हेतु मद आधारित दरो पर कमांक 1 से क्रमांक 11 पर अंकित योजना हेतु एकल-बिड प्रणाली के माध्यम से ऑनलाईन (Online) निविदायें आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदाओं हेतु वही ठेकेदार मान्य होंगे जो सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड में 'D' श्रेणी अथवा उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत होंगें।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि लाख रू. में | निविदा प्रपत्र का मूल्य ( रू. ) | निविदा की बैधता अवधि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | सिविल कार्यों की वॉछित श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Flood protection work in Ratedi Tok (Guttu Gad) of Village Leader of Purola Block Distt Uttarakshi. | 186000.00 | 4000+ 18% GST | 90 दिन | 6 माह | सिंचाई विभाग में डी अथवा उच्चतर श्रेणी में |
| 2 | Protection work of agricultural land up to Samadhi Tok of Baya Khad in Purola Block Distt Uttarakshi. | 170000.00 | 3000+ 18% GST | 90 दिन | 6 माह | सिंचाई विभाग में डी अथवा उच्चतर श्रेणी में |
| 3 | Flood protection work on both sides of the ravine upstream of the motor road bridge of Samadhi Math in Purola Block Distt Uttarakshi. | 190000.00 | 4000+ 18% GST | 90 दिन | 6 माह | सिंचाई विभाग में डी अथवा उच्चतर श्रेणी में |
| 4 | Flood protection work to prevent erosion of agricultural land on both sides of Kalarkhana named Tok of Scheduled Caste dominated village Panchayat Devdung Purola Block Distt Uttarakshi. | 166000.00 | 3000+ 18% GST | 90 दिन | 6 माह | सिंचाई विभाग में डी अथवा उच्चतर श्रेणी में |
| 5 | Flood protection work at Chhnchada Naam Tonk under Gram Panchayat Pauti (Badiar) of Purola Block Distt Uttarakshi. | 186000.00 | 4000+ 18% GST | 90 दिन | 6 माह | सिंचाई विभाग में डी अथवा उच्चतर श्रेणी में |
| 6 | Flood protection work near the culvert in Rata Naam Tok Purola Block Distt Uttarakshi. | 190000.00 | 4000+ 18% GST | 90 दिन | 6 माह | सिंचाई विभाग में डी अथवा उच्चतर श्रेणी में |
| 7 | Protection work of fields in Upla Rata Tok on Malgad River of Gram Panchayat Karda of Purola Block Distt Uttarakshi. | 165000.00 | 3000+ 18% GST | 90 दिन | 6 माह | सिंचाई विभाग में डी अथवा उच्चतर श्रेणी में |
| 8. | Flood protection work of agricultural land in Ghatka Dadmana Tok of Malgad in Purola village Purola Block Distt Uttarakshi. | 203000.00 | 4000+ 18% GST | 90 दिन | 6 माह | सिंचाई विभाग में डी अथवा उच्चतर श्रेणी में |
| 9 | Flood protection work of agricultural land on both sides of Khadu in Taluka Khadu of village Gundiyatgaon Purola Block Distt Uttarakshi. | 221000.00 | 4000+ 18% GST | 90 दिन | 6 माह | सिंचाई विभाग में डी अथवा उच्चतर श्रेणी में |
| 10 | Flood protection work in Chandi Tok of Gram Panchayat Gangad of Block Mori Distt Uttarkashi. | 207000.00 | 4000+ 18% GST | 90 दिन | 6 माह | सिंचाई विभाग में डी अथवा उच्चतर श्रेणी में |
| 11 | Tok Flood protection work in Bhedgoda of Gram Panchayat Osla of Block Mori Distt Uttarkashi. | 141000.00 | 2500+ 18% GST | 90 दिन | 6 माह | सिंचाई विभाग में डी अथवा उच्चतर श्रेणी में |

**नोट**- उपरोक्त सभी निविदा प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति की प्रत्याशा में आमंत्रित की गई है। प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति न प्राप्त होने की दशा में निविदा स्वत: ही निरस्त हो जायेगी।

ई-निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रण की तिथि-03.03.2026

ई-निविदा के माध्यम से निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय-12.03.2026 सांय: 05:00 बजे तक।

निविदाओं से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी हेतु उत्तराखण्ड सरकार की वेबसाईट www.uktenders.gov पद पर लॉग ऑन करें।

**नोट**- 1. उक्त निविदा प्रणाली में शासनादेश संख्या-33131(1)/2025/XXVII(9)/01/अधिप्राप्ति/2024/ई-77841 दिनांक: 16.09.2025 में दिये गये दिशा-निर्देश का अनुपालन किया जायेगा।

2. निविदाकर्ता द्वारा निविदा एवं GST शुल्क ऑनलाईन माध्यम द्वारा निम्नलिखित लेखाशीर्षक पर जमा करते हुए चालान की प्रति SBD के साथ Upload की जायेगी।

निविदा का लेखाशीर्षक 0701001010100

GST संख्या 05MRT100278F1DI

**अधिशासी अभियन्ता**
**सिंचाई खण्ड पुरोला**

# नैनीताल घूमने आई युवती से दुराचार का प्रयास

## विरोध करने पर मारपीट, टैक्सी चालक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** दिल्ली से नैनीताल घूमने आ रही युवती के साथ नशे में धुत टैक्सी चालक ने अपहरण कर उसके साथ छेड़खानी करने के साथ ही दुराचार का प्रयास किया। विरोध करने पर मारपीट भी की। युवती ने जंगल में सड़क किनारे कलमठ में छिपकर जान बचाई। रात के अंधेरे में युवती नहीं मिली तो टैक्सी चालक फरार हो गया। शुक्रवार की सुबह होने पर एक स्थानीय महिला की मदद से पुलिस तक पहुंची। पुलिस ने अज्ञात टैक्सी चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के साथ ही पुलिस टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया साथ ही बीडी पाण्डे अस्पताल जिला अस्पताल में युवती का मेडिकल परीक्षण कराया गया। जानकारी के अनुसार दिल्ली निवासी युवती बीती




रात करीब 12 बजे हल्द्वानी से नैनीताल आ रही थी। युवती टैक्सी में अकेली थी। जिला मुख्यालय नैनीताल से करीब 12 किलोमीटर दूर हल्द्वानी रोड पर टैक्सी चालक ने कार हाइवे के बजाय आड़ूखान को जाने वाली लिंक रोड की ओर से मोड़ दी और आगे जाकर रोक दी। इसी बीच उसने युवती के साथ छेड़खानी शुरू कर दी तो युवती ने विरोध किया तो उसने युवती के साथ मारपीट की। युवती डर से जंगल की ओर भाग गई। काफी हो हल्ला करने पर टैक्सी चालक फरार हो गया। घटना के बाद डरी युवती ने पूरी रात जंगल में बिताई। शुक्रवार सुबह आड़ूखान की एक महिला जब नैनीताल की ओर से आ रही थी तो युवती की नजर उस पर पड़ गई। इसके बाद महिला ने उसे पुलिस थाने पहुंचाया। सूचना पर तल्लीताल कोतवाली के एसओ मनोज नयाल, एसआइ बबिता तथा एसआइ सतीश उपाध्याय ने युवती की तहरीर पर अज्ञात टैकसी चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के साथ ही युवती का बीडी पाण्डे जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया। एसओ नयाल ने बताया कि आरोपित चालक की जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

## मानसिक विक्षिप्त युवती से हैवानियत की कोशिश, आरोपी ऑटो चालक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के नवाबी रोड वार्ड 11 में बीती रात्रि एक मान. सिक रूप से विक्षिप्त युवती पर हैवानियत की कोशिश का मामला सामने आया। पड़ोसियों ने जूझबुझ का परिचय देते हुए आरा. पी ऑटो चालक को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने स्थानीय पार्षद रवि जोशी व स्थानीय महिलाओं की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार को वार्ड-11 के पार्षद रवि जोशी व स्थानीय महिलाओं ने कोतवाली पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि क्षेत्र में 28 वर्षीय युवती अकेली रहती है और मानसिक रूप से बीमार रहती है युवती के माता पिता का कुछ साल पहले ही निधन हो गया था, परिवार के अभाव में पड़ोसी उसकी देखभाल करते हैं। तहरीर में कहा कि बीते गुरूवार की रात्रि करीब डेढ़ बजे आरोपी युवक खिड़की की दीवार तोड़कर युवती के घर में घुसा। आरोप है कि टेंपो चालक ने युवती के साथ छेड़खानी की और दुष्कर्म का प्रयास किया। इस दौरान पड़ोसियों को आवाज सुनाई दी और उन्होंने तुरंत हल्ला मचाया। आसपास के लोग भी मौके पर आए और आरा. पी को दबोच लिया। पड़ोसियों ने आरोपी को मौके पर ही धुनाई दी, जिसके बाद उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। क्षेत्रवासियों के अनुसार आरोपी का नाम करन है और वह ऑटो चलाता है। लोगों ने आरोपी युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, पुलिस ने मेडिकल कराया तो दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आरोपी के खिलाफ मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति पर अपराध करने का मामला दर्ज किया जाएगा।

# युवक पर चाकू से हमला करने वाले दो गिरफ्तार

## पकड़े गए आरोपियों में एक हमलावर नाबालिग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते गुरूवार की शाम काठगोदाम रेलवे स्टेशन के पास चस्का चाय फैके के सामने चाकू से



हमला करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने कुछ ही घंटे में गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी में एक नाबालिग युवक भी शामिल है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू भी आरोपियों की निशानदेही पर बरामद किया है।

काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि वार्ड नंबर-13 कुष्ठ आश्रम राजपुरा निवासी बच्ची देवी पत्नी किशोर राम ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीते गुरूवार की शाम करीब सवा 5 बजे उनका 18 वर्षीय बेटा हेम आर्या अपनी मित्र को लेने के लिए काठगोदाम गया था। आरोप है कि दोनों रेलवे स्टेशन के पास चस्का चाय फैके के सामने थे कि तभी वहां पर कुछ लोग आए और चाकू से हमला कर दिया। बताया जा रहा कि एक के बाद हेम पर लोगों ने धारदार हथियार से कई हमले कर उसे लहूलुहान कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित मां की तहरीर के आधार पर तुरंत मुकदमा दर्ज कर आरो. पियों की तलाश शुरू कर दी। थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बतया कि पुलिस ने रात्रि दबिश के दौरान हमला करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में विकास सिंह बिष्ट ऊर्फ गैड़ है जबकि दूसरा नाबालिग युवक है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हमले में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया। पकड़े गए आरोपी युवक विकास सिंह के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया वहीं नाबालिग युवक के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय/जेजे बोर्ड के समक्ष पेश किया गया। टीम में एसआई नीतू सिंह, कांस्टेबल सूरज सिंह, योगेश कुमार मौजूद रहे।

## हीटर जलाकर सोए रिटायर्ड कर्मचारी की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रामनगर निवासी और राज्य कर विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी की हीटर जलाकर सोने के दौरान मौत हो गई। मौत की वजह दम घुटना बताई जा रहा है फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परि. जनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार रामनगर पीरूमदारा निवासी 67 वर्षीय मोहन सिंह राज्य कर विभाग से सेवानिवृत थे। बताया जा रहा कि बीते गुरुवार सुबह मोहन सिंह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आए। जब परिवार और आस-पास के लोग उनके कमरे में गए, तो वह अचेत अवस्था में मिले। उन्हें तुरंत रामनगर स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी स्थिति गंभीर पाई गई और ऑक्सीजन का स्तर तेजी से गिरने लगा। चिकित्सकों ने उन्हें तत्काल सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मेडिकल चौकी प्रभारी रविंद्र राणा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मृतक की मौत का कारण दम घुटना बताया जा रहा है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्थिति स्पष्ट होगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

# विधायक का जन्मदिन मनाया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शुक्रवार को अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल द्वारा शहर विधायक सुमित हृदयेश का जन्म दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संगठन ने उनकी माताजी स्व. इंदिरा हृदयेश का चित्र भेंट कर श्रद्धांजलि अर्पित की और केक काटकर विधायक जी का जन्म दिवस मनाया। कार्यक्रम में बाला. जी मंदिर के संस्थापक पूरन चंद पाठक ने विधायक सुमित हृदयेश को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर कार्यकारिणी अध्यक्ष जीवन सिंह कार्की, प्रदेश प्रभारी अतुल गुप्ता, प्रदेश सह प्रभारी रजा खान, प्रदेश कोषाध्यक्ष नीरज प्रभात गर्ग, जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद जायसवाल, मंडी प्रभारी विजय जायसवाल, जिला महामंत्री राघवेंद्र चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष पवन दुबे समेत कई लोग मौजूद रहे।

# सड़क, पेयजल, सीवर कार्यों की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम काठगोदाम सभागार में महापौर गजराज सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में शुक्रवार को यूयूएसडीए द्वारा स्वीकृत सड़क, पेयजल और सीवर पाइप लाइन से जुड़े कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मौजूद पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याओं से मेयर को अवगत कराया और विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में यूयूएसडीए के अधिकारियों के साथ कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए मेयर गजराज बिष्ट ने निर्देश दिए कि आगामी बरसात से पहले सभी खुदी हुई सड़कों, पेयजल लाइन और सीवर से जुड़े कार्यों को हर हाल में पूरा किया जाए। जिन क्षेत्रों में सड़क खोदी जानी है, वहां सुरक्षा के दृष्टिकोण से दो-तीन दिन पहले से अनाउंसमेंट कर स्थानीय लोगों को जानकारी दी



जाए और उचित साइन बोर्ड भी लगाए जाए। उन्होंने कहा कि जब तक पुरानी खुदी सड़कों को ठीक नहीं किया जाता, तब तक नई सड़कों को खोदने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बैठक के दौरान कई पार्षदों ने शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर शिकायतें भी रखी। इस पर मेयर ने नगर आयुक्त परितोष वर्मा को 15 दिन के भीतर सफाई व्यवस्था में सुधार कर सभी कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। इस दौरान वार्ड-19 के पार्षद रईस अहमद गुड्डे ने भी मेयर को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि गौजाजाली उत्तर क्षेत्र की गलियों में सड़कों और नालियों का निर्माण कार्य पिछले दो महीनों से रुका हुआ है। इस कार्य को शीघ्रता से पूरा किया जाए। बैठक में नगर आयुक्त परितोष वर्मा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी मनोज कांडपाल, एई नवल नौटियाल, पार्षद बबली वर्मा, तनुजा जोशी, विद्या देवी, नीमा भट्ट, राजेश पंत, रुक्मणी बिष्ट, धर्मवीर, रईस अहमद गुड्डू, नवीन चंद्र जोशी, चंद्रप्रकाश, संजय पांडे, रेखा बेनीवाल, नेहा अधिकारी, ज्योति पांडे, मुकुल बल्यूटिया, अमित सिंह के अलावा यूयूएसडीए के प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप कुमार, एई दीनदयाल पांडे, रोहित जोशी, मनोज चंद्र, दिनेश चंद्र आर्य, प्रदीप मेहरा आदि मौजूद रहे।

# दो अवैध इमारतों पर चला पीला पंजा

## शहर के चौड़ीकरण अभियान के लिए प्रशासन की कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में सड़क चौड़ीकरण अभियान के तहत प्रशासन ने एक बार फिर से कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार को ऊंचापुल चौराहे के पास सड़क की जद में आ रहे दो अवैध मकानों को तोड़ने की कार्रवाई की गई। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी और नगर आयुक्त परितोष वर्मा के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की। अधिकारियों के अनुसार दोनों मकान सरकारी जमीन पर बने हुए थे और सड़क चौड़ीकरण में बाधा बन रहे थे। बताया जा रहा है कि दोनों भवन कफी बड़े है, इसलिए उन्हें हटाने की कार्रवाई कई दिन तक




चल सकती है। मकान हटने के बाद ऊंचापुल चौराहे पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू किया जाएगा। इससे क्षेत्र में लगने वाले जाम से लोगों को काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि शहर के विभिन्न स्थानों पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य जारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सड़क की जद में आने वाले अतिक्रमण को स्वयं हटा ले अन्यथा प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करेगा। जरूरत पड़ने पर बलपूर्वक अतिक्रमण भी हटाया जाएगा।

# खाड़ी देशों में फंसे हुए लोगों की मदद को आगे आया प्रशासन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** खाड़ी देशों में चल रहे सैन्य संघर्ष के मद्देनजर यदि नैनीताल जिले का कोई भी निवासी कुवैत, सऊदी अरब, बहरीन या यूएई में फंसा हुआ है तो उसकी जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराई जा सकती है ताकि समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि प्रभावित देशों में फंसे नागरिकों की सुरक्षित भारत वापसी के लिए आपातकाल. ीन हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। इन नंबरों और ईमेल के माध्यम से संबंधित भारतीय दूतावासों से संपर्क कर आवश्यक सहायता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि कुवैत के लिए मोबाइल नंबर 96565-501946 तथा ईमेल community.kuwait@mea.gov.in, सऊदी अरब के लिए 00-966-11-4884697 और ईमेल cw.riyadh@mea.gov.in, बहरीन के लिए 97339-418071, 97338-400433 तथा यू-ट्यूब चैनल एम्बेसी ऑफ इंडिया, बहरीन और यूएई के लिए 971-2-4492700 व वेबसाइट www.indembassyuae.gov.in पर संपर्क किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील की है कि इस संबंध में केवल आधिकारिक और सत्यापित सूचनाओं पर ही विश्वास करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें।

# खेलो इंडिया प्रोग्राम कल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत, नैनीताल युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा खेलो इंडिया के सहयोग से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन 8 मार्च स्पोर्ट्स स्टेडियम हल्द्वानी में किया जाएगा। जिसको लेकर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। शुक्रवार को सूचना विभाग कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए डॉल्वी तेवतिया व तनुजा आर्या ने संयुक्त रूप से बताया कि इस कार्यक्रम में बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी। ये प्रतियोगिताएँ तीन आयु वर्गों अंडर-13 से अंडर-18 वर्ष और 18 वर्ष से ऊपर में होंगी। इसके




अतिरिक्त, कार्यक्रम के दौरान सभी महिलाओं के लिए एक फन जुम्बा सत्र का आयोजन भी किया जाएगा, जिसका उद्देश्य महिलाओं में स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें नियमित शारीरिक गतिविधियों के लिए प्रेरित करना है। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की महिलाओं और बालिकाओं से अपील की गई है कि वे इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लें, ताकि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इस मौके पर खेल और फिटनेस के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल सके।

# धूल धक्कड़ से लोग परेशान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजपुरा खनन गेट से हर दिन सैकड़ों डंपर घनी आबादी वाले क्षेत्र से गुजरने के कारण इलाके के लोगों को भारी धूल का सामना करना पड़ रहा है। पानी का छिड़काव न होने से परेशान स्थानीय लोगों ने शुक्रवार को खनन गेट



कर्मचारियों का घेराव कर नारा. जगी जताई। पार्षद प्रति. निधि हेमंत साहू के नेतृत्व में लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि लगातार उठ रही धूल के कारण क्षेत्र के लोग बीमार हो रहे है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही पानी का नियमित छिड़काव शुरू नहीं किया गया तो खनन गेट बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने डीएलएम से फोन पर वार्ता कर अपनी नाराजगी भी जताई। उन्होंने कहा कि पानी का छिड़काव न होना बेहद गंभीर लापरवाही है और वन निगम की कार्यप्रणाली बेहद शर्मनाक है। इस दौरान हरिमोहन रंधावा, बब्बू दिवाकर, विपिन चौहान, विजय कुमार, सोनू कुमार आदि मौजूद रहे।

# एसटीएच में अव्यवस्थाओं पर आक्रोश

## लोगों ने एसडीएम कोर्ट पहुंचकर डीएम को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सुशीला तिवारी हॉस्पिटल की खराब स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को सामाजिक कार्यकर्ता नीरज तिवारी ने दर्जनों लोगों के साथ एसडीएम कोर्ट पहुंचकर एसडीएम के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर अस्पताल की स्थिति सुधारने की मांग की है।

भेजे गए ज्ञापन में सुशीला तिवारी अस्पताल में मशीनरी, उपकरणों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के चलते मरीजों की मौतों के आंकड़ों का हवाला दिया गया है। उन्होंने कहा कि सूचना अधिकार से प्राप्त हुई जानकारी के अनुसार वर्ष 2023 से



2025 के बीच अस्पताल में इलाज के दौरान लगभग 6084 मरीजों की मौतें हुई हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि यह कुमाऊं और पर्वतीय क्षेत्रों का एकमात्र बड़ा अस्पताल है, जहां गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार इलाज के लिए आते हैं। अस्पताल की वर्तमान स्थिति गंभीर होने के कारण मरीजों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है और कई बार अपनी जान का जोखिम उठाकर इलाज कराना पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने और अस्पताल की व्यवस्था सुधारने की अपील की। साथ ही यह भी कहा गया कि यदि 15 दिनों के भीतर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है तो कुमाऊं और पर्वतीय क्षेत्रों के लोग तथा सामाजिक संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होंगा। ज्ञापन देने वालों में नीरज तिवारी, कुलदीप तड़ियाल, दीपू बिष्ट, राजेंद्र पांडे, वसीम अली, राजेश शर्मा, रोहित सांगुड़ी, भुवन भट्ट, गजेंद्र पांडे, नीरज बिष्ट, प्रताप सिंह, भानू पडलिया सहित अन्य नागरिक शामिल रहे।

# शव से मोबाइल और अंगूठी चुराने वाले दो धरे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सुशीला तिवारी चिकित्सालय के पास कार में मृत पड़े एक व्यक्ति के वाहन से मोबा. इल फोन और सोने की अंगूठी चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का शत-प्रतिशत माल भी बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार बरेली रोड निवासी गोपाल सिंह बिष्ट ने 3 मार्च को कोतवाली हल्द्वानी में तहरीर दी थी कि 28 फरवरी को उनके मृतक पुत्र के वाहन से अज्ञात व्यक्तियों ने मोबा. इल फोन और सोने की अंगूठी चोरी कर ली। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर की सूचना के आधार पर गुरुवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में मो. उवेश उर्फ मुन्ना पुत्र साहिद मलिक निवासी गौजाजाली थाना बनभूलपुरा और मो. सैफ अली पुत्र खुर्शीद अहमद निवासी इंदिरानगर थाना बनभूलपुरा शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक विवो कंपनी का मोबाइल फोन और एक सोने की अंगूठी बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें जेल भेज दिया।

# रामनगर ने कब्ज़ाई ट्रॉफी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय की ओर से जिला स्तरीय ओपन महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शुक्रवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम हल्द्वानी में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में कुल 6 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें रामनगर टीम विजेता रही, हल्द्वानी स्टेडियम टीम उपविजेता, और रामनगर की दूसरी टीम तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि खेल उपनिदेशक रसिका सिद्दीकी, जिला कीड़ा अधिकारी डा. निर्मला पंत द्वारा संयुक्त रूप से विज. ेता खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया। निर्णायक की भूमिका में अंकुश रौतेला, मयंक मोहन आर्य, विनोद, हर्ष पांडे, गौरव सती, श्रेयस वर्मा, और दीपांशु तिवारी रहे। इस कार्यक्रम में उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, देवेंद्र भट्ट, सतीश कुमार, तनुजा आर्य, पूनम शिरोला, काव्या ठाकुर, पूनम मेहता, हेमलता शाह, शशि देवी, गोविंद लटवाल, श्याम मन्नू भट्ट, त्रिलोक सिंह जीना, दिनेश सिंह, कैलाश जोशी, तनुज पांडे, मयंक मौजूद रहे।

### विशेष कार्यक्रम की घोषणा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** महिला दिवस के अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी डा. निर्मला पंत ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि 8 मार्च रविवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम हल्द्वानी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम की घोषणा की। इस कार्यक्रम में महिलाओं के आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को बढ़ाने के लिए शारीरिक दक्षता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें रस्सी दौड़, सुई धागा, 50 मीटर दौड़, म्यूजिकल चेयर, बोरा दौड़, लेमन चम्मच दौड़ आदि खेल गतिविधियाँ शामिल होंगी।

# पर्यटन सीजन के लिए पुलिस की तैयारी



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में होली के बाद आगामी पर्यटन सीजन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बढ़ती पर्यटकों की संख्या को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने और स्थानीय लोगों को होने वाली परेशानियों को कम करने के लिए कई स्तरों पर योजना बनाई जा रही है।

मामले में एसपी नैनीताल डा. जगदीश चन्द्र ने बताया कि पर्यटन सीजन के दौरान शहर में यातायात का दबाव काफी बढ़ जाता है। इसे देखते हुए पुलिस द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में रैकी की जा रही है ताकि अतिरिक्त और छोटे छोटे पार्किंग स्थलों की पहचान की जा सके। इससे शहर के मुख्य मार्गों पर वाहनों का दबाव कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस बार पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ ट्रैफिक डायवर्जन रूटों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। पुलिस का प्रयास रहेगा कि शहर में आने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों को जाम जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े। इसके अलावा शहर में शटल सेवा संचालित करने की योजना भी तैयार की जा रही है। शटल सेवा शुरू होने से पर्यटकों को पार्किंग स्थल से शहर के प्रमुख स्थानों तक आसानी से पहुंचने में मदद मिलेगी और वाहनों की संख्या भी कम होगी। एसपी ने बताया कि पर्यटन सीजन शुरू होने से पहले होटल व्यवसायियों, टैक्सी यूनियनों तथा व्यापार मंडल और अन्य स्टेकहोल्डर्स के साथ बैठक भी की जाएगी। बैठक में सभी की राय लेकर यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने की रणनीति तैयार की जाएगी।

### कैंचीधाम, नैनीताल पर विशेष फोकस: एसपी

**नैनीताल।** एसपी डा. जगदीश चन्द्र ने बताया कि इस बार विशेष रूप से कैंची धाम और नैनीताल शहर पर फोकस किया जाएगा। दोनों स्थानों पर सीजन के दौरान बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं जिससे कई बार यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। उन्होंने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में छोटे-छोटे पार्किंग स्थल विकसित कर वाहनों को मुखय शहर से पहले ही रोकने की योजना बनाई जा रही है। एसपी ने बताया कि पर्यटन सीजन के दौरान पुलिस की अतिरिक्त तैनाती भी की जाएगी। प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस के जवानों को तैनात किया जाएगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# राव मुनफैत बने उत्तराखंड बार काउंसिल के सदस्य

## निर्वाचित होने पर तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** बार काउंसिल के सदस्य निर्वाचित होने पर अधिवक्ता राव मुनफैत का तहसील परिसर में अधिवक्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान अधिवक्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों की धुन पर अधिवक्ता झूमते नजर आए और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की।

स्वागत कार्यक्रम के बाद राव मुनफैत ने तहसील परिसर में अधिवक्ताओं के चेंबर पर जाकर सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं ने जिस विश्वास के



साथ उन्हें चुना है, वह उस भरोसे पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के हितों की लड़ाई मजबूती के साथ लड़ी जाएगी और विशेष रूप से युवा अधिवक्ताओं की समस्याओं तथा चेंबर की मांगों को प्रमुखता से उठाया जाएगा, ताकि उन्हें बेहतर सुविधाएं मिल सकें।इस अवसर पर राव रासीद अली, विपीन चौधरी, राव नवेद, अतुल शर्मा, नरेंद्र ठाकुर, अजय शर्मा, मुरसलीन अंसारी, मौ. तासीर, मौ. आलम, शहजाद अली, सुशील थपलियाल, मुस्तकीम सिद्दीकी, रवि मोहन कौसिक, धीरेन्द्र पाल, अब्दुल समी, फैजान साबरी, कुश अलान, राव फैजान, फरमान त्यागी, विनोद शर्मा, तारा चंद सैनी, प्रेम सैनी, सोमपाल सैनी, असजद भारती, निक्कू पंडित, सलमान अली, जावेद अली, मुसव्वर, कय्यूम अली, नवीन शर्मा, विपुल शादियां, बबलू गौतम, संजय शर्मा, ब्रज भूषण और मुदस्सीर आलम सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

**❖अधिवक्ताओं के सहयोग का आभारी हूं, भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा : मुनफैत अली**

# कलियर गेस्ट हाउस में नाबालिग के साथ दुष्कर्म

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र में एक गेस्ट हाउस में 15 वर्षीय नाबालिग के साथ दृष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की बहन की तहरीर पर पूलिस ने आरोपी यूवक के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पलिस को दी गई शिकायत में पीडिता की बहन ने बताया कि बेडपुर निवासी एक युवक ब्रस्पतिवार की दोपहर को उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बहन को बहला-फुसलाकर कालियर स्थित एक गेस्ट हाउस में ले गया। वहां आरोपी युवक ने पहले उसके साथ छेडछाड की और बाद में जबरन दुष्कर्म किया।उसके बाद आरोपी ने किशोरी को डराया-धमकाया कि यदि उसने इस बारे में किसी को बताया तो वह उसे जान से मार देगा।आरोपी पीड़िता को बेसुध हालत में छोड़कर फरार हो गया। किसी तरह रोते हुए घर पहुंची पीड़िता ने अपनी बड़ी बहन को आपबीती सुनाई। किशोरी इस घटना के बाद से गहरे सदमे में है और शारीरिक व मानसिक रूप से काफी डरी हुई है।पीड़िता के परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।पीड़िता की बहन की शिकायत पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया है।पिरान कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि पीड़िता की बहन की तहरीर के आधार पर आरोपी नदीम निवासी बेडपुर के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही हैं।

# खेत में खड़ी गाड़ी के भीतर बेसुध मिले युवक की उपचार के दौरान मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अकोढ़ा खुर्द में एक दुखद घटना सामने आई है। यहाँ 25 वर्षीय युवक अक्षित पंवार की संदिग्ध परिस्थितियों में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**❖बृहस्पतिवार को अकोढ़ा खुर्द के अक्षत पवार को गंभीर हालत में कराया गया था अस्पताल में भर्ती**

**❖पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

जानकारी के अनुसार, मृतक अक्षित (25 वर्ष) पुत्र संजय कुमार, निवासी अकोढ़ा खुर्द, बीती दोपहर 5 मार्च करीब 3:30 बजे अपने खेत में खड़ी एक गाड़ी के भीतर अत्यंत अस्वस्थ और बेसुध हालत में पाया गया था। परिजनों ने आनन-फानन में उसे उपचार के लिए विनय विशाल अस्पताल, रामनगर (रुड़की) में भर्ती कराया। उपचार के दौरान तोड़ा दमअस्पताल में चले उपचार के बावजूद अक्षित की स्थिति में सुधार नहीं हुआ और उसकी मृत्यु हो गई। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर थाना लक्सर पुलिस को डेथ मेमो प्राप्त हुआ, जिसके बाद पुलिस टीम ने आज (6 मार्च 2026) राजकीय उच्च चिकित्सालय रामनगर पहुँचकर मृतक का पंचायतनामा भरा।पुलिस की कार्रवाईलक्सर पुलिस ने घटना के संबंध में परिजनों से विस्तृत जानकारी ली है। मौत के सटीक कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। थाना पुलिस के अनुसार मृत्यु का सही कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवा दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगीइस घटना से अकोढ़ा खुर्द गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## रुड़की में गंगा नहर पर सिंचाई विभाग ने की सख्ती

# पुलों पर लोहे की चेन, घाटों के गेट व अवैध कब्जों पर चेतावनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** गंगा नहर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को रोकने के लिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ने सख्त कदम उठाए हैं। विभाग की ओर से नहर के पुलों और घाटों पर सुरक्षा इंतजाम बढ़ाए गए हैं, वहीं नहर की सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी देते हुए सूचना बोर्ड भी लगाए गए हैं।

सिंचाई विभाग द्वारा रुड़की शहर के नहर पुलों पर करीब दस स्थानों पर लंबी लोहे की सांकल (चेन) लगाई गई है, ताकि अनियंत्रित आवाजाही पर रोक लगाई जा सके और किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका को कम किया जा सके। इसके साथ ही नहर के घाटों पर दीवार और गेट लगाए गए हैं। इन गेटों की व्यवस्था इस प्रकार की गई है कि एक समय में केवल एक व्यक्ति ही घाट पर प्रवेश कर सके। विभाग के अनुसार पिछले कुछ समय से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ युवक घाटों और पुलों के आसपास बाइक से स्टंट करते हैं, जिससे नहर में गिरने का खतरा बना रहता है और हादसे की आशंका बढ़ जाती है। उत्तराखंड गंग नहर के अवर अभियंता विष्णु दत्त धीमान ने बताया कि यह कार्य रुड़की के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के दिशा-निर्देश और आदेश के अनुसार कराया




गया है। उन्होंने कहा कि इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और संभावित दुर्घटनाओं को रोकना है। इधर, सिंचाई विभाग ने गंगा नहर से संबंधित सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को रोकने के लिए भी सख्त रुख अपनाया है। विभाग की ओर से क्षेत्र में सूचना बोर्ड लगाकर स्पष्ट किया गया है कि यह भूमि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की सरकारी संपत्ति है और इस पर किसी भी प्रकार का अनाधिकृत कब्जा या निर्माण दंडनीय अपराध माना जाएगा।

सूचना में यह भी चेतावनी दी गई है कि यदि कोई व्यक्ति नहर की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करता पाया गया तो उसके खिलाफ केनाल एक्ट 1873 की धारा 70 तथा अन्य संबंधित धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी और अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया भी अमल में लाई जाएगी। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने आम जनता से अपील की है कि गंगा नहर से जुड़ी सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें तथा घाटों और पुलों के आसपास सुरक्षा नियमों का पालन करें, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# बच्चों के झगड़े में बड़ों में मारपीट

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव में बच्चों में आपस मे खेलते खेलते झगड़ा होने पर उस झगड़े में बड़े भी कूद गए जिससे दो पक्षों में गाली गलौज व मारपीट हो गई। पुलिस द्वारा तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई की गई है।

थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि ग्राम डेलना में गांव के ही मैदान मैं बच्चे खेल रहे थे ।खेलते खेलते बच्चों में आपस में किसी बात को लेकर झगड़ा होने पर मारपीट हो गई ।बच्चों के परिजनों को पता लगते ही परिजन भी मौके पर पहुंचे तथा दोनों पक्षों में गाली गलौज व मारपीट हो गई ।पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा झगड़ा कर रहे सुमित कुमार दीपक व रोहित को गिरफ्तार कर थाने ले आई। उक्त तीनों के खिलाफ पुलिस द्वारा शांति भंग में कार्यवाही करते हुए चालान कर न्यायालय में पेश किए गए हैं।

# पुलिस ने वर्चस्व बढ़ाने को फायरिंग करने वाला दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** थाना पुलिस ने वर्चस्व व दबदबा कायम करने के लिए युवक पर फायर रोकने वाले आरोपी युवक को दबोचकर कर उसके पास से तमंचा कारतूस बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को ग्राम नन्हेडा अनंतपुर में जान से मारने की नियत से तमंचे से फायरिंग कर मोहित निवासी-नन्हेडा अनंतपुर को गम्भीर रूप से घायल से सम्बन्धित प्रकरण में कोतवाली भगवानपुर में पंजीकृत मु०अ०सं०-107/26 धारा-109(1) बी०एन०एस० बनाम दीपू निवासी नन्हेडा अनंतपुर कायम व पंजीकृत किया गया था। फायरिंग से सम्बंधित उपरोक्त घटनाक्रम के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त हुई कि फायरिंग की घटना युवको के दो गुटों में आपसी रंजिश व वर्चस्व के फलस्वरूप घटित हुई है। अवैध शस्त्रों का प्रयोग करने व फायरिंग की घटनाओं को अंजाम देकर आम जनता में दहशत फैलाने वालो के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु जाने हेतु एसएसपी हरिद्वार द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को दिए गए निर्देश के क्रम में कोतवाली भगवानपुर पुलिस ने ग्राम पुहाना क्षेत्र से दौराने चैकिंग उपरोक्त गुट से सम्बंधित वंशराज नामक युवक को देशी तमन्चे 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ ग्राम नन्हेडा से सरठेडी जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पकड़े गए आरोपित का विवरण-वंश राज पुत्र मीर कुमार निवासी नन्हेडा अनन्तपुर कोतवाली भगवानपुर है।

# महाराजा भागीरथ की मूर्ति के पास से शौचालय हटाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** लक्सर नगर पालिका क्षेत्र के बस स्टैंड के पास स्थापित महाराजा भागीरथ की मूर्ति की गरिमा को लेकर विवाद गहरा गया है। पूर्व राज्य मंत्री रविंद्र आनंद ने उपजिलाधिकारी को पत्र सौंपकर मूर्ति के समीप स्थित सरकारी शौचालय को तत्काल हटाने की माँग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 20 दिन के भीतर प्रशासन ने कदम नहीं उठाया, तो सैनी समाज के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।क्या है पूरा मामला? करीब एक वर्ष पूर्व खानपुर विधायक उमेश कुमार द्वारा बस स्टैंड के पास सूर्यवंशी क्षत्रिय सैनी समाज के पूर्वज और पतित पावनी माँ गंगा को पृथ्वी पर लाने वाले महाराजा भागीरथ की भव्य मूर्ति स्थापित की गई थी। मूर्ति के ठीक बगल में नगर पालिका का सरकारी शौचालय स्थित है, जिसे लेकर समाज में भारी रोष है।रविंद्र आनंद की मुख्य माँगेंशौचालय का स्थानांतरण: मूर्ति की पवित्रता और सम्मान को देखते हुए शौचालय को वहां से तुरंत हटाया जाए।बस स्टैंड का नामकरण: स्थानीय बस स्टैंड का नाम बदलकर श्महाराजा भागीरथ बस स्टैंडश किया जाए।

## ढंडेरा फाटक पर जल्द ओवरब्रिज बनाने की मांग

# राज्य सरकार की उपेक्षा से राज्य आंदोलनकारी पीड़ित : प्रकाश काला

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी संघर्ष समिति द्वारा आज संयुक्त मजिस्ट्रेट रुड़की के माध्यम से मान मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार को ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर रुड़की तहसील के प्रथम राज्य आंदोलनकारी एवं केन्द्रीय अध्यक्ष उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी संघर्ष समिति हर्ष प्रकाश काला ने कहा दुर्भाग्य है हम राज्य आन्दोलन कारियों का जो सरकार आंदोलनकारियों के बलिदान एवं संघर्ष एवं समर्थन से बनी वही सरकार राज्य आंदोलनकारियों का अपमान कर रही है। वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी केन्द्रीय कोषाध्यक्ष श्रीमती कमला बमोला ने कहा हमे इस बात की बहुत पीड़ा है कि जिस सरकार को बनाने में हमने एवं राज्य आंदोलनकारियों ने अपना खून पसीना बहाकर सत्ता में पहुचाया वही सरकार राज्य आंदोलनकारियों का अपमान कर रही है जो किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जायेगा।एक एक माह के अन्दर चिन्हीकरण से बचित आन्दोलन कारियों को चिह्नित नही किया जाता तो सभी राज्य आंदोलनकारियों को सरकार भगाओ उत्तराखंड बचाओ की मुहिम को करना पड़ेगा। सरकार की आन्दोलन कारियों की उपेक्षा किसी यशोदा बलूनी, रामेश्वरी पंत, नीमा किरोला, बासुदेव पंत, गायत्री पंत, विमला देवरानी,, रामेश्वरी खंतवाल, सुरमा रावत, सरोजनी बड़थ्वाल,



सीता बड़थ्वाल, बसन्ती नेगी, भागुली, मालदे करासी, प्रदीप बुढाकोटी, बसन्त जोशी, विनोद भट्ट, शिवानंद नौटियाल, सत्यभामा जुगरान, शर्मिला कण्डारी, शकुन्तला सती ,सीताम्बरी नेगी।आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर ढ़डेरा फाटक नं 512 पर 2013 फरवरी के स्वीकृत ओबर फ्लाई ब्रिज के न बनने पर केंद्रीय रेल मंत्री, महाप्रबंधक उत्तर रेलवे बड़ोदा हाउस नई दिल्ली, निदेशक रेलवे बोर्ड उतर रेलवे नई दिल्ली, मण्डलीय प्रबंधन उतर रेलवे मुरादाबाद मण्डल को सम्बोधित ज्ञापन देकर शीघ्र फाटक नं 512 पर ओबर ब्रिज बनाने की मांग की।

# यूनिवर्सिटी में 'फार्मा अन्वेषण' का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** क्षेत्र की यूनिवर्सिटी में फार्मेसी विभाग की ओर से "फार्मा अन्वेषण" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने फार्मेसी और स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर आकर्षक मॉडल और प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए, जिन्हें देखकर अतिथि और शिक्षक बेहद प्रभावित हुए। मुख्य अतिथि ड्रग्स इंस्पेक्टर अनीता भारती ने प्रदर्शनी का निरीक्षण करते हुए छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किए गए प्रोजेक्ट और मॉडलों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने और नए विचारों को सामने लाने का बेहतर अवसर प्रदान करते हैं। अनीता भारती ने कहा कि फार्मेसी क्षेत्र स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ है और इसमें शोध व नवाचार की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने छात्रों को मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। साथ ही उन्होंने



कहा कि अगर छात्र अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहेंगे तो निश्चित रूप से फार्मेसी के क्षेत्र में देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने दवाओं के निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण, ड्रग सेफ्टी, हर्बल मेडिसिन और आधुनिक फार्मास्यूटिकल तकनीकों से जुड़े कई मॉडल प्रस्तुत किए। इन मॉडलों के माध्यम से उन्होंने दवाओं के निर्माण की प्रक्रिया, उनके प्रभाव और उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## शहर व देहात में रमजान के तीसरे जुमे पर अकीदत के साथ अदा की गई नमाज

# देश व दुनिया में अमन चैन के लिए मस्जिदों में मांगी गई दुआएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** रमजान-उल-मुबारक के तीसरे जुमा की नमाज नगर और आसपास के क्षेत्रों में अकीदत के साथ अदा कर मुल्क की खुशहाली तथा अमनों सलामती और भाईचारे की दुआ मांगी गई।

रुड़की नगर की प्रमुख जामा मस्जिद में जुमा की नमाज मुफ्ती मोहम्मद सलीम ने अदा कराई, जबकि जुमा की नमाज से पहले तकरीर करते हुए मदरसा रहमानिया के प्रधानाचार्य मौलाना अजहर उल हक ने कहा कि रोजा रखने से मन और शरीर दोनों का शुद्धिकरण होता है। उन्होंने कहा कि इंसान इस पाक महीने में अल्लाह को याद करने में साथ ही अपने अंदर की इच्छाओं पर नियंत्रण रख पूरे महीने इबादत करता है। रमजान के दिनों में क्योंकि हर रोजेदार अल्लाह के करीब होता है,इसलिए



पांचो वक्त की फर्ज नमाज अदा करने के साथ-साथ तराबीह की नमाज भी अदा करते हैं,जिससे उसकी योगिक क्रियाएं भी हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि रोजा हमें इंसानियत सिखाता है और दूसरों की भलाई करने का जज्बा देता है।रमजान में रोजेदार सभी धर्म से जुड़े लोगों के साथ रोजा इफ्तार की रस्मों में शरीक होकर आपसी भाईचारा और एकता का भी पैगाम देते हैं।इस अवसर पर मौलाना अरशद कासमी,मौलाना मोहम्मद हारुन,कारी नफीस अहमद,मौलाना मोहम्मद यूसुफ,कारी जाकिर हुसैन,कारी कलीमुद्दीन,कारी मोहम्मद जफर,हाफिज अशरफ हुसैन,कारी सरफराज अली,मोहम्मद मोफीक,अफजल मंगलौरी,हाजी मोहम्मद सलीम खान,हाफिज मोहम्मद वसीम,हाजी मोहम्मद मुस्तकीम,कारी एहतेशाम,कारी कलीम अहमद,हाजी नौशाद अहमद,इमाम नदीम उल हक,शेख अहमद जमां,इमरान देशभक्त, एडवोकेट कौसर सिद्दीकी,हाजी गुलफाम अहमद,अता उरर्हमान अंसारी,अलीम सिद्दीकी,मकसूद हसन,सैयद नफीसुल हसन,मोहम्मद जहांगीर,बिट्टन त्यागी,सलमान फरीदी आदि बड़ी संख्या रोजेदारों ने नमाज अदा की।नगर निगम की ओर से जमा मस्जिद सहित नगर की तमाम मस्जिदों एवं मुस्लिम मुहल्लों में विशेष रूप से सफाई व्यवस्था कराई गई।

वहीं दूसरी ओर कस्बा व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में रमजान माह के तीसरे जुमे की नमाज मुस्लिम भाइयों द्वारा अदा कर देश के लिए अमन चौन की दुआ मांगी गई। कस्बे में स्थित जामा मस्जिद तथा मुख्य बाजार के पास मदरसा दारुल उल हक में रमजान माह के तीसरे जुमे की नमाज मुस्लिम समाज द्वारा अदा की गई। जुम्मे की नमाज कारी इस्तकार अहमद द्वारा अदा कराई गई। कारी इस्तकार ने बताया कि रमजान माह मैं पडने वाले जुम्मे के दिन नमाज अदा करना आवश्यक है। मुस्लिम भाइयों द्वारा अल्लाह की इबादत कर अमन चौन की दुआ मांगी गई। रमजान का महीना पाक महीना होता है। मौलाना ने बताया कि इसमें सभी नमाजियों को गरीब लोगों की मदद करनी चाहिए यही अल्लाह की इबादत मानी गई है।

# बिजली समस्याओं के समाधान को लगाया शिविर

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** ऊर्जा निगम ने विभिन्न बिजली घरों में अलग-अलग तिथियों पर शिकायत निवारण शिविर लगाने की पहल की है। इन शिविरों में उपभोक्ता अपनी बिजली संबंधी समस्या का समाधानकरवा सकेंगे। शिविर के पहले दिन सोलानीपुरम बिजली घर, ब्रह्मपुर बिजली घर और धनोरी बिजली घर से जुड़े क्षेत्रों में शिविर लगाए गए। इन शिविरों में शेखपुरा, बीटीजंज, शेरकोठी, खंजरपुर, आदर्शनगर, जौरासी, मखदूमपुर, पीरपुर, धनौरी, जस्सावाला, राजपुर और सोहलपुर समेत आसपास के इलाकों के उपभोक्ताओं ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# नीतीश का कदम

ऐसा प्रतीत होता है कि बिहार की राजनीति में पहले से तय किसी योजना को अब अमल में लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। हाल के घटनाक्रमों को देखकर यह चर्चा तेज हो गई है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा भेजने की तैयारी की जा रही है। इस घटनाक्रम की अहमियत का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि नामांकन के अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पटना पहुंचना काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि यह प्रक्रिया पूरी होती है तो बिहार की राजनीति में लगभग दो दशकों बाद सत्ता के शीर्ष पर बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। जनता दल यूनाइटेड के प्रमुख नीतीश कुमार ने कुछ ही महीने पहले रिकॉर्ड दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। चार महीने से भी कम समय पहले उन्होंने यह जिम्मेदारी संभाली थी, लेकिन अब संकेत मिल रहे हैं कि वे इस पद को छोड़ने के लिए तैयार हैं। 75 वर्षीय नीतीश कुमार आगामी राज्यसभा चुनाव में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। विधानसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन के पास पर्याप्त बहुमत होने के कारण यह माना जा रहा है कि उनकी जीत लगभग निश्चित है। यदि ऐसा होता है तो मुख्यमंत्री के रूप में उनका करीब बीस वर्षों का लंबा राजनीतिक सफर समाप्त हो जाएगा। राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि यदि यह बदलाव होता है तो बिहार की सत्ता की कमान भारतीय जनता पार्टी के किसी नेता को सौंपी जा सकती है। नवंबर 2025 में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा राज्य की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। भाजपा के मजबूत प्रदर्शन ने ही नीतीश कुमार को दोबारा सत्ता में बने रहने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उसी समय से राजनीतिक जानकार यह अनुमान लगाने लगे थे कि आगे चलकर मुख्यमंत्री पद को लेकर बदलाव हो सकता है, चाहे वह स्वेच्छा से हो या परिस्थितियों के कारण। यह भी उल्लेखनीय है कि उत्तर भारत के हिंदी भाषी राज्यों में बिहार एक ऐसा राज्य रहा है, जहां अब तक भाजपा का कोई मुख्यमंत्री नहीं रहा है। इस वजह से भी भाजपा की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को लेकर चर्चा होती रही है। इसी बीच यह भी अटकलें लगाई जा रही हैं कि नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार, जो अभी सक्रिय राजनीति में नए माने जाते हैं, उन्हें नई सरकार में उपमुख्यमंत्री की जिम्मेदारी मिल सकती है। हालांकि इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इस तरह की चर्चाएं लगातार चल रही हैं। भाजपा की बढ़ती राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को देखते हुए यह भी माना जा रहा है कि जनता दल यूनाइटेड अपनी पार्टी के जनाधार को बनाए रखने के लिए सत्ता में संतुलन बनाए रखना चाहेगी। संभव है कि जेडीयू उपमुख्यमंत्री पद अपने पास रखने की कोशिश करे ताकि संगठन और कार्यकर्ताओं का मनोबल बना रहे।

## वैश्विक सुरक्षा माहौल में बड़ा बदलाव



हाल के वैश्विक संघर्षों ने लंबे समय से चली आ रही इस धारणा को बदल दिया है कि भविष्य में युद्ध छोटे और निर्णायक होंगे, मौजूदा स्थितियों में मजबूत और लचीली रक्षा औद्योगिक क्षमता विकसित करने की तत्काल आवश्यकता है, पिछले कुछ वर्षों की घटनाओं ने निरंतर सैन्य तैयारी, प्रौद्योगिकी अनुकूलन क्षमता और बड़े पैमाने पर रक्षा उत्पादन के महत्व को रेखांकित किया है, वैश्विक सुरक्षा माहौल में बड़ा बदलाव आया है, भू-राजनीति पर टिप्पणी नहीं करूंगा, लेकिन पिछले तीन-चार वर्षों में दुनिया भर में जो घटनाएं हुई हैं, उन्हें देखते हुए यह स्पष्ट हो गया है कि छोटे और निर्णायक युद्धों की अवधारणा पर अब सवाल उठने लगे हैं, शीत युद्ध के बाद के दौर में जो शांति लाभ (पीस डिविडेंड) की अवधारणा थी, वह अब समाप्त होती दिखाई दे रही है।

**-एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, नौसेना प्रमुख**

# निजी शिक्षण संस्थानों को समझनी होगी अपनी जिम्मेदारी



**रोहित कौशिक**



**एक ऐसी दिशा जिसमें निजी शिक्षण अपनी थोड़ी-बहुत बची हुई प्रतिष्ठा भी खो देते हैं। ऐसे में छात्र भी स्वयं को छला हुआ महसूस करने लगते हैं। एआई समिट में गलगोटिया यूनिवर्सिटी की हरकत ने यह दिखा दिया है कि झूठी प्रतिष्ठा के लिए देश की साख को भी दांव पर लगाया जा सकता है।**

यह तकनीक का दौर है। तकनीक के इस दौर में कुछ नया और सबसे पहले करने की प्रतिस्पर्धा हो रही है। प्रतिस्पर्धा गलत नहीं है। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा ही हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है लेकिन जब प्रतिस्पर्धा में नवाचार को ग्लैमर का तड़का लगाने की कोशिश की जाए तो बहुत सारी समस्याएं पैदा हो जाती हैं। नई दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान गलगोटिया यूनिवर्सिटी की एक हरकत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने इंडिया एआई एक्सपो में प्रदर्शित एक रोबोटिक डॉग को खुद का बताकर पेश किया जबकि वह चीन में निर्मित रोबोटिक डॉग है जो ऑनलाइन खरीदने के लिए भी उपलब्ध है। इस मुद्दे पर हंगामा मचने के बाद यूनिवर्सिटी ने सफाई देते हुए कहा कि इस रोबोटिक डॉग को चीन की एक रोबोटिक कंपनी से खरीदा गया था और इसे सिर्फ एक एजुकेशनल टूल के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। कई बार प्राइवेट यूनिवर्सिटी या फिर अन्य प्राइवेट शिक्षण संस्थान श्रेय लेने के चक्कर में कई तरह के घपले कर देते हैं।

इस दौर में जितनी तेजी के साथ तकनीक बदल रही है, उसने छात्रों पर एक दबाव बना दिया है। छात्र या पेशेवर इंजीनियर अपना समय, धन और ऊर्जा लगाकर एक नई तकनीक सीखते है। यह तकनीक सीखकर वे काम करना शुरू ही करते हैं कि एक नई तकनीक आ जाती है। तेजी के साथ तकनीक का बदलना यह संकेत दे रहा है भविष्य में छात्रों और पेशेवर इंजीनियरों पर दबाव और ज्यादा बढ़ेगा। यही कारण है कि अब एआई के मुद्दे पर विभिन्न स्तरों पर विचार-विमर्श हो रहा है। एक सबसे बड़ा सवाल तो यही उठ रहा है कि हर क्षेत्र में एआई के दखल से क्या रोजगार की संभावनाएं कम हो जाएंगी ? हालांकि कहा जा रहा है कि एआई जानने वाले पेशेवरों की मांग बढ़ेगी और इस क्षेत्र में नए रोजगार सृजित होंगे। इस क्षेत्र में सरकार अपनी तरह से काम कर रही है। सरकारी विश्वविद्यालय और अन्य सरकारी शिक्षण संस्थान अपनी कुछ सीमाओं के बावजूद एआई के क्षेत्र में प्रयास करते हुए नजर आ रहे हैं। भविष्य में एआई की मांग बढ़ने की संभावना देखते हुए निजी विश्वविद्यालय और अन्य निजी शिक्षण संस्थान इस क्षेत्र में अपनी संभावनाएं भी ढूंढ़ रहे हैं। निजी होने के कारण ऐसे शिक्षण संस्थान अपने आर्थिक पक्ष पर भी ध्यान देते हैं। जाहिर है कि ऐसे शिक्षण संस्थानों का ध्यान सिर्फ शिक्षा प्रदान करने पर ही नहीं होता है। उनका ध्यान मुनाफा कमाने पर भी होता है। कई बार मुनाफा कमाने के चक्कर में निजी शिक्षण संस्थान अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को भूल जाते हैं। सामाजिक जिम्मेदारी भूलने का सबसे बड़ा नुकसान यह होता है कि निजी शिक्षण संस्थानों का सारा ध्यान मुनाफा कमाने पर लग जाता है। मुनाफा कमाने के लिए वे कई बार अपने क्रियाकलापों में ग्लैमर का तड़का लगाते हैं। बाजार में टिकने की चाह और हड़बड़ी में अपनी झूठी प्रतिष्ठा बनाने की कोशिश इन निजी शिक्षण संस्थानों को दूसरी ही दिशा में मोड़ देती है। एक ऐसी दिशा जिसमें निजी शिक्षण अपनी थोड़ी-बहुत बची हुई प्रतिष्ठा भी खो देते हैं। ऐसे में छात्र भी स्वयं को छला हुआ महसूस करने लगते हैं। एआई समिट में गलगोटिया यूनिवर्सिटी की हरकत ने यह दिखा दिया है कि झूठी प्रतिष्ठा के लिए देश की साख को भी दांव पर लगाया जा सकता है। इस दौर में निजी विश्वविद्यालयों को झूठी प्रतिष्ठा छोड़कर अपनी सच्ची प्रतिष्ठा को बढ़ाने की कोशिश करनी होगी। अगर ईमानदारी के साथ प्रयास किए जाएं तो निजी विश्वविद्यालय अपनी साख बचाने में कामयाब हो सकते हैं।

यह विडम्बना ही है कि आज गली-गली में निजी शिक्षा संस्थानों की बाढ़ आ गई है। इनमें से कुछ शिक्षा संस्थानों के क्रियाकलाप संदिग्ध हैं। सवाल यह है कि शिक्षा को व्यापार बनाने के लिए जिम्मेदार कौन है ? नब्बे के दशक में शुरू हुई उदारीकरण की आंधी ने अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया। आजादी के बाद कुछ हद तक शिक्षा नीति की कमजोरी को दूर करने के प्रयास किए गए लेकिन यह प्रयास पर्याप्त सिद्ध नहीं हुए। एक बार फिर शिक्षा नीति में परिवर्तन की कोशिशें हो रही हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हमारे नीति-निर्माता शिक्षा नीति में परिवर्तन करने की हड़बड़ाहट में अपना विवेक खोकर कुछ ऐसे निर्णय ले रहे हैं जो शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य को ठेस पहुंचा रहे हैं। सवाल यह है कि क्या हमारा मुख्य उद्देश्य शिक्षा नीति में परिवर्तन करना है या फिर इस परिवर्तन के माध्यम से शिक्षा की कमजोरियों को दूर करना है ? हमारे नीति-निर्माताओं की नीतियों एवं क्रियाकलापों को देखकर तो ऐसा लगता है कि उनका मुख्य उद्देश्य केवल शिक्षा नीति में परिवर्तन करना भर है। इस दौर में उच्च शिक्षा की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। कहने को तो शिक्षा नीति में काफी बदलाव हुए हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि हम अभी भी लीक ही पीट रहे हैं। आज अनेक शिक्षक नवाचार को बढ़ावा देकर बेहतरीन काम कर रहे हैं लेकिन यह भी कटु सत्य है कि आज गुरु के रूप में अध्यापक की प्रतिष्ठा लगातार कम हो रही है। शिक्षा जगत में मौजूद इन विसंगतियों के बीच नई शिक्षा नीति में भी एक बार फिर निजी शिक्षण संस्थानों को अनेक तौर-तरीकों से पनपने का मौका दिया गया है। सवाल यह है कि क्या ए संस्थान शिक्षा के मूल उद्देश्य को पूरा करने की तरफ ध्यान देंगे? अब समय आ गया है कि सरकार निजीकरण की आड़ में पनपे संदिग्ध विश्वविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों के क्रियाकलापों पर गम्भीरता से ध्यान दें ताकि हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को अंधकारमय होने से बचाए जा सके। निजी शिक्षण संस्थानों को भी अपने जिम्मेदारी समझनी होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जितना चबाकर खाएंगे उतनी कैलोरी जलाएंगे

**सख्त चुइंगम के साथ चयापचय में 15 प्रतिशत तक वृद्धि देखी गई। यह प्रतिभागियों द्वारा दिन भर में खर्च की गई कुल ऊर्जा का 1 प्रतिशत से भी कम है लेकिन मापन-योग्य है। ये नतीजे साइंस एडवांसेस पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक इससे पता चलता है कि खाना पकाना और औजारों का इस्तेमाल शुरू होने से पहले आदिम मनुष्य चबाने में बहुत अधिक समय बिताते होंगे। यदि प्राचीन मनुष्य दिन भर में वर्तमान गोरिल्ला और ओरांगुटान जितना भी चबाते होंगे तो शोधकर्ताओं का अनुमान है कि वे दिन भर में खर्च हुई कुल ऊर्जा का कम से कम 2.5 प्रतिशत चबाने में खर्च करते होंगे। ये नतीजे इस विचार का समर्थन करते हैं कि चबाने में सुगमता आने से वैकासिक लाभ मिला। चबाने में लगने वाली ऊर्जा की बचत का उपयोग आराम, मरम्मत और वृद्धि जैसी अन्य चीजों पर हुआ होगा।**



जब कैलोरी बर्न करने की बात आती है तो लोगों का ध्यान सरपट सैर, साइकिल चलाना या ऐसे ही व्यायामों की ओर जाता है, चबाने का तो विचार तक नहीं आता। अब, एक नवीन अध्ययन बताता है कि दिन भर में हमारे द्वारा खर्च की जाने वाली कुल ऊर्जा में से लगभग 3 प्रतिशत ऊर्जा तो चबाने की क्रिया में खर्च होती है। कुछ सख्त या रेशेदार चीज चबाएं तो थोड़ी और अधिक ऊर्जा खर्च होगी। हालांकि यह ऊर्जा चलने या पाचन में खर्च होने वाली ऊर्जा से बहुत कम है, लेकिन अनुमान है कि इसकी भूमिका हमारे पूर्वजों के चेहरे को नया आकार देने में रही।

ऐसा माना जाता रहा है कि हमारे जबड़ों की साइज और दांतों का आकार चबाने को अधिक कुशल बनाने के लिए विकसित हुआ था। जैसे-जैसे हमारे होमिनिड पूर्वज आसानी से चबाने वाले भोजन का सेवन करने लगे और भोजन को काटने-पीसने और पकाने लगे तो जबड़ों और दांतों का आकार भी छोटा होता गया। लेकिन यह जाने बिना कि हम दिनभर में चबाने में कितनी ऊर्जा खर्च करते हैं, यह बता पाना मुश्किल है कि क्या वाकई ऊर्जा की बचत ने इन परिवर्तनों में भूमिका निभाई थी। यह जानने के लिए मैनचेस्टर विश्वविद्यालय की जैविक मानव विज्ञानी एडम वैन केस्टरेन और उनके दल ने 21 प्रतिभागियों द्वारा खर्च की गई ऑक्सीजन और उत्पन्न कार्बन डाईऑक्साइड की मात्रा का मापन किया। इसके लिए प्रतिभागियों को एक हेलमेट जैसा यंत्र पहनाया गया था। फिर उन्हें 15 मिनट तक चबाने के लिए चुइंगम दी। यह चुइंगम स्वादहीन, गंधहीन और कैलोरी-रहित थी। ऐसा करना जरूरी था अन्यथा पाचन तंत्र सक्रिय होकर ऊर्जा की खपत करने लगता। चबाते समय प्रतिभागियों द्वारा प्रश्वासित वायु में कार्बन डाईऑक्साइड का स्तर बढ़ा हुआ पाया गया। यह दर्शाता है कि चबाने पर शरीर ने अधिक कार्य किया। जब चुइंगम नर्म थी तब प्रतिभागियों का चयापचय औसतन 10 प्रतिशत बढ़ा। सख्त चुइंगम के साथ चयापचय में 15 प्रतिशत तक वृद्धि देखी गई। यह प्रतिभागियों द्वारा दिन भर में खर्च की गई कुल ऊर्जा का 1 प्रतिशत से भी कम है लेकिन मापन-योग्य है। ये नतीजे साइंस एडवांसेस पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक इससे पता चलता है कि खाना पकाना और औजारों का इस्तेमाल शुरू होने से पहले आदिम मनुष्य चबाने में बहुत अधिक समय बिताते होंगे। यदि प्राचीन मनुष्य दिन भर में वर्तमान गोरिल्ला और ओरांगुटान जितना भी चबाते होंगे तो शोधकर्ताओं का अनुमान है कि वे दिन भर में खर्च हुई कुल ऊर्जा का कम से कम 2.5 प्रतिशत चबाने में खर्च करते होंगे। ये नतीजे इस विचार का समर्थन करते हैं कि चबाने में सुगमता आने से वैकासिक लाभ मिला। चबाने में लगने वाली ऊर्जा की बचत का उपयोग आराम, मरम्मत और वृद्धि जैसी अन्य चीजों पर हुआ होगा। चबाने में मनुष्यों द्वारा खर्च होने वाली ऊर्जा गणना से अन्य होमिनिड्स के विकास के बारे में भी एक झलक मिल सकती है। मसलन 20 लाख से 40 लाख साल पूर्व रहने वाले ऑस्ट्रेलोपिथेकस के दांत आधुनिक मनुष्यों की तुलना में चार गुना बड़े थे और उनके जबड़े विशाल थे। वे चबाने में अधिक ऊर्जा लगाते होंगे। अन्य शोधकर्ता इस बात से सहमत नहीं है कि सिर्फ ऊर्जा की बचत ने जबड़ों और दांत के विकास का रुख बदला। इसमें अधिक महत्वपूर्ण भूमिका अन्य कारकों की हो सकती है, जैसे ऐसे आकार के जबड़े विकसित होना जो दांतों के टूटने या घिसने की संभावना कम करते हों। प्रा तिक चयन में संभवतरू ऊर्जा दक्षता की तुलना में दांतों की सलामती को अधिक तरजीह मिली होगी, क्योंकि दांतों के बिना भोजन खाना मुश्किल है, और ऊर्जा मिलना भी।

**...स्रोत फीचर्स**

# न्याय की कछुआ चाल और बढ़ते महिला अपराध



**योगेश कुमार गोयल**




प्रतिवर्ष 8 मार्च को महिलाओं के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने और उनके अधिकारों पर चर्चा करने के लिए 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया जाता है। 8 मार्च 1975 से ही दुनियाभर में यह दिवस प्रतिवर्ष अलग-अलग थीम के साथ मनाया जा रहा है। इस दिन महिलाओं के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अधिकारों के संबंध में चर्चा करते हुए उनकी प्रगति के विविध पहलुओं पर भी विमर्श किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के लिए इस साल की थीम है 'अधिकार, न्याय और कार्रवाई सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए', जो महिलाओं के लिए नए अवसर सृजित करने और लैंगिक समानता को तेजी से लागू करने पर केंद्रित है। संयुक्त राष्ट्र महिला के अनुसार दुनिया कई संकटों का सामना कर रही है, जिसमें भू-राजनीतिक संघर्षों से लेकर गरीबी के बढ़ते स्तर और जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव शामिल हैं। इन चुनौतियों का समाधान केवल महिलाओं को सशक्त बनाने वाले समाधानों से ही किया जा सकता है। महिलाओं में निवेश करके हम बदलाव ला सकते हैं और सभी के लिए एक स्वस्थ, सुरक्षित और अधिक समान दुनिया की दिशा में बदलाव को गति दे सकते हैं।

पिछले 50 वर्षों से प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महिला दिवस का आयोजन किया जा रहा है लेकिन महिलाओं के प्रति अपराधों के दृष्टिकोण से देखें तो चिंता की बात यही है कि इतने वर्षों में भी महिलाओं की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। जब हम महिलाओं के साथ लगातार सामने आती अपराधों की घटनाओं को देखते हैं तो सिर शर्म से झुक जाता है। वर्तमान सदी को महिलाओं के लिए समानता सुनिश्चित करने वाली सदी बनाने का आग्रह करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस कह चुके हैं कि न्याय, समानता तथा मानवाधिकारों के लिए लड़ाई तब तक अधूरी है, जब तक महिलाओं के साथ लैंगिक भेदभाव जारी है। हालांकि महिलाएं आज विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के झंडे गाड़ रही हैं किन्तु दूसरी ओर यह भी कटु सत्य है कि महिला सुरक्षा के लाख दावों के बावजूद उनके साथ अत्याचार के मामलों में कमी नहीं आ रही है। संयुक्त राष्ट्र महिला के आंकड़ों के अनुसार विश्वभर में 15-19 आयु वर्ग की करीब डेढ़ करोड़ किशोर लडकियां जीवन में कभी न कभी यौन उत्पीड़न का शिकार होती हैं, करीब 35 फीसदी महिलाओं और लड़कियों को अपने जीवनकाल में शारीरिक एवं यौन हिंसा का सामना करना पड़ता है, हिंसा की शिकार 50 फीसदी से अधिक महिलाओं की हत्या उनके परिजनों द्वारा ही की जाती है, वैश्विक स्तर पर मानव तस्करी के शिकार लोगों में 50 फीसदी व्यस्क महिलाएं हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार प्रतिदिन तीन में से एक महिला किसी न किसी प्रकार की शारीरिक हिंसा का शिकार होती है। एक चौंकाने वाले अध्ययन में 78.4 फीसदी महिलाओं ने स्वीकार किया कि उन्होंने सार्वजनिक स्थल हिंसा झेली है। करीब 68 फीसदी महिलाओं ने माना कि उन्होंने सार्वजनिक परिवहन में सफर करते समय हिंसा का अनुभव किया और इनमें से 38.5 फीसदी महिलाएं ऐसी हिंसा चुपचाप सह गई क्योंकि उन्हें पता ही नहीं था कि उन्हें क्या करना है। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को इसी से समझा जा सकता है कि महिला सुरक्षा के लिए बने तमाम कानूनों के बावजूद अपराधियों के हौंसले इतने बुलंद हैं कि वे महिला पुलिसकर्मियों तक से छेड़छाड़ और उन पर हमला करने से भी नहीं डरते।

समूची मानवता को शर्मसार करती महिलाओं के साथ अपराध की घटनाएं सिस्टम पर भी गंभीर सवाल खड़े करती हैं। बहुत से मामले ऐसे होते हैं, जिनकी चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर नहीं हो पाती और उनमें से अधिकांश मामले इसी का फायदा उठाकर दबा दिए जाते हैं तथा पीड़िताएं और उनके परिवार भय के साए में घुट-घुटकर जीने को विवश होते हैं। वर्ष 2012 में निर्भया कांड के बाद देशभर में सड़कों पर महिलाओं के आत्मसम्मान के प्रति जिस तरह की जन-भावना और युवाओं का तीखा आक्रोश देखा गया था, तब लगने लगा था कि समाज में इससे संवदेनशीलता बढ़ेगी और ऐसे कृत्यों में लिप्त असामाजिक तत्वों के हौंसले पस्त होंगे लेकिन यह सामाजिक विडम्बना ही है कि समूचे तंत्र को झकझोर देने वाले निर्भया कांड के बाद भी हालात बदतर ही हुए हैं। ऐसी कोई भी वीभत्स घटना सामने आने के बाद हर बार एक ही सवाल खड़ा होता है कि आखिर भारतीय समाज में कब और कैसे मिलेगी महिलाओं को सुरक्षा? कब तक महिलाएं घर से बाहर कदम रखने के बाद इसी प्रकार भय के साए में जीने को विवश रहेंगी? चिंता की बात यह है कि महिला अपराधों के मामलों में साल दर साल स्थिति बदतर होती जा रही है और अपराधियों को सजा मिलने की दर बेहद कम है।

कानून व्यवस्था और न्याय प्रणाली में ढ़ीलेपन का ही नतीजा है कि समाज में महिलाओं के प्रति अपराधियों के हौंसले बुलंद नजर आते हैं। अहम प्रश्न यही है कि निर्भया कांड के बाद कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर कई तरह के कदम उठाने और समाज में आधी दुनिया के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों या छेड़छाड़ अथवा मर्यादा हनन या फिर अपहरण अथवा क्रूरता, 'आधी दुनिया' के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# लंबी जंग लड़ने के लिए ईरान पूरी तरह तैयार

## IRGC ने दी अमेरिका-इजरायल को नए हथियारों की चेतावनी, कहाः मिलेगी दर्दनाक चोट

**तेहरान।** अमेरिका-इजरायल की ईरान के साथ जंग का आज सातवां दिन है। इस बीच गुरुवार रात को ईरान ने इजरायल पर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी, जिसमें क्लस्टर बम लगे थे। इस बीच ईरान ने साफ कर दिया है कि वह एक 'लंबी लड़ाई' के लिए पूरी तरह से तैयार है।

इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गाड्र्स कार्प्स (आईआरजीसी) के प्रवक्ता ने चेतावनी दी है कि ईरान जल्द ही ऐसे उन्नत हथियार पेश करने वाला है, जिनका अभी तक जंग में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल नहीं किया गया है। आईआरजीसी के ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नैनी ने एक बयान में कहा कि ईरान के दुश्मनों को 'आने वाली हमलों की नई लहर में दर्दनाक प्रहारों' के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईरान की नई पहलें और हथियार रास्ते में हैं। यह बयान ईरान की सैन्य तैयारी और भविष्य की रणनीतियों को दर्शा रहा है। प्रवक्ता ने इस बात पर जोर दिया कि ये नई टेक्नोलाजी अभी तक बड़े पैमाने पर तैनात नहीं की गई हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि ईरान के पास ऐसे सैन्य संसाधन हैं, जिनका खुलासा अभी तक नहीं किया गया है। ऐसे में अब ईरान उनका इस्तेमाल संघर्ष में एक नया मोड़ लाने के लिए कर सकता है।



■ संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख ने ईरान के स्कूल में हुए हमले की जल्द जांच कराने की अपील की

नैनी ने यह भी कहा कि ईरान पिछले साल अमेरिका और इजरायल द्वारा शुरू किए गए 12-दिवसीय युद्ध की तुलना में अब अधिक तैयार है। उन्होंने वर्तमान सैन्य टकराव को 'पवित्र और वैध युद्ध' बताया, जो ईरान के अपने बचाव के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। ईरान के हमले में कुवैत के 67 जवान घायल हो गए हैं। वहीं सैकड़ों मिसाइलें और ड्रोन टारगेट पर पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिए हैं। कुवैत के सरकारी संचार केंद्र की एक ब्रीफिंग में शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता सऊद अल-अतवान ने कहा कि घायल लोगों का अस्पताल में इलाज जारी है और उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने आगे कहा कि दो लोगों को अभी भी मेडिकल निगरानी में रखा गया है। ईरान ने इजरायल पर क्लस्टर बम गिराए हैं। जिसका वीडियो सामने आया है। गुरुवार रात कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक इनमें क्लस्टर बम लगे थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक बैलिस्टिक मिसाइलें जब जमीन की तरफ गिरती है तो उसका वारहेड ऊपर ही हवा में ही खुल जाता है और 20 से ज्यादा छोटे बम अलग-अलग होकर नीचे गिरते हैं। जिसको काबू करना आसान नहीं होता। वहीं संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने ईरान के स्कूल में हुए हमले की जल्द जांच कराने की अपील की। इस हमले में 175 लोगों की मौत हो गई थी। तुर्क ने जिनेवा में पत्रकारों से बातचीतमें कहा कि अमेरिका ने इस हमले की जांच की घोषणा की है। संयुक्त राष्ट्र चाहता है कि यह जांच जल्द, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से पूरी की जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि जांच तेजी से होनी चाहिए। इसके साथ ही हमले के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। पीड़ितों को न्याय और उचित मुआवजा भी मिलना चाहिए। इस बीच, अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका मिनाब में हुए इस हमले की जांच कर रहा है।



**जम्मू-कश्मीर। बडगाम में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में प्रदर्शन के दौरान उनकी तस्वीरें लिए खड़ी महिलाएं।**

### अलगाववादी कुर्द समूहों ने ईरान में प्रवेश किया, तो सारे ठिकाने तबाह कर दिए जाएंगेः ईरान

**तेहरान।** ईरान के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने इराक के कुर्द अलगाववादी समूह को चेतावनी दी है कि अगर वे ईरान में प्रवेश करने का प्रयास करेंगे तो कुर्दिस्तान में उनकी सभी सुविधाओं को निशाना बनाया जाएगा। रक्षा परिषद में ईरानी सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि अली अकबर अहमदीन ने यह टिप्पणी उन खबरों के बीच की है, जिनमें कहा गया है कि अमेरिका ईरान-इराक सीमा के पास पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित कुर्द और ईरानी अलगाववादी समूहों का उपयोग उसके खिलाफ जमीनी हमले के लिए करना चाहता है।

## संक्षिप्त समाचार

### कतर में भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच दोहा में भारतीय दूतावास ने अपने नागरिकों के लिए वीजा, ट्रांजिट और और सऊदी अरब के बाहर यात्रा को लेकर जानकारी दी। दूतावास ने आज एक एडवाइजरी में बताया कि कतर में ट्रांजिट के दौरान फंसे भारतीय नागरिकों के लिए एक पंजीकरण लिंक खोला गया है। इस लिंक के जरिये उन्हें सऊदी अरब के लिए अस्थायी ट्रांजिट वीजा हासिल करने में मदद मिलेगी। दूतावास ने कहा कि यह सुविधा केवल उन भारतीय नागरिकों के लिए है, जो इस समय कतर में ट्रांजिट के दौरान फंसे हुए हैं और जिनके पास सऊदी अरब से आगे यात्रा के लिए कन्फर्म टिकट हैं।

### आर्थिक मुद्दों पर रूस-अमेरिका के बीच चर्चाः रयाबकोव

**मॉस्को।** रूस और अमेरिका आर्थिक मुद्दों पर गठित कार्य समूह के तहत संयुक्त फंड बनाने की संभावनाओं पर चर्चा कर रहे हैं। यह बातचीत गोपनीय तरीके से चल रही है। रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने स्पुतनिक से बातचीत में कहा कि इस प्रारूप में हो रही बातचीत गोपनीय है और इसमें संयुक्त फंड बनाने तथा अन्य द्विपक्षीय परियोजनाओं को लागू करने की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस संवाद में अन्य बातों के साथ संयुक्त फंड स्थापित करने और विभिन्न द्विपक्षीय परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के विकल्पों पर चर्चा हो रही है।

### रूस के सोची शहर में 4.5 तीव्रता का भूकंप कोई नुकसान नहीं

**सोची।** रूस में काला सागर के तट पर स्थित शहर सोची में शुक्रवार तड़के 4.5 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। हालांकि स्थानीय प्रशासन के अनुसार इस भूकंप से किसी तरह के नुकसान या जनहानि की सूचना नहीं है। शहर के मेयर आंद्रेई प्रोशुनिन ने बताया कि भूकंप के झटके सुबह महसूस किए गए। उन्होंने अपने टेलीग्राम संदेश में कहा, षरिक्टर पैमाने पर 4.5 तीव्रता का भूकंप आज सुबह सोची में आया।

### अनिता शुक्ला इक्वाडोर की राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा की वरिष्ठ अधिकारी अनिता शुक्ला को इक्वाडोर में भारत में का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है जबकि फिजी में उच्चायुक्त सुनीत मेहता को टोंगा के उच्चायुक्त का भी प्रभार दिया गया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि सुशुक्ला अभी मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं और उनके शीघ्र ही इक्वाडोर में भारत के राजदूत का कार्यभार संभालने की संभावना है। वर्ष 2007 बैच के अधिकारी मेहता अभी फिजी में भारत के उच्चायुक्त हैं।

### ईरानी उप विदेश मंत्री डॉ. सईद ने दिखाया डोनाल्ड ट्रम्प को आईना

# न्यूयॉर्क का मेयर चुन नहीं सकते, तेहरान पर कर रहे दावा

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजरायल के साथ बढ़ते संघर्ष के बीच ईरान के उप-विदेश मंत्री डा. सईद खतीब. जादेह ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

दिल्ली में रायसीना डायलाग 2026 में बोलते हुए उन्होंने कहा कि तेहरान के पास आक्रामक शक्तियों के खिलाफ जहां से भी अमेरिकी हमले शुरू हो रहे हैं, उन्हें निशाना बनाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इसी के साथ उन्होंने ट्रम्प पर ईरान के नए सुप्रीम नेता को लेकर दिए बयान पर भी करार हमला बोला। डा. खतीब. जादेह ने स्पष्ट किया कि अमेरिका और इजरायल की संयुक्त कार्रवाई ईरान के अस्तित्व को समाप्त करने की एक सोची-समझी साजिश है। उन्होंने इस संघर्ष को 'वीरतापूर्ण, राष्ट्रवादी युद्ध' बताया, जिसका उद्देश्य आक्रामक शक्तियों को पीछे धकेलना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान को अपनी रक्षा के लिए कड़े कदम उठाने होंगे। उप विदेश मंत्री डा. सईद खतीबजादेह ने ट्रम्प पर निशाना साधते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान में नेतृत्व परिवर्तन की मांग कर रहे हैं, जबकि वे न्यूयॉर्क के मेयर की नियुक्ति तक नहीं कर सकते। क्या आप इस औपनिवेशिक रवैये की कल्पना कर सकते हैं? एक ओर वे अपने देश में लोकतंत्र देखना चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर वे ईरान के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति को पद से हटाना चाहते हैं। ईरान के उप-विदेश मंत्री ने अमेरिका और इजरायल की कार्रवाइयों को अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और मानदंडों के खिलाफ बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ईरान की ओर से किसी भी प्रकार का उकसावा नहीं हुआ था। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर अमेरिका और इजरायल ने ईरान के खिलाफ यह आक्रामकता क्यों शुरू की, और कहा कि अमेरिकी प्रशासन से इस सवाल का जवाब अलग-अलग मिलेगा। उन्होंने इस आक्रामकता के पीछे 'सत्ता की राजनीति और 'ग्रेटर इजरायल' के भ्रम' को जिम्मेदार ठहराया। खतीबजादेह ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के अस्तित्व को समाप्त करने का फैसला किया है, जबकि इजरायल दशकों से 'ग्रेटर इजरायल' के अपने भ्रम के कारण इसका वादा करता रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान के पास फारस की खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी उपस्थिति को समाप्त करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।



■ अमेरिका और इजरायल की संयुक्त कार्रवाई ईरान के अस्तित्व को समाप्त करने की एक सोची-समझी साजिशः सईद

### कुवैत में ईरानी हमलों में अब तक 67 सैनिक घायल

**कुवैत सिटी।** ईरानी हमले में अब तक कुवैत में कुवैत सशस्त्र बल के 67 सैनिक घायल हो गए हैं। कुवैत के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता सऊद अल-अतवान ने एक बयान में कहा कि घायल सैनिकों का इलाज चल रहा है और उनकी स्थिति स्थिर है। अल-अतवान ने कहा कि कुवैती सशस्त्र बल हाई अलर्ट पर हैं। सैन्य और सुरक्षा अधिकारियों के साथ-साथ अन्य सरकारी संस्थानों के समन्वय में चौबीसों घंटे स्थिति की निगरानी की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ए उपाय देश की सुरक्षा और नागरिकों एवं निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई व्यापक राष्ट्रीय प्रणाली का हिस्सा हैं।

# ईरान मेरे बिना सुप्रीम लीडर न चुनेः ट्रम्प

**वॉशिंगटन/तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह ईरान के अगले सर्वोच्च नेता के चयन की प्रक्रिया में भूमिका निभाना चाहते हैं। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि अमेरिका और इजरायल ऐसे किसी उत्तराधिकारी को स्वीकार नहीं करेंगे जो दिवंगत नेता अली खामेनेई की नीतियों को जारी रखे। रिपोर्टों के अनुसार ट्रम्प ने कहा है कि ईरान में नेतृत्व परिवर्तन भविष्य के अमेरिका-ईरान संबंधों को तय करने में अहम भूमिका निभाएगा।

उन्होंने यह भी दावा किया कि उनके पास ऐसे संभावित उम्मीदवारों के बारे में जानकारी है जिन्हें वह 'अच्छा नेता' मानते हैं। एक साक्षात्कार में ट्रम्प ने दिवंगत अयातुल्ला खामेनेई के बेटे मोजतबा खामेनेई को संभावित उत्तराधिकारी के रूप में खारिज करते हुए कहा कि खामेनेई का बेटा हल्का नेता है। मुझे नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल होना होगा। उन्होंने वेनेजुएला का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां सत्ता परिवर्तन के बाद डेल्सी रोड्रिगेज के नेतृत्व से अमेरिका को रणनीतिक लाभ मिला और वह ईरान में भी ऐसा ही परिणाम देखना चाहते हैं। ईरान में सर्वोच्च नेता के चयन की संवैधानिक प्रक्रिया धार्मिक विद्वानों की संस्था विशेषज्ञों की सभा के माध्यम से होती है। यह नए नेता की नियुक्ति करती है। इस बीच, ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान ने युद्ध खत्म करने के लिए एक समझौता करने की उम्मीद में संपर्क किया है। सीएनएन ने बताया कि ईरानी इंटेलिजेंस अमेरिका के साथ युद्ध खत्म करने पर बातचीत कर रही है, लेकिन अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि कोई बातचीत नहीं चल रही है और निकट भविष्य में संभावित 'बाहर निकलने का रास्ता' बनने की उम्मीद कम है। इसी बीच कुछ मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि युद्ध समाप्त करने के विकल्पों पर ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष संपर्क की संभावना पर चर्चा हो रही है। हालांकि अमेरिकी अधिकारियों ने औपचारिक वार्ता से इनकार किया है।



■ अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहाः सिलेक्शन में अमेरिका का रोल जरूरी खामेनेई का बेटा मंजूर नही

### हूती समूह ने ईरान को समर्थन देने की घोषणा की

**साना।** यमन के हूती समूह के नेता अब्दुल मलिक अल-हूती ने कहा है कि वे ईरान के साथ खड़े हैं और जरूरत पड़ने पर कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हूती नियंत्रित 'अल-मसीरा' टीवी चैनल पर प्रसारित एक टेलीविजन भाषण में मलिक ने गुरुवार को कहा कि अगर घटनाक्रम की मांग हुई, तो किसी भी क्षण हमारी उंगलियां ट्रिगर पर होंगी। उन्होंने इसे केवल किसी एक पक्ष के संघर्ष के बजाय 'पूरे देश की लड़ाई' बताया है। हुती नेता ने कहा कि इजरायल और उसके तमाम साथियों का इरादा बिना किसी नियंत्रण, प्रतिबंध या प्रतिबद्धता के देश के स्वतंत्र लोगों के खिलाफ खुली जंग छेड़ना है। मलिक ने चेतावनी दी कि 'दुश्मन' ठिकानों की एक सूची तैयार कर रहा है और कुछ अरब देशों से वित्तीय सहायता मांग रहा है तथा हथियारों का जखीरा जमा कर रहा है। उन्होंने अपने समर्थकों से शुक्रवार को एक साथ आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस संवेदनशील समय में एक महत्वपूर्ण संदेश होगा और इसका उद्देश्य ईरानी जनता के प्रति यमनी लोगों के पूर्ण समर्थन की पुष्टि करना है। इससे पहले गुरुवार को, यमन के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत हैंस ग्रंडबर्ग ने यमन को क्षेत्रीय टकरावों के एक नए चक्र में घसीटे जाने से बचाने के महत्व

# पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर दक्षिण कोरिया यूएई से 60 लाख बैरल तेल खरीदेगा

**सोल।** दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख कांग हून-सिक ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर जहाजों के आवागमन में व्यवधान के मद्देनजर दक्षिण कोरिया संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से 60 लाख बैरल कच्चे तेल की आपातकालीन आपूर्ति करेगा।

कांग ने कहा कि स्थिर ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रपति ली जे-म्युंग की ओर से यूएई अधिकारियों के साथ हुई चर्चा के दौरान इसे अंतिम रूप प्रदान किया गया। कांग ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रपति की ओर से हमने यूएई नेतृत्व के साथ तेल आयात को सुरक्षित करने के उपायों पर चर्चा की जिसमें 60 लाख बैरल की आपातकालीन आपूर्ति की पुष्टि हो गई। अधिकारी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य प्रभावी रूप से बंद है और कई टैंकर मार्ग की मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं।

■ राष्ट्रपति की ओर से हमने यूएई नेतृत्व के साथ तेल आयात को सुरक्षित करने के उपायों पर चर्चा की

उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया के आयातित तेल का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा इसी जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है इसलिए सरकार ने तेल एवं गैस संकट के खतरे का स्तर बढ़ाकर 1 यानि 'सतर्क' कर दिया है। कांग ने कहा कि इस समझौते के अंतर्गत दक्षिण कोरिया के दो टैंकर जिनमें से प्रत्येक की क्षमता 20 लाख बैरल है बारी-बारी से यूएई के बंदरगाहों पर माल भरने के लिए रवाना होंगे और जलडमरूमध्य को बाईपास करेंगे। उन्होंने कहा कि यूएई की सरकारी तेल कंपनी बंदरगाह के भंडारण से लगभग 40 लाख बैरल तेल स्थानांतरित करेगी जिसके बाद जहाज दक्षिण कोरिया लौट आएंगे। इसके अलावा, अधिकारी ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात ने दक्षिण कोरिया के संयुक्त रणनीतिक भंडारण से 20 लाख बैरल तेल देने का वादा किया है। इस प्रकार, 60 लाख बैरल की आपातकालीन आपूर्ति से ऊर्जा आपूर्ति एवं ईंधन बाजारों में स्थिरता आने की उम्मीद है, जो दो दिनों से अधिक की राष्ट्रीय खपत के बराबर है।

# देवदूत बनीं भारतीय नर्सें, संघर्ष के साये में निभा रहीं कर्तव्य

**कुवैत।** पश्चिम एशिया में ज्यादातर देशों में संघर्ष का साया छाया हुआ लेकिन ऐसे समय में भी भारतीय नर्सों की सेवा और समर्पण में कोई कमी नहीं आई है। इनका काम राजनीतिक या सैन्य तनाव के बावजूद हमेशा की तरह बदस्तूर जारी है। 1990 के दशक का कुवैत युद्ध हो, 2003 का इराक युद्ध, सीरिया या मिस्र के गृह युद्ध या पश्चिम एशिया में जारी मौजूदा संघर्ष, भारतीय नर्सें हमेशा देवदूत बनकर अपना कर्तव्य निभाती रही हैं।

इसकी मिसाल कुवैत शहर से करीब 32 किलोमीटर पश्चिम में इराक सीमा के पास भट्टी की तरह तप रहे अल जाहरा में दिख जाता है। इस जगह को धरती पर सबसे गर्म जगहों में एक माना जाता है और यहां का तापमान 53 डिग्री सेल्सियस से भी अधिक हो जाता है। केरल की एक नर्स जैसमीन थॉमस (बदला हुआ नाम) अपने भारतीय साथियों के साथ अल जाहरा के एक छोटे से क्लिनिक में आम दिनों की तरह काम कर रही थी। कुछ ही घंटों बाद क्लिनिक के ऊपर आसमान में मिसाइलें और ड्रोन उड़ते नजर आने लगे। देखते-देखते रुक-रुक कर धमाके होने लगे। धमाकों की तीव्रता बढ़ने पर जैसमीन और उनके साथी भागकर अपने हास्टल में शरण लेते हैं। हास्टल में वे सब हालात के सामान्य होने का इंतजार करते रहे। कर्तव्य और अपनी सुरक्षा के बीच संतुलन बनाने की मशक्कत करते हुए जैसमीन और उनके साथी सोमवार को फिर से अपने काम पर लौट आएं लेकिन इस बार क्लिनिक में वे सब थे लेकिन मरीज नहीं। यह घटना भारतीय नर्सों के साहस, धैर्य और जिम्मेदारी को दिखाता है। ये ऐसी विशेषता है जो इस क्षेत्र में काम करने वाली भारतीय नर्सों को अन्य लोगों से अलग पहचान दिलाती है। जैसमीन और ईरान में फंसी केरल की एक नर्स के अलावा ज्यादातर नर्सों ने कहा कि हम सुरक्षित हैं। संयुक्त अरब अमीरात में कार्यरत एक भारतीय स्वास्थ्यकर्मी ने कहा कि हमें बीच-बीच में चेतावनी सायरन सुनाई देते हैं लेकिन इसके अलावा अभी कोई खतरा महसूस नहीं हुआ है। अस्पताल सामान्य तरीके से काम कर रहे हैं। सरकार हमलों को रोक रही है। कुवैत में कार्यरत एक नर्स ने भी यही बात कही और कहा कि अभी भारतीय प्रवासियों के लिए चिंता की कोई वजह नहीं है। कई लोगों के लिए, मैसेज एक जैसा है। सऊदी अरब में कार्यरत एक अन्य नर्स ने कहा कि हम पूरी तरह से सुरक्षित हैं। मीडिया के कुछ हिस्सों में जैसा दिखाया जा रहा है, उसके उलट। ड्रोन हमले हो रहे हैं, लेकिन देश अपना बचाव कर रहा है और हमारी सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है।

■ कुछ ही घंटों बाद क्लिनिक के ऊपर आसमान में मिसाइलें और ड्रोन उड़ते नजर आने लगे, देखते-देखते रुक-रुक कर धमाके होने लगे



### सैन्य संघर्ष अब आक्रामक और विनाशकारी चरण में

# ईरान पर हमले का सातवां दिन

**तेहरान।** अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर छेड़े गए युद्ध के सातवें दिन हवाई हमले काफी तेज हो गए हैं। यह सैन्य संघर्ष अब एक ऐसे आक्रामक और विनाशकारी चरण में प्रवेश कर चुका है जहां सैन्य ठिकानों के साथ-साथ नागरिक संपत्तियों को भी व्यापक स्तर पर निशाना बनाया जा रहा है।

आइए इस युद्ध के ताजा जमीनी हालात, आंकड़ों पर आधारित विश्लेषण, क्षेत्रीय प्रभाव और भविष्य के आउटलुक को सवाल-जवाब के जरिए विस्तार से समझते हैं। ईरान की राजधानी तेहरान और अन्य प्रमुख शहरों पर हवाई हमलों की एक नई और भयंकर लहर शुरू हो गई है। तेहरान विश्वविद्यालय के आसपास और आवासीय क्षेत्रों सहित कई स्थानों पर रात भर बड़े विस्फोट हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, तेहरान के पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में बमबारी पहले के दिनों के मुकाबले कहीं अधिक तीव्र रही है। इसके अलावा, शिराज, इस्फ़हान और मिसाइल ठिकानों वाले करमनशाह में भी भारी विस्फोटों की सूचना मिली है। शिराज के जीबाशहर इलाके में हुए एक बड़े हमले में 20 लोगों की जान चली गई और 30 अन्य घायल हो गए। गठबंधन सेनाओं ने ईरान के शासन के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाते हुए युद्ध के एक नए चरण की शुरुआत की है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकाम) के प्रमुख एडमिरल ब्रैड कूपर के अनुसार, बी-2 स्टील्थ बाम्बर्स ने ईरान के भीतर गहराई में स्थित बैलिस्टिक मिसाइल लान्चर्स को नष्ट करने के लिए दर्जनों 2000 पाउंड के 'पेनिट्रेटर' बम गिराए हैं। अमेरिका ने ईरान की 'स्पेस कमांड' के समकक्ष ठिकानों पर भी सटीक हमला किया है ताकि उनकी क्षमता को कमजोर किया जा सके। इसके समानांतर, इजरायल की वायु सेना ने 6 ईरानी मिसाइल लान्चर्स और तीन उन्नत रक्षा प्रणालियों को नष्ट करने का दावा किया है। अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने संकेत दिया है कि बमबारी में भारी वृद्धि होने वाली है, जिसके तहत आगे 'अधिक फाइटर स्क्वाड्रन' और 'अधिक बाम्बर पल्स' का इस्तेमाल किया जाएगा। ईरान में मानवीय संकट के आंकड़े चिंताजनक हैं। ईरानी रेड क्रिसेंट के अनुसार, अब तक मरने वालों की कुल संख्या 1332 के पार पहुँच गई है। सबसे दुखद यह है कि इनमें 181 बच्चे शामिल हैं। यूनिसेफ के अनुसार, 175 बच्चे युद्ध के पहले दिन मीनाब में एक लड़कियों के प्राथमिक स्कूल पर हुए हमले में मारे गए थे।



■ अब तक 1332 मौतें, करीब 3643 सार्वजनिक संपत्तियां खाक

### विदेशी मुद्रा भंडार 728.494 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार में तेज उछाल से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 4.885 अरब डॉलर बढ़कर 728.494 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इससे पहले 20 फरवरी को समाप्त सप्ताह में यह 2.119 अरब डॉलर घटकर 723.608 अरब डॉलर रह गया था। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश के स्वर्ण भंडार में 4.141 अरब डॉलर की वृद्धि हुई और सप्ताहांत पर यह 131.63 अरब डॉलर पर रहा जो चार सप्ताह का उच्चतम स्तर है। विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 56.1 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी रही और यह 573.125 अरब डॉलर हो गया। इसमें अमेरिका डॉलर के अलावा यूरो, जापानी येन और ब्रितानी पाउंड भी शामिल हैं जिनके मूल्य का निर्धारण डॉलर की तुलना में उनके संदर्भ दर के आधार पर होता है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 15.8 करोड़ डॉलर और विशेष आहरण अधिकार 2.6 करोड़ डॉलर बढ़ा तथा क्रमशः 4.873 अरब डॉलर और 18.866 अरब डॉलर हो गया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108